धनबाद, शनिवार 29.06.2024
मूल्य- ₹ 3
वर्ष-30 अंक-128 पृष्ठ- 12
आषाढ़ कृष्ण पक्ष-8
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक
# बिहार ऑबजर्वर



# थाना प्रभारी ने अधिवक्ता से कहा रंगदारी दो नहीं तो उत्तम आनंद के तरह कुचलवा देंगे

## न्यायालय में अधिवक्ता अंजन सिन्हा ने जोरापोखर थाना प्रभारी और मुंशी पर मामला दर्ज करवाया







**धनबाद (वि.सं.):** शुक्रवार को न्यायिक दंडाधिकारी नूतन एक्का के न्यायालय में परिवाद संख्या-१०२००/२०२४ दायर कराते हुए अधिवक्ता अंजन कुमार सिन्हा ने न्यायालय को कहा है कि जोरापोखर के थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने उन्हें धमकाया है कि रंगदारी का पैसा हमलोगों को दे दो वरना जब उत्तम आनंद हत्याकांड का हवाला देते हुए धमकी दी कि कुचलवा देंगे सब वकालतगिरि भूल जाओगे।

न्यायालय में अधिवक्ता श्री सिन्हा ने थाना प्रभारी सहित मुंशी राजेश कुमार और ठेकेदार का मुंशी झा जी के विरूद्ध धारा ३२३, ३४१, ३८१, ३८४, ३८५, ४५७, ३८६, ४९९, ५०४, ५०६, १२० बी. भादवि के तहत न्यायालय में दायर करते हुए कहा है कि जोरापोखर थानान्तर्गत खाता नं.-८३२, प्लॉट नं.-२७८९ सवा दो डिसमिल जमीन जिस पर मकान बना हुआ है।

शारदा सिंह से मुख्तारनामा से अधिवक्ता अंजन कुमार सिन्हा को प्राप्त हुआ है। अधिवक्ता ने आरोप लगाया है कि थाना प्रभारी राजेश प्रसाद सिन्हा थाना के आड़ में वादी का भूमि और मकान का घेराबंदी करवाकर, डरा-धमका कर मुद्रा दोहन में लगे हैं तथा वर्दी का दुरूपयोग कर रहे हैं।

अधिवक्ता ने कहा कि उस मकान में मेरा सामान, आभूषण और दस्तावेज रखा हुआ है। उन्होंने कहा कि २५.२.२०२४ को परिवादी से पता चला कि उनकी भूमि और मकान की घेराबंदी अभियुक्ता संख्या-१ थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा द्वारा करवाया जा रहा है।

उन्होंने कहा है कि मैंने ठेकेदार के मुंशी झा जी को घेराबंदी करने से मना किया लेकिन नहीं माने।

### रैयती जमीन पर बनी अधिवक्ता के मकान को अवैध ढंग से घेराबंदी का मामला तूल पकड़ा

अधिवक्ता श्री सिन्हा ने कहा है कि उक्त भूमि और मकान का जांच जोरापोखर के पूर्व थाना प्रभारी २०१२ में झरिया अंचल अधिकारी से करवाया था और सीओ ने एनओसी दिया था।

श्री सिन्हा ने अपने शिकायतवाद में कहा है कि ठेकेदार के मुंशी झा जी ने ५०-५० हजार रुपया हमलोगों को देना होगा। अधिवक्ता श्री सिन्हा ने कहा है कि ७.३.२०२४ को आरटीआई के नोटिस थाना प्रभारी को दिया गया लेकिन कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि १२.६.२४ को वकालतन नोटिस दिए तो उसका भी जवाब नहीं दिए। वह न्यायालय से भी अपने को श्रेष्ठ समझते हैं।

उन्होंने कहा कि अधिवक्ता संजय तिवारी ने ७.३.२४ को सूचना के अधिकार अधिनियम २००५ के तहत वैध दस्तावेज लगाकर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा को भेजा था। इसके बाद भी थाना प्रभारी ने अधिवक्ता के घर को तारों से रात्रि में घेरवा दिया।

उन्होंने कहा है कि जोरापोखर थाना में पदस्थापित एएसआई हर्ष मनिराम के विरूद्ध वाद संख्या-१५२६७/२३ में मन्नत कुमार दास की ओर से अधिवक्ता नियुक्त है। पुलिस हर्ष मनिराम के इशारे पर मुझे थाना प्रभारी विभिन्न तरीकों से धमकी दे रहे हैं और मान-सम्मान के साथ खिलवाड़ किया। पूर्व में राष्ट्रीय मानवाधिकार को लिखित सूचना दिया जा चूका है। मानवाधिकार के पत्र का भी जवाब उन्होंने नहीं दिया। श्री सिन्हा ने कहा है कि उनके वकालतन नोटिस १२.६.२४ को थाना प्रभारी श्री सिन्हा को भेजे जाने के बाद अभियुक्तगण विभिन्न तरीकों से अधिवक्ता अंजन कुमार सिन्हा को जान मारने और झूठे मामले में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। अधिवक्ता श्री सिन्हा ने कहा कि थाना प्रभारी ने अपशब्द बोलते हुए कहा है कि रंगदारी का पैसा हमलोगों को दे दो वरना जब उत्तम आनंद का हवाला देते हुए कहा है कहीं भी कुचलवा देंगे सब वकालतगिरि भूल जाओगे। इस मामले में थाना प्रभारी का पक्ष लेने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे सम्पर्क नहीं हो सका।

# घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, राज्यकर्मियों का महंगाई भत्ता बढ़ा

**40 प्रस्तावों पर लगी मुहर ● 21 से 50 वर्ष की गरीब महिलाओं को मिलेगा एक हजार प्रतिमाह ● 45 लाख महिलाओं को मिलेगा इसका सीधा फायदा**




**रांची (ससे):** राज्य की चंपाई सोरेन सरकार ने अपना खजाना गरीब, ग्रामीण, महिलाओं और पुलिस सेवा के अफसर-कर्मियों के लिए खोल दिया है. मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई. राज्य सरकार ने सभी २१ से ५० वर्ष के सभी वर्ग की महिलाओं को उनके पोषण एवं दवाई खर्च के लिए प्रति माह उनके खाते में एक हजार रुपए देगी. सरकार ने एक नयी मुख्यमंत्री बहन-बेटी (मई-कुई) स्वालंबन प्रोत्साहन योजना पर मुहर लगा दी है. इसके तहत राज्य के ४५ लाख महिलाओं को सीधा फायदा होगा. इस पर सरकार प्रति वर्ष ५५०० करोड़ रुपए का बोझ बढ़ेगा.

इसके अतिरिक्त सरकार ने आयुष्मान कार्ड से वंचित ४४ लाख परिवारों को एक नयी अबुआ हेल्थ स्कीम योजना शुरू की है. अभी ३३.४४ लाभुक परिवारों पांच लाख तक नि:शुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ दे रही है. जिसमें आयुष्मान कार्ड धारी भी शामिल हैं. मगर करीब ४५ प्रतिशत सदस्य ऐसे हैं जो इस योजना से लाभान्वित नहीं हो रहे हैं. अतः सरकार अब अब ४४ लाख परिवारों को स्वास्थ्य स्कीम की राशि ५ लाख से बढ़ाकर १५ लाख रुपए कर रही है. जिसे अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का नाम दिया गया है.

**41.4 लाख कंज्यूमरों मिलेगी 200 यूनिट फ्री बिजली**

सरकार ने एक अहम निर्णय लेते हुए पहले से संचालित १२५ यूनिट फ्री बिजली लाभ योजना का दायरा बढ़ाते हुए २०० यूनिट तक कर दिया है. अभी १२५ यूनिट फ्री बिजली का लाभ ▶▶ 4

# हेमंत सोरेन 5 महीने बाद जेल से बाहर आए

## झारखंड हाईकोर्ट ने जमानत देते हुए कहा- मनी लॉन्ड्रिंग केस में शामिल होने के ठोस सबूत नहीं



**रांची (ईएमएस):** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन शुक्रवार २८ जून को रांची की बिरसा मुंडा जेल से बाहर आ गए हैं। जेल के बाहर समर्थकों ने उनका स्वागत किया। उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी उन्हें लेने के लिए जेल पहुंची थीं। शुक्रवार सुबह जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाईकोर्ट से उन्हें जमानत मिली है। हाईकोर्ट ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग केस में शामिल होने के ठोस सबूत नहीं मिले हैं।

हेमंत सोरेन को जमानत देते हुए हाईकोर्ट ने कहा है कि सोरेन पीएमएलए एक्ट के तहत जमानत की दोनों शर्तों को पूरा करते हैं। अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया, वह दोषी नहीं हैं और जमानत पर रिहा किए जाने दौरान याचिकाकर्ता द्वारा कोई अपराध किए जाने की कोई आशंका नहीं है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में ३१ जनवरी को गिरफ्तार किया था। ▶▶ 4

# संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का जोरदार प्रदर्शन

## संसद में बेहोश हुईं कांग्रेस सांसद, अस्पताल में कराया गया भर्ती, कांग्रेस का आरोप- सरकार तानाशाही कर रही, लोकसभा 1 जुलाई तक स्थगित

**नई दिल्ली (ईएमएस):** संसद सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को नीट मुद्दे के चलते दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में कार्यवाही हंगामे के चलते १ जुलाई तक स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में कार्यवाही रुक-रुककर चलती रही। इस बीच नीट मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहीं कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम को चक्कर आ गया। उन्हें संसद से आरएमएल हॉस्पिटल ले जाया गया। उधर, लोकसभा में जाने से पहले राहुल गांधी ने कहा कि मैं पीएम से रिक्वेस्ट करता हूं कि नीट मामले पर रिस्पेक्टफुली चर्चा करें। देश के युवा घबराए हुए हैं। उन्हें नहीं पता क्या होने वाला है। संसद से यह मैसेज जाना चाहिए कि सरकार और विपक्ष उनकी चिंताओं को लेकर एक साथ हैं।



विपक्ष नीट पर चर्चा की मांग को लेकर स्थगन प्रस्ताव लाया था। लोकसभा स्पीकर ने कहा कि नियमों के मुताबिक राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद के बीच स्थगन प्रस्ताव नहीं लाया जाता। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, जब नीट मुद्दे को उठा रहे थे, तो उनका माइक बंद कर दिया गया। कांग्रेस ने ये भी आरोप लगाया है कि राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खरगे का भी माइक बंद किया गया। कांग्रेस ने इसे तानाशाही करार दिया है। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक हैंडल से सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा कि जहां एक ओर नरेंद्र मोदी नीट पर कुछ नहीं बोल रहे, उस वक्त विपक्ष के नेता राहुल गांधी, युवाओं की आवाज सदन में उठा रहे हैं, लेकिन ऐसे गंभीर मुद्दे पर माइक बंद करने जैसी ओछी हरकत करके युवाओं की आवाज को दबाने की साजिश रची जा रही है।

**आवाजें दबा रही सरकार**

एक अन्य ट्वीट में कांग्रेस ने आरोप लगाया कि राज्यसभा में भी नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का माइक बंद कर दिया गया। ट्वीट के अनुसार, पेपर लीक के मामले पर सरकार खुद तो खामोश हैं ही, लेकिन ▶▶ 4

## हाईकोर्ट में हाजिर हुए स्वास्थ्य सचिव और रिम्स डायरेक्टर

**रांची (ससे):** हाईकोर्ट के गुरुवार के निर्देश के आलोक में स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह, रिम्स के निदेशक एवं भवन निर्माण के प्रबंध निदेशक मनीष रंजन हाईकोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए. शुक्रवार को इन अधिकारियों ने रिम्स के सुधार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी कोर्ट को दी. जिसके बाद कोर्ट ने सरकार को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है. अदालत में अब इस मामले की विस्तृत सुनवाई १८ जुलाई को होगी. दरअसल रिम्स में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, बुनियादी सुविधा दिलाने, एमआरआई मशीन ▶▶ 4

# जंगल में छुपे आतंकी किसी बड़ी वारदात की फिराक में

## पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक आनंद जैन का दावा




**जम्मू (ईएमएस):** जम्मू संभाग में आतंकियों के सात दल सक्रिय हैं। ये दल अलग-अलग इलाकों में बड़े हमले को अंजाम देने की कोशिश में हैं। यह दावा पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक आनंद जैन ने किया। उन्होंने कहा कि राजौरी, पुंछ, डोडा और किश्तवाड़ में ये आतंकी सक्रिय हैं। तीन से चार दल डोडा, किश्तवाड़ में सक्रिय हैं। ये जंगल में छिपे हैं। आतंकियों को ढेर करने के लिए लगातार अलग-अलग इलाकों में सेना और पुलिस मिलकर तलाशी अभियान चल रही हैं। जैश के तीन पाकिस्तानी आतंकियों को मुठभेड़ के दौरान मार गिराना सुरक्षाबलों के लिए बड़ी सफलता है। सूत्रों का कहना है कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि मुठभेड़ में मारे गए आतंकी इलाके में सक्रिय छह से सात दहशतगर्दों के समूह का हिस्सा हैं अथवा कोई नया ग्रुप घुसपैठ करके आया है। इस बारे में अभी जांच चल रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुरुवार को जिनकी संपत्ति जब्त की गई, वह सभी पट्टन तहसील के रहने वाले हैं। इसमें बशीर अहमद गनई निवासी तिलगाम, मेहराजुदीन लोन निवासी खारगाम, गुलाम मोहम्मद यत्तु ▶▶ 4

# नीट को खत्म कर पुरानी परीक्षा प्रणाली को बहाल किया जाए

## बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर किया आग्रह





**नई दिल्ली (ईएमएस):** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने आज पीएम मोदी को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के संबंध में एक पत्र लिखा है। सीएम ममता ने पीएम मोदी से नीट को खत्म करने और राज्य सरकारों द्वारा इस परीक्षा को आयोजित करने की पिछली प्रणाली को बहाल करने का आग्रह किया है।

ममता ने पत्र में लिखा कि मैं नीट से जुड़े हाल के घटनाक्रमों के बारे में आपको लिखने के लिए बाध्य हूं। पेपर लीक के आरोप, कुछ लोगों और परीक्षाओं के संचालन में शामिल अधिकारियों द्वारा रिश्वत लेना, छात्रों को परीक्षा के लिए आवेदन करने के लिए इजाजत देना, ग्रेस मार्क्स आदि कुछ गंभीर मुद्दे हैं जिन पर ध्यान देने की जरूरत है और इसकी साफ और निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

सीएम ममता ने आगे लिखा कि ऐसे मामले उन लाखों छात्रों के करियर और आकांक्षाओं को खतरे में डालते हैं जो मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश की उम्मीद करते हैं। उन्होंने लिखा कि ऐसे मामले न केवल देश में चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता करते हैं, बल्कि देश में चिकित्सा सुविधाओं और इलाज की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर डालते हैं। ममता ने आगे लिखा कि यह भी बताना जरूरी है कि २०१७ से पहले राज्यों को अपनी ▶▶ 4

आयुष्मान भारत-मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना

स्वास्थ्य का वरदान, आयुष्मान
"विशेष आयुष्मान पखवाड़ा"
(दिनांक 15 जून से 29 जून 2024)

राज्य के गुलाबी, पीला एवं हरा राशन कार्डधारी परिवार पाएं 5 लाख रूपये तक का नि:शुल्क ईलाज। राज्य के समस्त ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों के वार्ड कार्यालय में आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु नि:शुल्क कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कृपया इस अवसर का लाभ उठाएं एवं अपना और अपने परिवार का आयुष्मान कार्ड नि:शुल्क बनवायें।

नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड कैसे बनायें?

- नजदीकी पंचायत भवन एवं वार्ड कार्यालय में।
- सहिया द्वारा घर-घर जाकर।
- नजदीकी सरकारी अस्पताल में।
- नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र में।
- नजदीकी निजी अस्पताल में।
- आयुष्मान एप द्वारा "स्वयं"

आयुष्मान भारत योजनान्तर्गत मिलने वाली सुविधाएं

- 5 लाख रूपये तक का नि:शुल्क ईलाज
- राज्य एवं देश के किसी भी सरकारी एवं निजी अस्पताल में पाएं नि:शुल्क ईलाज
- अस्पताल में ईलाज के दौरान नि:शुल्क जाँच, दवाईयाँ एवं भोजन की सुविधा
- अस्पताल से डिस्चार्ज के बाद आवश्यकतानुसार 15 दिनों तक की दवाईयाँ नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं
- योजनान्तर्गत किसी भी प्रकार की नकद राशि देय नहीं है

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड।
अधिक जानकारी या शिकायत के लिए संपर्क करें:- 14555/18003456540

PR 327494 (Jharkhand State Arogya Society) 24-25

# हथियार के साथ 2 अपराधी गिरफ्तार



**निरसा (ससे) :** निरसा पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी रजत माणिक बाखला द्वारा गठित टीम को उस समय बड़ी कामयाबी मिली। जब बिहार के आपराधिक गिरोह के सदस्यों को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। ये पश्चिम बंगाल के आसनसोल में एक ज्वेलरी दुकान में लूट सहित अन्य आपराधिक घटना को अंजाम देने जा रहे थे। अपराधियों के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध हथियार, कारतूस, सात मोबाइल के साथ बोलेरो नियो वाहन को जब्त किया है। इस दौरान पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि ३ अपराधी अंधेरे व जंगल का लाभ उठाते हुए भाग निकले।

निरसा एसडीपीओ ने कहा कि गुरुवार को एसएसपी एचपी जनार्दनन द्वारा सूचना दी गयी थी कि बिहार का आपराधिक गिरोह सफेद बोलेरो नियो गाड़ी नंबर बीआर ५२ डी६४५० में सवार होकर गिरिडीह होते हुए निरसा के रास्ते (जीटी रोड) पश्चिम बंगाल के आसनसोल में डकैती की घटना को अंजाम देने जा रहा है। उन्होंने कहा कि एसएसपी के निर्देश पर उनके द्वारा एक टीम गठित की गई और निरसा जीटी रोड सहित निरसाजामताड़ा रोड व निरसा काल्रूबथान रोड को सील कर दिया गया। निरसा थाना क्षेत्र के जीटी रोड पर डॉन बास्को स्कूल के समीप रामकनाली के सामने वाहन चेर्किंग की जाने लगी। भारी संख्या में पुलिस को देखते हुए अपराधी वाहन को छोड़कर भागने लगे।

पुलिस ने नाटकीय ढंग से दो अपराधी शिशुपाल कुमार (२४ वर्ष), पिता संत पासवान, साकिम रसूल्ला, थाना पंडारक, जिला पटना (बिहार) एवं टमन कुमार, (२८ वर्ष), पिता पंकज कुमार, साकिम माफो, थाना मेहुस, जिला शेखपुरा, बिहार को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीन अपराधी जंगल का लाभ उठाते हुए फरार हो गए। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक ७.६५ एमएम का देशी पिस्टल एवं १० पीस कारतूस, दो पीस .३१५ का देशी कट्टा एवं १३ पीस कारतूस, ७ पीस मोबाइल सहित बोलेरो जब्त की गयी है।

छापामारी टीम में एसडीपीओ रजत माणिक बाखला, चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील सिंह, गोविंदपुर थाना प्रभारी रविकांत प्रसाद, निरसा थाना प्रभारी मंजीत कुमार, एसआई निरसा थाना अविनाश कुमार, एसआई विश्वजीत ठाकुर, एसआई अर्जुन कुमार सिंह, चिरकुंडा थाना एवं आरक्षी मुकेश कुमार महतो, आरक्षी राजेश कुमार सिंह समेत अन्य शामिल थे।

## विवादों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत आज



**धनबाद (कासं) :** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा बीसीसीएल सामुदायिक भवन कोयला नगर धनबाद में २९ को एक दिवसीय भू-अधिग्रहण, राजस्व संग्रहण, पुनर्वास से संबंधित मुकदमों के निपटारे के लिए स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसको लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने बीसीसीएल सामुदायिक भवन कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

इस बाबत जानकारी देते हुए प्रधान जिला जज ने बताया कि शनिवार के सुबह ११ बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। कार्यक्रम में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायाधीश आनंदा सेन, उपायुक्त, एसएसपी धनबाद, बीसीसीएल सीएमडी, निदेशक फाइनेंस, डीआरएम रेलवे, नेशनल हाईवे के डायरेक्टर, डीएफओ धनबाद, टाटा, ईसीएल, सीसीएल व विभिन्न विभागों के पदधिकारी, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महासचिव समेत अधिवक्ता व वादकारी उपस्थित रहेंगे।

प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि विशेष लोक अदालत को सफल बनाने के लिए २४ जून से लेकर २८ जून तक प्री सिटिंग बैठक भी आयोजित की गई थी। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह ११ से होगी। न्यायाधीश द्वारा मौके पर लाभुकों के बीच विभिन्न परिसंपत्तियों, नियुक्ति पत्र, मुआवजा, राशि का वितरण भी किया जाएगा।

## बीसीसीएल पदाधिकारियों को सिफ्टिंग में तेजी लाने का निर्देश




**धनबाद (कासं) :** उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शक्रवार को समाहरणाल्य सभागार में झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान जेआरडीए के तहत चल रहे सभी विकास कार्य एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) की अद्यतन स्थिति एवं पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों पर हुए कार्य की जानकारी जेआरडीए के संबंधित पदाधिकारी एवं बीसीसीएल पदाधिकारी से ली।

इस दौरान जेआरडीए की एसओपी, लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) एवं नॉन लीगल टाइटल होल्डर (नॉन एलटीएच) की सत्यापन स्थिति, सर्वे वेरीफिकेशन, आवंटन एवं स्थानांतरण, टाउनशिप एरिया के विकास, जमीन संबंधित समस्याएं, हाई रिस्क साइट्स, आवंटन, पुनर्वास, प्रपोज इंफ्रास्ट्रक्चर समेत कई बिंदुओं पर हुए प्रगति की समीक्षा की गयी। उन्होंने इससे संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

इस दौरान जेआरडीए पदाधिकारी ने टाउनशिप हेतु हाउस अलॉटमेंट, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य केंद्र, विद्यालय निर्माण, सड़क निर्माण, ट्रांसपोर्ट की सुविधा, रोजगार हेतु व्यवस्था, राशनकार्ड निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र, स्किल डेवलपमेंट, एलटीएच के दस्तावेज जांच, बच्चो को खेलकूद में बढ़ावा देने हेतु व्यवस्था, फेज वार पानी एवं बिजली की व्यवस्था, बैंक एवं एटीएम की सुविधा, पोस्ट आफिस की सुविधा, इंटरनेट की बेहतर सुविधा, पौधरोपण, आधार निर्माण की सुविधा समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं से संबंधित आ रही समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त द्वारा सभी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। उन्होंने बीसीसीएल के पदाधिकारियों को शिफ्टिंग में तेजी लाने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने कहा कि कई लाभुकों के एक से अधिक एरिया साइट में नाम है उनके डुप्लीकेसी को चिन्हित कर संशोधित डाटा तैयार करें। टाउनशिप में स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु एचएससी, जन औषधि केंद्र खोलने को लेकर सिविल सर्जन को आगे की कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। वहीं शिक्षा पदाधिकारी को टाउनशिप में प्राथमिक एवं उच्च विद्यालय खोलने हेतु विभाग के नियम अनुरूप कार्य करने को कहा गया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र खोलने हेतु जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सर्वे कराकर आगे की कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

टाउनशिप एरिया में स्कील डेवलपमेंट से संबंधित कार्य हेतु डीपीएम जेएसएलपीएस को निर्देशित किया गया। रोजगार सृजन हेतु, बच्चों को स्पोर्ट्स की सुविधाएं उपलब्ध कराकर बेहतर भविष्य हेतु भी संबंधित पदाधिकारी को दिशानिर्देश उपायुक्त द्वारा दिये गए। वहीं पलानी से बलियापुर रोड हेतु एवं कनेक्टिंग रोड हेतु आरईओ के पदाधिकारी को एस्टिमेट तैयार करने हेतु कहा गया। वही आधार कार्ड निर्माण हेतु डीपीओ यूआईडी को कैम्प लगाने हेतु दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर जिला स्तरीय पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, बीसीसीएल के पदाधिकारी, बैंक के पदाधिकारी, जेआरडीए के पदाधिकारी एवं कर्मी समेत अन्य मौजूद रहे।

## सफाईकर्मियों को पोशाक, साबुन व विंटर ड्रेस देने का निर्देश




**धनबाद (कासं) :** शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने बैठक की। इस दौरान नगर निगम धनबाद, नगर परिषद चिरकुंडा, आईआईटी, आईएसएम, सिंफर अंतर्गत कार्यरत सफाई कर्मियों की सुरक्षा और समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया।

बैठक में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम. वेंकटेशन ने सफाई कर्मियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने कार्यरत सफाई कर्मियों - बाह्यश्रोत के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मियों के मिलने वाले प्रतिदिन मानदेय, मासिक मानदेय, कर्मचारी भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा निगम सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। शहरी स्थानीय निकायों ने कहा कि लगभग सभी कर्मचारियों को ईपीएफ एवं ईएसआइसी की सेवा उपलब्ध है।

बैठक में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने महिलाओं की समस्याओं के लिए गठित कोषांग के पदाधिकारी/सदस्यों के नाम व मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने की बात कहीं। उन्होंने शहरी स्थानीय निकायों को सभी कर्मचारियों को शतप्रतिशत कर्मियों को ईपीएफ (यूएएन) नंबर, ईएसआइसी कार्ड बनाने/उपलब्ध कराने को कहा। वहीं, सफाई कर्मियों को पोशाक (यूनिफार्म), साबुन एवं विंटर ड्रेस भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष ने शहरी स्थानीय निकायों को कार्यरत सभी सफाई कर्मियों के लिए ग्रुप बीमा कराने का निर्देश दिया। इसे एक माह में सुनिश्चित करते हुए आयोग को सूचित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए अपनी समस्याओं को निःसंकोच रूप से रखने की बात कहीं, जिससे उनका निराकरण त्वरित गति से किया जा सके। आयोग अध्यक्ष ने सफाई कर्मियों को अपने कार्यालय का नंबर ०११२४६४८९२४ दिया, किसी तरह की बात रखने के लिए दूरभाष पर संपर्क करने को कहा।

उन्होंने विभिन्न सफाई कर्मियों के संघ प्रतिनिधियों से भी संवाद किया। सफाई कर्मियों की समस्याओं को सुना और समाधान के दिशा में कार्य के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय की गाइड लाइन के अनुसार सफाई कर्मियों को नियमानुसार सुविधाएं एवं मानदेय/भत्ता दिलवाने की बात कहीं।

मौके पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, सहायक श्रायुक्त रंजीत कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा, समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## डॉ. अंजना सिन्हा को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित



**धनबाद (कासं) :** धनबाद बेकारबांध निवासी छत्तीसगढ़ के रायगढ़ की वरिष्ट शिक्षिका व लोकप्रिय साहित्यकार अंजना सिंह सखी का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। इन्होंने चांद वध भारत का संविधान जो विश्व का पहला चांद में संविधान है। इन्होंने दोहे और रोल में अनुच्छेद ३५८३५९ लिखकर नई दिल्ली के हिंदी भवन में सम्मानित होने का गौरव प्राप्त की है। गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किए जाने पर धनबाद के वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य संजय सिंह चंदन, वरिष्ठ पत्रकार उमेश तिवारी, के सी एन क्लब के जिला अध्यक्ष रवि कुमार, सामाजिक साहित्यकार जागरुकता मंच के जिला संयोजक राजेश राय, डॉ. सुप्रिया शिखा, रविंद्र उपाध्याय, स्नेह लता सिंह तथा ललित रंजन आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त कर कहा कि धनबाद और देश के लिए ये सम्मान गर्व का विषय है।

### तालाब में मिला युवक का शव

**केंदुआ (ससे) :** गोनूडीह ओपी क्षेत्र के कुसुंडा तालाब में ३० वर्षीस युवक का शव तालाब में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों ने तालाब में शव मिलने की सूचना गोन्दुडीह पुलिस को दिया। ओपी प्रभारी राजन कुमार झा दलबल के साथ घटना स्थल पहुँचकर शव को अपने कैंजे में लेकर धनबाद एसएनएमएमसीएच पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ओपी प्रभारी राजन कुमार झा ने बताया कि मृतक के पॉकेट से एक कागज मिला है, जिसमें फोन नंबर मिला है। उसी के आधार पर पुलिस मृतक की पहचान करने में जूटी है।

### पुलिस ने बरामद किया चोरी का ट्रक



**गोविंदपुर (ससे) :** गोविंदपुर पुलिस ने १२ घंटे के अंदर रतनपुर से चोरी गई ट्रक को बरामद करने में सफलता पाई है। रतनपुर निवासी श्रीकांत भगत की ट्रक संख्या एनएल ०१ के २५९९ की चोरी गुरुवार को आरएस मोर कॉलेज के निकट जीटी रोड के सर्विस लेन से हो गई थी। इस संबंध में श्रीकांत भगत ने गुरुवार दिन १० बजे गोविंदपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद के नेतृत्व में कई पुलिस अधिकारी ट्रक की खोजबीन में लग गए। जीटी रोड निरसा टुंडी रोड बलियापुर रोड आदि में पुलिस ने छानबीन की। गुरुवार रात १० बजे के आसपास पुलिस ने बलियापुर सिंदरी रोड में उक्त ट्रक को बरामद किया। हालांकि पुलिस को देखते ही अपराधी भाग निकले।

## लोडेड कट्टा के साथ 1 गिरफ्तार



**कतरास (ससे) :** बाघमारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर आनंद ज्योति मिंज ने बताया कि वरीय अधिकारी के गुप्त सूचना पर किशुन महतो उर्फ कारु महतो ३० वर्ष को लोडेड देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ पकडा गया।

किशुन महतो ग्राम फुलारीटांड़ कोलियरी का रहने वाला है। वह बाइक से अवैध हथियार लेकर घूम रहा था एवं किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु वरीय पदा० के आदेशानुसार थाना स्तर से त्वरित टीम गठित कर छापामारी की गई। जिसमे फुलारीटांड डेको कम्पनी के पास किशुन महतो उर्फ कारु महतो पिता स्व० रौशन महतो सा० न्यू डुमरा थाना बरोरा जिला धनबाद को कमर में खोस कर ले जाते हुए लोडेड देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा।

## स्विमिंग में सौम्या, समीर, अंशुमन व राधेश्याम को स्वर्ण




**धनबाद (कासं) :** जिला ओलंपिक संघ के बैनर तले जिले में गत २३ जून से जारी इंटरनेशनल ओलंपिक डे सप्ताहव्यापी खेल आयोजन के तहत स्विमिंग प्रतियोगिता शुक्रवार को दून पब्लिक स्कूल में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के तहत सभी प्रतिभागियों के बीच उम्र के अनुसार ४ वर्गों की स्पर्धाएं आयोजित हुई। जिसके परिणाम इस प्रकार हैं: अंडर १४ ग्रुप अ: राधेश्याम गुप्ता (प्रथम), आदित्य राज (द्वितीय) तथा विवेक कुमार (तृतीय), अंडर १४ ग्रुप ब: अंशुमन कुमार (प्रथम), रवि कुमार साव (द्वितीय) तथा अमित कुमार साव (तृतीय), अंडर १७ ग्रुप अ: समीर होंहगा (प्रथम), कार्तिक कुमार (द्वितीय) तथा आदित्य कुमार झा (तृतीय), अंडर १७ ग्रुप ब: सौम्या रंजन दास (प्रथम), निखिल कुमार (द्वितीय) तथा आदित्य सिंह (तृतीय), प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सौम्या रंजन दास को बेस्ट स्विमर का खिताब दिया गया। प्रतियोगिता के अंत में मुख्य अतिथि स्कूल के निदेशक जे एन. सिंह, उप निदेशक सुनील कुमार, प्राचार्य बी. के. सिंह, उप प्राचार्य प्रियरंजन कुमार, जिला ओर्लिपिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी, कोषाध्यक्ष पवन वर्णवाल, संयुक्त सचिव तारक नाथ दास आदि द्वारा सभी वर्ग के विजेताओं को पदक देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का संचालन स्कूल के खेल विभागाध्यक्ष मृदुल बोस की देखरेख में स्विमिंग कोच कृष्णा सिंह द्वारा किया गया । जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में शिव कुमार महतो, ममता कुमारी पाण्डे, सौरभ भारती, जया चक्रवर्ती आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## स्मार्ट मीटर के खिलाफ बिजली महाप्रबंधक को ज्ञापन



**धनबाद (कासं) :** विद्युत विभाग का स्मार्ट मीटर को लेकर उपभोक्ताओं को आ रही परेशानी का शीघ्र निदान निकालने की मांग को लेकर युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी ने विद्युत विभाग धनबाद के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है की स्मार्ट मीटर लगवाने के बाद से विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं का बिल बहुत ज्यादा आ रहा है। हर क्षेत्र में लोगों ने इसकी शिकायत की है। बिल इतना अधिक है कि आर्थिक रूप से कमजोर लोग इसे भरने में असमर्थ हैं। ज्ञापन में महाप्रबंधक से मांग की गई है की स्मार्ट मीटर की तकनीकी जांच विशेषज्ञों से करवायी जाए ताकि नियम के अनुसार उचित बिल उठे जिससे उपभोक्ता को गलत बिल से राहत मिल सके। यह भी कहा गया है कि विद्युत विभाग स्मार्ट मीटर को दुरुस्त करने का कार्य शीघ्र कराएं तथा इस समस्या को संज्ञान में लेकर उसे तुरंत समाधान किया जाए। साथ ही लो वोल्टेज, बिजली ओवरलोडिंग आदि समस्याओं से निजात मिलने की दिशा में कार्य हो और हर घर तक निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह, संयोजक उदय प्रताप सिंह, पप्पू सिंह, एम सिंह, इरफान अंसारी, कुंदन कुमार तथा सरदार सोनी सिंह शामिल थे।

## बीसीसीएल इकाइयों में स्वच्छता पखवाड़ा को ले जागरुकता कार्यक्रम






**धनबाद (कासं) :** बीसीसीएल में स्वच्छता पखवाड़ा२०२४ का आयोजन १६ से ३० तक किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभिन्न तरह के कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कराने के लिए बीसीसीएल के सभी क्षेत्रों एवं इकाई में प्रभात फेरी, नुक्कड़ नाटक एवं प्रतियोगिताओं आदि का आयोजन किया गया। इस क्रम में लोदना क्षेत्र द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत पेयजल स्वच्छता एवं स्वच्छ जल निकाय के संदर्भ में आसपास गाँव के लोगों से जानकारी देकर स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया एवं स्वच्छ पेयजल से होने वाले लाभों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया।

इसके अलावा लोदना क्षेत्र द्वारा डी.ए.वी. विद्यालय, बनियाहीर, के शिक्षकों एवं छात्रछात्राओं के सहयोग से एक स्वच्छता प्रभात फेरी निकालकर आसपास के क्षेत्र के लोगों को स्वच्छता का संदेश देकर जागरूक किया गया। प्रभात फेरी में विद्यालय के छात्रछात्राओं ने स्वच्छता के महत्व को मनोरम रूप से लोगों तक पहुँचाया। इस आयोजन में विद्यालय के प्रधानाचार्य, सुब्रता मोदक एवं अन्य शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

स्वच्छता पखवाड़ा२०२४ के अंतर्गत कंपनी के सिविल विभाग द्वारा भी कॉलोनियों, अतिथिगृह आदि की साफसफाई के साथसाथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कुसुंडा क्षेत्र में सिविल विभाग के सहयोग से धनसार इंडस्ट्री कोलियरी कार्यालय में वर्षाजल संरक्षण के लिए एक ढांचे के निर्माण कार्य शुरु किया गया है। इसके अलावा बीसीसीएल मुख्यालय के सिविल विभाग द्वारा कोयला नगर स्थिति एमटी हॉस्टल में वर्षा जलसंरक्षण के लिए निर्मित स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य किया गया है।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# डायवर्सन सड़क बनाने पहुंची टीम ने किया विरोध का सामना



**पुटकी (ससे) :** धनबादबोकारो सड़क पर करकेंद नेहरू पार्क के पास सड़क के नीचे से अंडर पास बनाने के पूर्व डायवर्सन सड़क बनाने के लिए शुक्रवार को कार्य शुरू करने पहुंची बीसीसीएल एवं संवेदक की टीम को स्थानीय लोगों का विरोध का सामना करना पड़ा। मो. आजाद, धर्मेंद्र कुमार, महबूब अंसारी सहित अन्य स्थानीय लोगों का कहना है कि घर से सटाकर डाइवर्सन सड़क नहीं बनने देंगे। साथ ही पेयजल एवं बिजली उपलब्ध कराने की मांग की। डाइवर्सन सड़क निर्माण के लिए क्षेत्र के पीबी एरिया जीएम एमएस दूत के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम, सीआईएसएफ, पुटकी पुलिस पेलोडेर के साथ कार्यस्थल पर पहुंची। तभी स्थानीय महिलापुरुषों ने कड़ा विरोध जताते हुए कार्य को रोक दिया। विदित हो कि करकेंद नेहरू पार्क के समीप गोपालीचक कोलियरी अंतर्गत संचालित आउटसोर्सिंग का ओबी धनबादबोकारो सड़क को क्रॉस कर पार्क के पीछे ही डंप किया जाता है। ओबी को लेकर जब हाइवा सड़क क्रॉस करता है तो सड़क के दोनों तरफ गाड़ियों की जाम लग जाती है साथ ही दुर्घटना की संभावना बना रहता है। यहां यह भी मालूम हो कि लगभग १४ करोड़ की लागत अंडर पास बनने का काम प्रगति पर है। मौके पर जीएम एमएस दूत, प्रोजेक्ट ऑफिसर एलएल बर्णवाल, मैनेजर एमके सिंह, उप प्रबंधक उमेश मरांडी, सीआइएसएफ इंस्पेक्टर नीलम एक्का सहित पुटकी पुलिस मौजूद थें। पुटकी बलिहारी क्षेत्र के महाप्रबंधक एम एस दूत ने कहा कि अगले तीन महीने में अंडर पास का निर्माण हो जाएगा। डाइवर्सन बनाने में जो समस्याएं हैं उसे सुलझाकर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। स्थानीय लोगों की समस्याओं का निदान के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को दिशानिर्देश दे दिये हैं।

## पानी का नया कनेक्शन करने को लेकर हंगामा

**पुटकी (ससे) :** पुटकी थाना अंतर्गत कोक प्लांट स्थित संपत मोड़ के समीप माडा का पानी का नया कनेक्शन करने को लेकर काफी हो हंगामा हुआ। आरा पट्टी, खारो मोहल्ला के लगभग ४०५० महिलापुरुषों ने पांडरकनाली के मुखिया प्रतिनिधि जय प्रकाश पासवान के पास पहुंचकर बताया कि लगा हुआ पेयजल कनेक्शन पंचायत के लोगों के लिए है। लोगों ने नगर निगम क्षेत्र में कनेक्शन बढ़ाकर लगाने की प्रकिया पर रोक लगाने की मांग की। लोगों का कहना था कि आगे कनेक्शन बढ़ाने से पानी का प्रेशर कम हो जाएगा। लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाएगा। इस संदर्भ में जय प्रकाश पासवान ने इंजीनियर मोहम्मद तामीर से बात करके कनेक्शन को रोकवाया। इस संदर्भ में मुखिया प्रतिनिधि ने पंचायत वासियों को आला अधिकारी से बात कर समस्या के समाधान करने का आश्वासन दिया।

# उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत



**धनबाद (कासं) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आमजन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए निर्देशित किया। जनता दरबार में मुख्यत: शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, बकाए वेतन, होम गार्ड नियुक्ति, आर्म लाइसेन्स, सड़क, आय प्रमाण पत्र, वंशावली, छात्रवृत्ति, मुआवजा, वार्ड सदस्य के मानदेय, अबुआ आवास, बंटवारा, जमीन मापी समेत अन्य संबंधित आवेदन आए। इस दौरान उपायुक्त ने आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। मौके पर प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग नियाज अहमद, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह मौजूद रहें।

# अबुआ आवास को ले बीडीओ ने की बैठक



**बलियापुर (ससे) :** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को विभिन्न आवास योजना, १५वीं बीत व मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की गई। अबुआ आवास योजना अन्तर्गत द्वितीय किश्त के भुगतान के लिए सभी पंचायत सचिवों को शत-प्रतिशत जियो टेग व दस्तावेज अपलोड करने का निर्देश दिया गया। अबुआ आवास योजना के ऐसे लाभुक जिनके पास जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं हैं। उसकी सूची दो दिनों के अंदर कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया। वित्तीय वर्ष २०२१-२२ ओर उससे पूर्व की मनरेगा की पुरानी ऐसी योजनाएं जिसे एमआईएस में पूर्ण नहीं किया गया है। उसकी विभागीय समीक्षा १८ जुलाई को नई दिल्ली में होना है। इसके लिए सभी रोजगार सेवकों को आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया। बैठक में बीपीओ विशाल कुमार, कनीय अभियंता, विभिन्न पंचायतों के सचिव, रोजगार सेवक आदि मौजूद थे।

## वाहन ने ट्रक में मारी टक्कर, चालक व खलासी घायल

**धनबाद (कासं) :** जिले से होकर गुजरने वाली दिल्लीकोलकाता नेशनल हाईवे पर गोविंदपुर के समीप बीती देर रात अज्ञात वाहन ने ट्रक में टक्कर मार दी। जिसके बाद ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गोविंदपुर ब्लाक के समीप यूपी७५एटी७९५७ नंबर का वाहन अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे चालक और खलासी बुरी तरह घायल हो गए हैं। दोनों घायलों का इलाज निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। मामले की जानकारी मिलने पर गोविंदपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

## असंगठित मजदूरों ने प्रबंधक को सौंपा मांग पत्र

**पुटकी (ससे) :** सात सूत्री मांग को ले असंगटित मजदूर संघ ने शुक्रवार को गोपालीचक कोलियरी अंतर्गत संचालित पुटकी १७ नम्बर में चल रहे एसटीजी आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रबंधक को पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। मजदूरों ने पत्र में कहा कि भारत सरकार द्वारा निधारित एचपीसी वेतन देने, नो वर्क नो पे लगाना बंद करने, मजदूरों को मेडिकल व भीटीसी कराने सहित ६ सूत्री मांग शामिल है। कंपनी जब से चालू हुआ है तब से हम मजदूरों का शोषण हो रहा हैं।

# भाजपा सिन्दरी नगर की बैठक



**सिंदरी (ससे) :** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी सिंदरी नगर की एक बैठक रोडाबांध कार्यालय में नगर महामंत्री इंद्रमोहन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमे मुख्य रूप से नगर प्रभारी संतलाल प्रमाणिक उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए नगर प्रभारी संतलाल प्रमाणिक ने कहा कि भाजपा के आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आज की बैठक बहुत ही महत्वपूर्ण है। एक पेड़ अपनी मां के नाम पर बूथ स्तर पर लगानी है जिससे पर्यावरण सुरक्षित हो।

वोटर लिस्ट में जिन हिंदुओं का नाम छूट गया है, उसको भी जुड़वाने का कार्य सभी कार्यकर्ताओं को करना है। आगामी ३० को मन की बात कार्यक्रम है जिसे बूथ स्तर पर सभी कार्यकर्ताओ को सुनना है। नवनिर्वाचित सांसद ढुल्लू महतो के स्वागत की तैयारी में कार्यकर्ताओं को लग जाने को अपील किया गया। बैठक में मुख्य रूप से राकेश तिवारी, प्रकाश बाउरी, ब्रिजेश सिंह, सुमन चौधरी, रंजना शर्मा, धीरज सिंह, गणपति बाउरी, अणिमा सिंह, सुशांत महतो, रामजी सिंह, संजय महतो, राघव तिवारी, ज्ञानमोहन सिंह, अमरेंद्र सिंह, शिव प्रकाश, सुनीता घोष, कुमार राजेश, सत्येंद्र कुमार इत्यादि अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रेल पटरियों को दुरुस्त करेगी ग्राइंडिंग मशीन

**धनबाद (कासं) :** अब धनबाद रेल मंडल अंतर्गत बीछे हुए रेल ट्रैकों को एक नया जीवन मिल सकेगा। क्योंकि धनबाद रेल मंडल में एक रेल ग्राइंडिंग मशीन आ गई है। इस मशीन के उपयोग से पटरियों के रखरखाव और घिसे हुए ट्रैक अनियमितता को दूर किया जा सकेगा। यह मशीन २०वीं सदी से उत्तरी अमेरिका और यूरोप में इस्तेमाल की जाती रही है। वही रेल ग्राइंडिंग मशीन की कुल कीमत १५० करोड़ है। जो लगभग १ घंटे में १८ से २० किलोमीटर की दूरी को तय करेगा। रेल ग्राइंडिंग मशीन लोरम कंपनी की है। रेल ग्राइंडिंग मशीन का सामान्य दृश्य आरजीएम भारतीय रेलवे ट्रैक के रखस्खाव के लिए एक महत्वपूर्ण मशीन है। जो रेल पहिया और अन्य ट्रैक घटकों को होने वाले नुकसान के संबंध में है। जिससे उनका जीवन बढ़ जाता है।

## दुकान में लगी भीषण आग, लाखों की संपत्ति ख़ाक

**धनबाद (कासं) :** शहर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत हीरापुर में बीती देर रात सेन्टर प्वाइंट नामक दुकान में भीषण आग लग गई। जिसके बाद दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गुरुवार की देर रात विवेकानंद चौक के समीप जनरल स्टोर में भीषण आग लग गई। आग देखते ही देखते भयावह रूप ले लिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना अग्निशमन विभाग को दिया। मामले की सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। वही आगलगी में दुकान में रखें सारे सामान जलकर खाक हो गए हैं।

## एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत

**जोड़ापोखर (ससे) :** हेल्थ इज वेल्थ नामक संस्थान द्वारा डिगवाडीह मस्जिद के निकट से एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया गया है। समाज सेविका तेतरी देवी ने फीता काटकर कर एम्बुलेंस सेवा का उद्घघाटन किया है। निदेशक संजय पासवान ने कहा है की एम्बुलेंस की सेवा २४ घंटे असाध्य रोगों के रोगियों के लिए उपलब्ध रहेगा। बिकलांग मरीजों के लिए फ्रि सेवा उपलब्ध होगा। वहीं पतिपत्नी मरीजों के लिए १०० के रजिस्ट्रेशन कराने पर ६ माह तक धनबाद जिले के किसी भी अस्पताल में मरीज को पहुंचाने का काम किया जायेगा। एम्बुलेंस सेवा शुरू होने से डिगवाडीह के स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई हैं। इस अवसर पर उपस्थित थे। रामाशीष चौहान, सरजु ठाकुर, डॉ अर्जुन पाडेय, मनोज पाडेय, सुनील वर्मा आदि।

## गंभीर बीमारी से जूझ रहे पत्रकार दीपक कुमार को आर्थिक मदद की जरुरत

**जोड़ापोखर (ससे) :** गंभीर बीमारी से जूझ रहा है तिसरा क्षेत्र के पत्रकार दीपक कुमार दुबे को आर्थिक मदद की जरुरत है। बीमारी ठीक होने में ४० लाख रुपए की जरूरत है जो दीपक दुबे एवं उनके परिवार से संभव नहीं है। गंभीर बीमारी की समाचार सुनकर जनता मजदूर संघ क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकृष्ण पाठक, चांद कुइया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोज सिंह, क्षेत्रीय सचिव अक्षय यादव, अभिषेक परमार, जितेंद्र पासवान, उनके आवास पहुंचकर हर संभव मदद की बात कही। मुखिया प्रतिनिधि मनोज सिंह ने पंचायत के सभी लोगों एवं मुखिया संघ से आग्रह किया है कि इनकी मदद के लिए आगे आए।

बताते हैं कि पत्रकार दीपक पिछले ३ सालों से बीमारी से जूझ रहा है पहले लिवर जोंडिस होने की बात बताई गई थी इसी क्रम में इलाज के लिए पटना, लखनऊ पीजीआई, दिल्ली, वेल्लोर तक चक्कर लगा चुके अंत में ए आई जी अस्पताल हैदराबाद गए जहां डॉक्टर ने लिवर ट्रांसप्लांट करने की बात कही है। डॉक्टर ने बताया कि उनका लिवर ८० प्रतिशत खराब हो चुका है जो जल्द बदली नहीं किया गया तो जान पर आफत आ सकती है। दीपक दुबे की आथिक स्थिति बहुत खराब है। सप्ताह में काफी रुपए दवा के रूप में लग रहा है। देखने पहुंचे



रामकृष्ण पाठक मुखिया प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने कहा कि इस संबंध में झरिया के विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह को अवगत कराया गया है। सरकार से जो भी सहयोग होगा कराया जाएगा। इसके अलावा अपने स्तर से आर्थिक मदद की बात कही है। सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से भी बात करने की बात कही गई है। पत्रकार ने जिले के तमाम पत्रकार संगठन समाजसेवी बुद्धिजीवी सामाजिक संगठन एवं आम लोगों से अपील की है। इस मुसीबत की घड़ी में मदद करें ताकि उनका जान बचाई जा सके। दीपक दुबे के परिवार में उनकी माता भाई पत्नी एवं एक बच्ची है पत्नी प्रीति कुमारी लिवर देने को तैयार है। फिलहाल पत्रकार जिंदगी और मौत से जूझ रहा है।

## सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज

**केन्दुआ (ससे) :** केन्दुआडीह पुलिस ने मुनीडीह ओपी क्षेत्र के बालूडीह निवासी राजू कुमार के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। राजु कुमार ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात मेरा भाई बब्लू कुमार धनबाद की ओर से मोटरसाइकिल संख्या जे एच १० बी एन६०४० से घर आ रहा था। तेज गति से ट्रक संख्या जे एच १०सी सी४८०६ पीछे से हिन्दी भवन के समीप टक्कर मार दी। जिससे मेरा भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया। केन्दुआडीह पुलिस और स्थानीय लोगों के मदद धनबाद एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया था। पुलिस ट्रक को जब्त कर थाना ले आई। प्रभारी ने केन्दुआडीह थाना प्रभारी एस आई धीरज कुमार मिश्रा ने बताया कि लिखित शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच में जुटी पुलिस।

## हेमंत सोरेन को बेल मिलने पर जेएमएम में खुशी

**कतरास (ससे) :** पूर्व मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन पिछले १४८ दिन के बाद जेल से बाहर आने का रास्ता साफ होते ही शुक्रवार को झारखंड उच्च न्यायालय ने उन्हें बेल दे दिया है। जिसको लेकर जेएमएम नेताओं व कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। जेएमएम बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी व वरीय नेता रतिलाल टुडू के नेतृत्व में एसटीजी कंपनी में आंदोलनरत मजदूरों के साथ पटाखा फोड़ कर खुशी जाहिर की। वहीं दूसरी ओर कतरास थाना चौक पर पटाखे फोड़े गए, वही कृष्ण लाल के नेतृत्व में अंगारपथरा में भी पटाखे फोड़े गए और लड्डू खिलाकर एक दूसरे को बधाई देते हुए हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगे। इस मौके पर वरीय नेता रतिलाल टुडू ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इस बार विधानसभा चुनाव २०२४ में पुन: बहुमत से सरकार बनेगा। मौके पर बबलू अंसारी, विनय पासवान, मुन्ना सिद्धकी, कृष्णा लाला, ऋतिक सिंह, मुकेश गुप्ता, घल्टू त्रिगुणायत, राजेश यादव, संजय रजवार, पवन सिंह, सुरेश लाल, जागेश्वर ठाकुर, मनु चौहान, अमर पासवान सहित लोग मौजूद थे।

## जलापूर्ति को लेकर प्रबंधन से वार्ता

**पुटकी (ससे) :** गोपीनाथडीह पंचायत अंतर्गत गोपीनाथडीह वस्ती में छह माह से ठप्प जलापूर्ति के लिए शुक्रवार को कांग्रेस के जिला महासचिव सह गोपीनाथडीह पंचायत के मुखिया विजय पासवान ने ग्रामीणों के साथ लेकर मुनीडीह कोल वाशरी पी.ओ. के कार्यालय में वार्ता की। वार्ता के दौरान ग्रामीणों में पुरन बाउरी, मुकेश बाउरी, श्याम सुंदर बाउरी, राहुल बाउरी, रीता देवी, पार्वती देवी, सुभद्रा देवी, शांति देवी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# भोजपुरी साहित्य के आलोचक कृपा शंकर प्रसाद का निधन



**झरिया (ससे) :** हिंदी और भोजपुरी साहित्य के प्रखर आलोचक कृपाशंकर प्रसाद का निधन शुक्रवार की सुबह उनके निवास स्थान बोर्रागढ़ में हो गया। वे अपने पीछे पुत्र आनंद कुमार, पुत्री मनीषा प्रसाद, चार भाई सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनका अंतिम संस्कार मोहलबनी मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र आनंद ने किया। शव यात्रा में अनिल कुमार, देवेंद्र कुमार सिंह, किशोर कुमार झा, अरिंजय गिरी, रामप्रकाश सिंह, प्रकाश सिंह, अशोक कुमार, दिनेश विश्वकर्मा, सुरेश सिंह, नागदेव दास आदि थे। जलेस ने दी श्रद्धांजलि।

जनवादी लेखक संघ ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर शोक व्यक्त किया। शायर इम्तियाज बिन अजीज ने कहा कि कृपाशंकर प्रसाद एक अच्छे इंसान के रूप में जाने वाले किसी भी व्यक्ति के दुखदर्द को समझते थे और मदद करते थे। कुमार अशोक ने कहा, हम सबों ने एक ऐसे मित्र को खो दिया जो आजीवन साझा संस्कृति के पक्षधर रहे। वे जनवादी लेखक संघ झरिया, इकाई के अध्यक्ष भी रह चुके थे।

झरिया में साहित्यिक गतिविधियों में उनका योगदान अतुलनीय था। समय साक्षी हिंदी पत्रिका के संपादक भी रहे। बाद में उन्होंने कई वर्षों तक भोजपुरी पत्रिका ''सुझ-बूझ '' का संपादन एवं प्रकाशन किया। उनके इस अवदान के लिए साहित्य संसार हमेशा ऋणि रहेगा। शोक व्यक्त करने वालों में चर्चित साहित्यकार अनवर शमीम, जनकदेव जनक, गंगाशरण शर्मा, उमेश सिंह, सुरेश प्रसाद गुप्ता, सुशील कुमार पाल, नारायण चक्रवर्ती, सुभाष प्रसाद सिंह, जियाउर्रहमान, हसन निजामी आदि उपस्थित थे। प्रेस क्लब झरिया ने भी शोक संवेदना व्यक्त करके मृतक परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त किया। गणेश मिश्रा, अभिमन्यु प्रसाद, मनोज शर्मा, सनी शर्मा, हरेंद्र प्रसाद, सुधीर पांडे, वीरेंद्र बर्मन, गुड्डू वर्मा, जॉन मिर्ज़ा, सुमित अरोड़ा, अशोक निशाद, योगेश सोनी, सत्येंद्र चौहान, बबन झा, मनोज साहू, रविंद्र प्रसाद आदि मौजूद थे।

# लोडिंग प्वाइंट को चालू कराने को लेकर सड़क जाम






**जोड़ापोखर (ससे) :** भाजपा समर्थित मजदूरों ने जीनागोरा लोर्डिंग प्वाइंट चालू कराने को लेकर ८ घंटा सड़क जाम किया। बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के जीनागोरा की चार महीने से बंद लोडिंग प्वाइंट में ट्रक लोडिंग का कार्य चालू कराने की मांग को लेकर असंगठित मजदूरों ने एटक सह भाजपा नेता विद्यार्थी सिंह एवं लीला सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार की सुबह से कालीथान में सड़क जाम कर कोयला ट्रांसपोर्टिंग को बाधित कर दिया। कोयला की ट्रांसपोर्टिंग साइडिंग में नहीं होने का असर पावर हाउस को रेलवे रैक से होनेवाली कोयला डिस्पैच पर भी पड़ा है जिससे कंपनी को डेमरैज के रूप में लाखों का नुकशान का सामना करना पड़ा है। हालांकि मामले की जानकारी पाकर परियोजना प्रबंधक डीके मांझी ने मौके पर पहुंचकर आंदोलनकारियों व उसके नेताओं को आश्वासन देकर आंदोलन समाप्त कराने की कोशिश किया लेकिन आंदोलनकारियों के लोर्डिंग प्वाइंट चालू करने की लिखित आश्वासन देने की अपनी मांग पर अड़े रहे। अंतत: ८ घंटे सड़क जाम आंदोलन के बाद एजीएम एस मांझी, पीओ एस के सिन्हा ने मजदूरों से वार्ताकर उनकी मांगों पर अगले शुक्रवार को क्षेत्रीय कार्यालय में त्रिपक्षीय समझौता वार्ता कराकर समाधान कराने का आश्वासन देकर आंदोलन खत्म कराया। मालूम हो कि जीनागोरा लोडिंग प्वाइंट में लगभग ३५ वर्षों से भाजपा नेता विद्यार्थी सिंह, सतीश महतो एवं राजद नेता रामबाबू यादव के नेतृत्व में लगभग पांच सौ असंगठित मजदूर ट्रक लोडिंग का कार्य कर अपनी जीविका चलाते आ रहे है। मजदूर नेता विद्यार्थी सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय एवं परियोजना प्रबंधन ने एमडीओ मोड़ आउटसोर्सिंग परियोजना चालू करने को लेकर पिछले फरवरी माह में झूठी आश्वासन देकर लोर्डिंग प्वाइंट को बंद कर दिया। अब प्रबंधन द्वारा एमडीओ परियोजना चालू होने के बाद भी लोडिंग प्वाइंट में ट्रक लोडिंग का कार्य शुरू कराने को लेकर हमेशा टालमटोल करते हुए परियोजना के सारे कोयला को साइर्डिंग में ट्रांसपोर्टिंग कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां के सारा मजदूर ट्रक लोडिंग कार्य पर ही निर्भर होकर घर परिवार का भरणपोषण करते आ रहे हैं। लोडिंग प्वाइंट के बंद होने से मजदूर एवं उसके परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। परिस्थिति वश कई मजदूरों ने रोजगार की तलाश में पलायन कर चुके हैं। बाध्य होकर मजदूरों द्वारा आज से करो या मारो का आंदोलन शुरू किया गया है। मजदूरों की मांगें माने जाने तक आंदोलन को जारी रखने की घोषणा किया है। मौके पर भाजपा नेता उचित महतो, भूषण पासवान, टिंकू भुइयां, फुलवा देवी, अजय साव, राजकुमारी देवी, महेश पासवान, उदित भुइयां आदि थे।

# आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा गिरिडीह का सदर अस्पताल : डॉ . मिश्रा

**धनबाद/गिरिडीह (कासं) :** चिकित्सक भगवान नहीं होते हैं पर उनका प्रयास दक्षता है और हाथों का यश खातरे से इंसान को बहार ला सकता है। इसके लिए रोगियों को चिकित्सक की सलाह मानना जरुरी है। चिकित्सक एक सेवा धर्म है इसमें कहीं भी किन्तु परन्तु नहीं है। हमारा प्रयास हमेशा से रहा है कि मरीजों को ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाय कि ताकि उन्हें रेफर नहीं करना पड़े। यह बात गिरिडीह सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. शिव प्रसाद मिश्रा एक औपचारिक भेंट में कही।



उन्होंने ने बताया कि गिरिडीह सदर अस्पताल सभी अत्याधुनिक चिकित्सा यंत्र और सुविधाओं से लैस होगा। इसके लिए प्रयास जारी है, वर्तमान सुविधाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि अभी यहां लैब रोजाना कार्यरत है एवं अल्ट्रा साउंड मशीन सप्ताह में चार दिन मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार और शनिवार को मरीजों के लिए कार्यरत है। चार डायलिसिस मशीन पीपी मोड में कार्यरत है और ४ और मंगायी जा रही है।

सिटी स्कैन मशीन भी जल्द लगने वाली है। इस सुविधाओं के बाद मरीजों को रेफर के बदले बेहतर उपचार का लाभ सुविधा प्राप्त होगा। इस प्रकार स्वास्थ्य सुविधा में गिरिडीह जिला आत्मनिर्भर होगा। एक सवाल के जवाब में शिव प्रसाद मिश्रा ने कहा कि बेहतर प्रबंधकीय व्यवस्था से ही अंजाम तक पहुंचा जा सकता है।

स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मरीजों को अपना रोग नहीं छुपाना चाहिए। मरीजों के खुलापन और चिकित्सकों का समन्वित व्यहवार से ही रोगी लाभान्वित हो सकते हैं।

डॉ० मिश्रा १९८८ में सर्वप्रथम पहली बार राजधनवार प्रखंड के रेफर अस्पताल में नियुक्त हुए। अब तक अधिकांश कार्यकाल गिरिडीह जिला अन्तर्गत कार्य करते गुजरा रहा है। छत्तीस वर्षो के कार्यकाल में एक बार मधुपुर एवं एक बार सीएस बनाकर गौड्डा तबादला हुआ बाकी २९ वर्षों की कार्यकाल गिरिडीह जिला ही रहा।

उन्होंने ने बताया कि २०२१ में मुझे सिविल सर्जन प्रोन्नति के साथ गिरिडीह की प्रभार सौंपा गया तब से मैं यहां कार्यरत हूं। और मेरा प्रयास है कि रोगियों को उपचार के लिए अन्यत्र नहीं जाना पड़े, एक अन्य सवाल पर मिश्रा ने कहा कि राजनीतिज्ञों दवाव से अलग रहकर जो संभव होता वही किया जाता है। राजधनवार प्रखंड रेफर अस्पताल और साथ कार्य करने वाले चिकित्सक अरबिंद कुमार और सुरेश चंद्र शर्मा की कार्यशैली का चर्चा करते हुए कहा कि हम तीनों की प्रयास होता है कि बढ़िया से बढ़िया इलाज करते थे ताकि रेफर नहीं करना पड़े। आगे कहा कि चिकित्सा से जीतना संभव हो करना चाहिए उससे असंभव भी संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में झोला छाप डॉक्टर के कारण इस पेशे को बदनाम किया है। जबकि चिकित्सक को हर किसी का दर्द को अपना दर्द समझना होगा कारण कि उदहारण के रुप में डॉक्टर को लोग दूसरे ईश्वर कहते है। इस बात को ध्यान में रखकर चिकित्सक को इलाज पर ध्यान देना होगा।

# उपायुक्त से सड़क जांच कराने की मांग



**सिंदरी (ससे) :** धनबाद नगर निगम के वार्ड ५४ के डोमगढ़ सिटी कॉलोनी में बन रहे पीसीसी पथ निर्माण में भारी अनियमितता देखने को मिल रही है। सड़क निर्माण निर्धारित मानकों के अनुसार नहीं किया जा रहा है। पीसीसी पथ निर्माण में पत्थर की गिट्टी, बालू, सीमेंट का उपयोग कर बनाना है लेकिन संवेदक के द्वारा निर्धारित मात्रा में सीमेंट उपयोग नहीं किया जाता है एवं स्थानीय दामोदर नदी घाट का मिट्टी युक्त बालू का उपयोग निडर होकर सहायक अभियंता नगर निगम के कृपा से होता है। कारण सड़क निर्माण कार्य खत्म होने के बाद ही टूटना शुरू हो जाता है। जिस सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। वार्ड ५४ में हुए सभी निर्माण का यही हाल है। पथ निर्माण का सहायक अभियंता के द्वारा घटिया निर्माण होने के बावजूद सड़क निर्माण करने वाले संवेदक को नगर निगम से प्राक्कलित राशि का भुगतान हो जाता है जो सरकारी पैसे का दुरुपयोग है। वार्ड में हुए सभी निर्माण का अगर जांच हो तो कार्यपालक अभियंता एवं सहायक अभियंता का पोल खुल जायेगा। वार्ड ५४ के अनुसार निष्क्रिय एवं अयोग्य पार्षद के चलते घटिया निर्माण एवं वार्ड का विकास बाधित हो रहा है। वरिष्ठ कांग्रेसी प्रशांत कुमार दुबे ने नगर निगम के द्वारा होने वाले सभी निर्माण में पारदर्शिता बरतना चाहिए। भाजपा नेता धीरज सिंह ने वार्ड ५४ में हुए सभी पीसीसी पथ एवं नाला निर्माण की जांच उपायुक्त कराने की मांग की है।

# संस्कार भारती के केंद्रीय पदाधिकारी पहुंचे धनबाद

**धनबाद (कासं) :** संस्कार भारती के केंद्रीय पदाधिकारी अशोक तिवारी धनबाद पहुंचे। यहां उन्होंने सरायढेला के हेडगवार भवन में संस्कार भारती महानगर की बैठक में शामिल हुए। बैठक की शुरुआत ध्येय गीत से हुई। इसके बाद उन्होंने कहा कि हमारा संगठन संस्कारों के साथ कला के विकास के लिए काम करती आ रही हैं। आधुनिक युग में सोशल मीडिया प्लेटफार्म के उपयोग पर भी करना होगा एवं हमारे उद्देश्य का प्रचार प्रसार रील्स, शॉर्ट, युट्यूब, फेसबुक के माध्यम से करना पड़ेगा और युवाओं के बीच में कला के प्रति रुचि जगानी पड़ेगी।

यह बातें संस्कार भारती के केंद्रीय पदाधिकारी अशोक तिवारी ने सरायढेला स्थित हेडगवार भवन में आयोजित महानगर इकाई की बैठक को संबोधित करते हुए कहा। वे बोकारो से दिल्ली जाने के क्रम में धनबाद पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि जनवरी २०२५ में रांची में संस्कार भारती की कला साधक संगम होने जा रहा है। इसके लिए जिला स्तर पर उत्सव का आयोजन

होगा और चयनित कालाकारों को उसमें भाग लेने का मौका मिलेगा। इसके लिए प्रत्येक जिला को कला सांस्कृतिक उत्थान के लिए सांस्कृतिक उत्सव की तैयारी भी करनी पड़ेगी। बैठक में संस्कार भारती धनबाद महानगर के अध्यक्ष डा. प्रशांत कुमार, मंत्री संजय सेनगुप्ता, संरक्षक योगेंद्र तुलस्यान समेत काफी संख्या में संगठन के सदस्यगण उपस्थित थे।

# हेमंत सोरेन को जमानत, झारखंड में खुशी की लहर : ब्रजेंद्र सिंह

**धनबाद (कासं) :** झारखंड उच्च न्यायालय के द्वारा हेमंत सोरेन को जमानत दिए जाने की खबर पूरे झारखंड में गांव से लेकर शहर तक आग की तरह फैल गया। झारखंड के लोगों में बहुत ही खुशी का माहौल है। जमानत मिलने का जैसे ही समाचार आया महागठबंधन के साथ-साथ झारखंड के जनता ने भी एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी।



धनबाद में भी जगह-जगह पर खुशी का माहौल देखा गया और मिलकर एक दूसरे को बधाइयां देते दिखे। हेमंत सोरेन के जमानत मिलना बहुत बड़ी बात नहीं है। लेकिन यह लोकतंत्र की जीत हुई है बिना किसी कारण के मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए जबरन गिरफ्तार करना यह संविधान की हत्या के बराबर है। बिना सबूत के पांच महीना जेल में रखना यही तो संविधान की हत्या करना बताया जाता है और उसी की रक्षा के लिए आज पूरे देश में महागठबंधन संविधान बचाने में लगा है और सड़क से संसद तक यह जारी रहेगा।

हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर जिला २० सूत्री समिति के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, राशिद राजा अंसारी, मदन महतो, नवनीत नीरज, मनोज यादव, जोगिंदर सिंह जोगी, अनिल शाह, राजेश्वर सिंह यादव सहित सैकड़ों लोगों ने खुशी व्यक्त किया।

# निदेशक प्रभारी ने सुरक्षा पहलुओं का लिया जायजा

**बोकारो (ससे):** बीएसएल के निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने आज दिनाँक २८ जून को संयंत्र के हॉट स्ट्रिप मिल विभाग में सेफ्टी वॉक कर सुरक्षा पहलुओं का जायज़ा लिया. इस दौरान उनके साथ अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार- संकार्य) श्री राजन प्रसाद, निदेशक प्रभारी कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) श्री एल दास, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा) श्री बी के सरतापे सहित हॉट स्ट्रिप मिल विभाग के वरीय अधिकारी उपस्थित थे.

निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने सेफ्टी वॉक के दौरान हॉट स्ट्रिप मिल विभाग के अधिकारियों और कर्मियों से सुरक्षा पहलुओं पर चर्चा की तथा उन्हें पीपीई के इस्तेमाल और सुरक्षा नियमों के अनुपालन का निर्देश दिया. निदेशक प्रभारी ने शॉप फ्लोर में बेहतर हाउस कीपिंग पर भी बल दिया तथा सुरक्षा पहलुओं को और पुख्ता बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

# तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन

**बोकारो (ससे):** आदर्श उच्च विद्यालय सोनाटांड एवं राजकीय मध्य विद्यालय बी०एम०पी० चास बोकारो में तम्बाकू के दुष्परिणाम विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को तम्बाकू से होने वाले जनित रोगों से अवगत कराया गया। साथ ही सभी को तम्बाकू छोड़ने के परामर्शी सेवा के साथ-साथ तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं से अवगत भी कराया गया।

जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के मो० असलम द्वारा सभी बच्चों को बताया गया कि विद्यालय को तम्बाकू मुक्त रखने के लिये केवल शिक्षक की जिम्मेदारी नही है बल्कि बच्चों की भी जवाबदेही है कि वह अपने विद्यालय को तम्बाकू मुक्त रखें और टाफी गाईडलाईन में दिये सारे ९ बिन्दुओं पर कार्य करना सुनिश्चित करेंगे।

कार्यक्रम के अन्त में सभी बच्चों को तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के बारे में बताया गया और सभी को शपथ दिलाया गया कि भविष्य में कभी भी तम्बाकू का उपयोग नही करेंगे। साथ ही अपने आस पास के लोगों से भी तम्बाकू का उपयोग नही करने के लिये प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्या, स्वास्थ्य विभाग से जिला परामर्शी मो० असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, सोशल वर्कर छोटेलाल दास, विद्यालय के शिक्षक, स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में रेन डांस

**धनबाद (कासं) :** शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर किड्स विंग में कक्षा नर्सरी के बच्चों के लिए रेन डांस का आयोजन किया गया। बच्चों ने तपती गर्मी में इस रोचक आयोजन का खूब लुफ्त उठाया। सभी ने अपनी वर्ग शिक्षिका के साथ जमकर खूब मस्ती की। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय प्राचार्य एन एन श्रीवास्तव, किड्स स्विंग इंचार्ज मौसमी दास, नर्सरी की शिक्षिकाएं कविता आचार्य, सुमोना सेनगुप्ता,श्वेता कुमारी, उर्मी सिन्हा एवं राजनंदिनी टुडू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# वंदे भारत ट्रेन बन गयी आधुनिकता की पहचान

**हाजीपुर (ससे) :** भारतीय रेल की आधुनिक, स्वदेशी तकनीक और विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस भारत की पहली सेमी-हाई स्पीड रेल सेवा, वंदे भारत ट्रेन आज भारत की प्रगति और आधुनिकता का पहचान बन गयी है । इस श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए एक साल पहले आत्मनिर्भर भारत की मेड इन इंडिया पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस २७.०६.२०२३ को पहली यात्रा पर निकली थी। प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों द्वारा २७.०६.२०२३ को रांची से पटना के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन का शुभारंभ किया गया। इसके बाद २८.०६.२०२३ से इस ट्रेन की वाणिज्यिक सेवा शुरू हुई थी। मंगलवार को छोड़कर यह ट्रेन सप्ताह में ०६ दिन चलती है।

गाड़ी संख्या २२३४९/२२३५० पटना-रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन यात्रियों को विश्वस्तरीय यात्री सुविधाएं प्रदान कर रही है । यह ट्रेन यात्रियों के बीच काफी लोकप्रियता हासिल की है । यात्रियों का डेटा इसकी लोकप्रियता को दर्शाता है । परिचालन प्रारंभ होने के बाद २८.०६.२०२३से २१.०६.२०२४ तक लगभग ०१ लाख ६४ हजार यात्रियों ने इससे यात्रा की जिससे ३१.३२ करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ । इस अवधि में ५३० पैसेंजर की क्षमता वाली पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन की ऑकुपेंसी शत-प्रतिशत रही तथा इस ट्रेन द्वारा ३०९ ट्रिप लगाया गया ।

अप एवं डाउन दिशा में अगर अलग-अलग देखा जाए तो इस अवधि में गाड़ी संख्या २२३४९ पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन से १५.२७ करोड़ रूपए जबकि २२३५० रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन से १६.०५ करोड़ रूपए का राजस्व प्राप्त हुआ । यह ट्रेन पटना और रांची के मध्य ३७९ किलोमीटर की दूरी मात्र ०६ घंटे में तय करती है । इसके परिचालन से यात्रियों की जनशताब्दी एक्सप्रेस पर निर्भरता कम हुयी है । इसमें यात्रियों हेतु उच्च गुणवत्तायुक्त खान-पान सुविधा उपलब्ध करायी गयी है । कोडरमा एवं बरकाकाना के मध्य दुर्गम पहाड़ियों को काटकर बनाए गए टनलों से सुसज्जित रेलखंड पर चलने वाली इस ट्रेन के यात्रियों को यात्रा के दौरान प्राकृतिक सौंदर्य के मनोरम दृश्य का आनंदमयी अनुभूति होती है। इससे जहां दोनों राज्यों के पर्यटन में तेजी आयी है वहीं यहां के अन्य उद्योगों और व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला है। इस रेल सेवा से रांची और पटना के बीच लगभग ४० किमी की दूरी कम हुयी है जिससे यात्रा समय में भी कमी आयी है ।

वंदे भारत एक्सप्रेस में लगाये गये जीपीएस आधारित पेसेंजर इंफोर्मेशन सिस्टम, टच-फ्री टॉयलेट्स, वाई-फाई इंफोटेनमेंट जैसी सुविधाओं ने इसे विश्व स्तरीय बनाया है । ट्रेन में मौजूद कवच (एंटी कॉलिजन एवॉइडेंस सिस्टम) व सीसीटीवी इसे सुरक्षित बनाते हैं ।अत्याधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस यह ट्रेन अब रेलवे की नई पहचान बनकर उभरी है। इसका उद्देश्य यात्रियों को एक बिल्कुल नया यात्रा अनुभव प्रदान करना है।

# अभ्यर्थियों का लिया गया साक्षात्कार

**बोकारो (ससे):** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त विजया जाधव ने आयुष सोसाइटी अंतर्गत जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) पद की रिक्ति के विरूद्ध आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी आदि उपस्थित थे।

साक्षात्कार में शामिल अभ्यर्थियों से क्रमवार उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों ने उनके शैक्षणिक, प्रशिक्षण एवं कार्य अनुभव के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। साक्षात्कार में कुल ०२ अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिसका क्रमवार टीम द्वारा साक्षात्कार लिया गया।

# महिला समिति ने की वाटर कूलर की व्यवस्था

**बोकारो (ससे):** महिला समिति, बोकारो की अध्यक्ष श्रीमती अनिता तिवारी द्वारा जवाहर लाल जैविक उद्यान तथा जगन्नाथ मंदिर के समीप ,सेक्टर ०४ में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वाटर कूलर मशीन का शुभारंभ किया गया. इस व्यवस्था से आम लोगों को चौबीस घंटे स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो पाएगा. जवाहर लाल जैविक उद्यान में आने वाले लोग तथा जगन्नाथ मंदिर के दर्शनार्थी इसका उपयोग करेंगे. महिला समिति, बोकारो द्वारा समाज सेवा की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण प्रयास है.

इस मौके पर समिति की उपाध्यक्षगण श्रीमती प्रीति शरण, मोनिका रंगानी, निशा श्रीवास्तव तथा इति रथ व समिति की सचिव वंदना झा, उप सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी, कोषाध्यक्ष रीता रानी, सांस्कृतिक सचिव श्वेता कुमार, सुरभि प्रभारी अभिरुचि प्रिया, साबुन व सैनिटरी प्रभारी पुष्पा भरतिया, अनिशा झा, नीतू सुनीत, प्रीति राजेश, जया मधुलिका, आशा राज, समिता मोहंती मौजूद थे. महिला समिति बोकारो की सचिव श्रीमती वंदना झा ने बताया कि समिति सदैव समाज सेवा के लिए तत्पर और प्रयासरत रहती है. महिला समिति, बोकारो के इस जन सेवा के कार्य की सभी ने सराहना की.

# संकल्प महिला समिति ने बांटी मच्छरदानी



**कतरास (ससे) :** कतरास क्लब के प्रांगण में दीक्षा महिला मंडल संकल्प महिला समिति के सदस्यों द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत ३० गरीब महिलाओं को मच्छरदानी, बेडशीट, बिस्कुट और छांछ का वितरण किया गया। इस मौके पर संकल्प महिला समिति, कतरास क्षेत्र की अध्यक्षा भारती महापत्रा, पूनम सिंह, रेखा कुमार, आशा सांडिल्य, बीना चौधरी, रेणु सिंह, नीलू सिंह और अन्य उपस्थित थी।

# गिरिडीह को जल्द मिलगी मेडिकल कॉलेज की सौगात

**गिरिडीह(ससे):** गिरिडीह जिले को जल्द ही मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलने वाली है। सरकार ने गिरिडीह में मेडिकल कॉलेज के प्रस्ताव की मंजूरी दे दी है। इस सम्बंध में सिविल सर्जन के पास एक पत्र भी प्राप्त हो गया है। पत्र प्राप्ति होने के बाद विभाग मेडिकल कॉलेज निर्माण कार्य की प्रक्रिया में जुट गयी है।

गुरुवार को गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम गिरिडीह-डुमरी मुख्य मार्ग के बदगुन्दा में मेडिकल कॉलेज निर्माण को लेकर जमीन का निरीक्षण किया। इस दौरान इन के साथ अपर समाहर्ता बिजय सिंह बिरुआ, सिविल सर्जन डॉ. एसपी मिश्रा, सीओ मो. असलम, झामुमो जिलाध्यक्ष संजय सिंह के साथ कई लोग शामिल थे। सभी अधिकारियों ने बदगुन्दा के जमीन को मेडिकल कॉलेज के लिए चिन्हित किया और कहा कि यह जमीन मेडिकल कॉलेज के लिए काफी बेहतर है और यंही पर मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ. एसपी मिश्रा ने बताया कि गिरिडीह में मेडिकल कॉलेज का खुलना जिले के लिए गौरव की बात है और इसका लाभ जिले भर के लोगों को मिलेगा।

# मजदूर का बेटा बनेगा डॉक्टर




**डुमरी (ससे) :** झारखंड सरकार द्वारा आयोजित आकांक्षा प्रतियोगिता परीक्षा के मेडिकल वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय नगरी का छात्र विवेक कुमार मंडल ने सफलता पाकर विद्यालय सहित नगरी का नाम रौशन किया है साथ ही अन्य छात्र छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बना है।इस उपलब्धि पर शुक्रवार को विद्यालय में एक सादे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि निमियाघाट थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह जिप सदस्य धनंजय प्रसाद सामाजिक कार्यकर्ता पोखन साहू विद्यालय के प्रधानाध्यापक गणेश महतो,शंकर राम,पंकज कुमार साव,जागेश्वर महतो,सुनील कुमार शिक्षिका रीना कुमारी,दुलारचंद साहू,अरुण साव इत्यादि उपस्थित होकर गुलदस्ता उपहार एवं पुस्तक देकर विवेक कुमार एवं उनके पिता दिलीप मंडल को सम्मानित किया।विवेक के पिता हाट बाजार में बांस की टोकरी व सूप बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है जबकि मां चंचला देवी गृहिणी है।

# यूपी सरकार ने किया मेडिकल सीट लीविंग बॉन्ड पॉलिसी को खत्म

**लखनऊ,(ईएमएस):** यूपी के मेडिकल कॉलेज से पढ़ाई कर रहे हैं या करने जाने वालों के लिए एक अच्छी खबर आई है। अब योगी सरकार ने उत्तरप्रदेश में मेडिकल सीट लीविंग बॉन्ड पॉलिसी को खत्म करने का फैसला लिया है। ये एमबीबीएस, बीडीएस या पीजी मेडिकल कोर्स करने वालों के लिए किसी बड़े बदलाव से कम नहीं, जिसका इंतजार वह सालों से करते थे।

अगर आप मेडिकल की सीट छोड़ते, यानी किसी भी कारण से पढ़ाई बीच में छोड़ते हैं तो आपको उस कॉलेज को एक मोटी रकम जुर्माने के तौर पर देनी पड़ती थी जहां से आप पढ़ाई कर रहे होते थे। एमबीबीएस, बीडीएस के लिए यूपी सरकार मेडिकल कॉलेजों में एक लाख रुपए और निजी मेडिकल कॉलेजों में पूरी फीस देनी पड़ती थी। जबकि पीजी की सीट छोड़ने पर पांच लाख रुपए का जुर्माना देना होता था।

अब यूपी की योगी सरकार ने मेडिकल की पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले छात्रों पर लगाया जाने वाला जुर्माना हटा दिया है लेकिन, अगले साल फिर से दाखिला लेने पर रोक बरकरार रहेगी। हालांकि, इस बड़े फैसले के साथ ही मेडिकल सीट लिविंग बॉन्ड भरवाने का नियम खत्म करने वाला यूपी दूसरा राज्य बन गया है। इससे पहले मध्यप्रदेश ऐसा फैसला कर चुका है।

मेडिकल एजुकेशन महानिदेशक, किंजल सिंह ने बताया कि एमबीबीएस कोर्स छोड़ने वाले छात्र पहले से ही बहुत दबाव में होते हैं क्योंकि वे एक सुनहरा करियर छोड़ रहे होते हैं। वे ऐसा अंतिम विकल्प के रूप में करते हैं और उनके पास वाजिब कारण होते हैं, जिनमें आर्थिक कारण भी शामिल हैं। ऐसी स्थिति में, सरकार ने सोचा कि उनसे जुर्माने के रूप में पैसे लेना सही फैसला नहीं है। इसलिए जुर्माने के वित्तीय हिस्से को खत्म कर दिया है। किंजल ने नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के साथ बातचीत के आधार पर एक प्रस्ताव भेजा था। उन्होंने कहा कि जुर्माने का दूसरा हिस्सा वही रहेगा जहां एक उम्मीदवार को अगले साल नीट एग्जाम और काउंसलिंग में भाग लेने से रोक दिया जाएगा।

सिंह ने कहा कि हम यूपी में एमबीबीएस सीट्स और कॉलेजों की संख्या बढ़ा रहे हैं। हमारा ध्यान ज्यादा से ज्यादा उम्मीदवारों को डॉक्टर बनने में मदद करना है। इसलिए, छात्रों के हित में सीट छोड़ने के बॉन्ड में उल्लिखित वित्तीय दंड को खत्म करने का निर्णय लिया गया है लेकिन यहां पैसा महत्वपूर्ण नहीं है ऐसे में, हमें उम्मीदवार के साथ सहानुभूति रखने की जरूरत है, इस फैसले को ध्यान में रखते हुए कि वे अपना पूरा करियर दांव पर लगा रहे हैं। यूपी में वर्तमान में ६० से ज्यादा मेडिकल कॉलेजों में ९२७८ एमबीबीएस और २०७० बीडीएस सीटें हैं।

एक दर्जन से ज्यादा नए मेडिकल कॉलेजों के २०२४ नीट काउंसलिंग में शामिल होने की उम्मीद है। यूपी में एमबीबीएस सीटों की संख्या १०,००० से ज्यादा होने की उम्मीद है।

# टीएलएम मेला का आयोजन आज

**बोकारो (ससे):** निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य स्तर पर तीन दिवसीय निपुण समागम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस निपुण समागम कार्यक्रम का आयोजन का तैयारी के क्रम में जिला स्तर पर टीएलएम मेला का आयोजन होना है। जिला स्तर पर इस मेले का आयोजन राम रूद्रा प्लस टू उच्च विद्यालय चास के परिसर में शनिवार को किया जाएगा। इसकी जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा ने दी। बताया कि टीएलएम मेला में सभी प्रखंड के ओर से प्रखंड अंतर्गत एफएलएन को लेकर किया जा रहें कार्य गतिविधियों व शिक्षकों की ओर से बनाए गए टीएलएम का प्रदर्शन किया जाए। मेला स्तर पर प्रदर्शनी को देखने व भाग लेने के लिए नजदीकी क्षेत्र के विद्यालयों के शिक्षकों, विद्यार्थियों, आंगनबाड़ी केंद्रों प्रखंड स्तर पर प्रखंड साधन सेवाओं को आमंत्रित किया गया है। इस मेल को बाल केंद्रित बनाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा।

# सिंचाई परियोजनायें समय सीमा में पूरी होनी चाहिए:मुख्यमंत्री

**रांची (ससे):** हर खेत तक पानी पहुंचाना राज्य सरकार का लक्ष्य है। इसके लिए सिंचाई सुविधाओं का विस्तार जरूरी है। हमारे किसान सालों भर कृषि कर सकें, इसके लिए खेतों में पटवन की व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन ने आज जल संसाधन विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में विभिन्न सिंचाई योजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने के लिए उसके निर्माण कार्य में तेजी लाने का अधिकारियों को निर्देश दिया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सिंचाई की कई आधुनिकतम तकनीकें हैं। इसमें मेगा लिफ्ट और भूमिगत पाइपलाइन सिंचाई परियोजनाएं काफी कारगर साबित हो रही हैं। झारखंड में भी भूमिगत पाइपलाइन सिंचाई परियोजनाओं को विस्तारित किया जा रहा है। इससे फायदा है कि ना तो जमीन अधिग्रहण की समस्या आएगी और ना ही डैम और जलाशय की वजह से गांव डूबेंगे। इसके साथ भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से एक बड़े इलाके में बिना किसी अड़चन के काफी कम समय में सिंचाई सुविधाओं को पहुंचा सकते हैं। इससे जल का भी ज्यादा से ज्यादा सदुपयोग हो सकेगा।

मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग से कहा कि वह छोटी सिंचाई परियोजनाओं पर विशेष जोर दे। इससे खेतों में जल्द पानी पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वृहद एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के पूरा होने में काफी ज्यादा समय लगता है । इसकी लागत राशि भी काफी ज्यादा होती है और विस्थापन की समस्या पैदा होती है। ऐसे में छोटी-छोटी सिंचाई परियोजनाओं के क्रियान्वयन से इस तरह की समस्याएं नहीं आएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में ऐसी कई बड़ी सिंचाई परियोजनाएं वर्षों से लंबित है। उनके कार्य की गति काफी धीमी है। इन सिंचाई परियोजनाओं की वजह से विस्थापन से जुड़ी कई समस्याएं सामने आती है। ऐसे में विस्थापितों के समस्याओं का समाधान समाधान हो जाना चाहिए। विस्थापितों के पुनर्वास और मुआवजा से संबंधित मामले लंबित नहीं रहने चाहिए । उन्होंने कहा कि सिंचाई परियोजनाओं को इस तरह से धरातल पर उतरे कि कम से कम विस्थापन की नौबत आए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर ऊर्जा से सिंचाई एक टिकाऊ और बेहतर विकल्प के रूप में उभर कर सामने आया है। ऐसे में सोलर सिंचाई प्रणालियों का इस्तेमाल हो।

उन्होंने कहा कि सिंचाई पंपों और ड्रिप सिंचाई प्रणालियों को चलाने के लिए इसका इस्तेमाल होना चाहिए। इससे पर्यावरण के साथ पानी की बर्बादी को कम करने और फसल की पैदावार बढ़ाने में मदद मिल सकती है। इसका फायदा है कि किसानों को सिंचाई के लिए बिजली पर अनावश्यक खर्च नहीं करना पड़ेगा।

इस उच्चस्तरीय बैठक में मुख्य सचिव श्री एल०खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अरवा राजकमल, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री प्रशांत कुमार , अभियंता प्रमुख श्री संजय कुमार समेत अन्य अभियंता भी मौजूद थे।

# हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर सुप्रियो ने कहा, झारखंड क्रांतिकारियों की जमीन है, संघर्ष हमारे डीएनए में है

**रांची (ससे):** जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेन्स कर कहा कि १४८ दिन के बाद एक बड़ी राहत मिली है, जब झारखंड हाई कोर्ट ने जमानत दी है. हम शुरू से इस बात को कह रहे थे और हेमंत सोरेन ने विधानसभा के पटल पर भी यह बात रखी थी.



कहा था कि ८ एकड़ रकबा वाली जमीन की अगर एक छटांक जमीन भी हमारे नाम पर होगी, तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा. सुप्रियो ने कहा कि हेमंत सोरेन के कठोर प्रण वाली बातों में ईमानदारी और सच्चाई भरी थी, इस जमानत के आदेश से उन पर मुहर लगी है. जो आरोप लगे थे, यह कहीं से भी साबित नहीं हो पाये.

कहा कि जमानत कोई आसान शब्द नहीं है, यह झारखंड के ४ करोड लोगों के विश्वास की जमानत है. लोकसभा चुनाव के पूर्व एक सुनियोजित साजिश के तहत विरोधी चाहते थे कि एक प्रखर नेता (हेमंत सोरेन) की आवाज को शांत किया जाये. सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रखर नेता के पैरों में बेड़ियां लगाने की साजिश रची गयी. हाथों में हथकड़ी, पैरों में बेड़िया डाली गयी थी कि चुनाव को प्रभावित किया जा सके. आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय बीजेपी की कठपुतली था, जो उसके इशारों पर काम कर रहा था, ताकि चुनाव में एनडीए को बढ़त मिले.

आदिवासियों ने दिखा दिया कि झारखंड में आदिवासियों की एक भी सीट बीजेपी के खाते में नहीं गयी. अगर चुनाव के दौरान हेमंत सोरेन बाहर रहते तो आज पूरे देश की राजनीतिक स्थिति कुछ अलग रहती. राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष नहीं बल्कि प्रधानमंत्री होते. झारखंड में और ९ सीटें और पूरे देश में कम से कम ३० सीटों का इज़ाफ़ा इंडिया गठबंधन का होता. सुप्रियो ने कहा कि साजिश का अंत हो गया, बाहर निकल गया अपना हेमंत. यह आज का नारा है. लोकसभा चुनाव अगर कल भी होता है तो हम भारतीय जनता पार्टी को सिंगल डिजिट में रोक देंगे, अपने बल पर झारखंडियों की सरकार बनायेंगे.

कहा कि भुंईहारी ज़मीन को लेकर जो आरोप लगे वह भी ८ एकड़ के. पूरे झारखंड का क्षेत्रफल ७९ हज़ार ७१० ोरीीश किलोमीटर का है. वह पूरा क्षेत्र हेमंत सोरेन का है. बीजेपी की गीदड़ भभकी हमें डरा नहीं सकती. ३० जून हूल दिवस है. झारखंड क्रांतिकारियों की जमीन है और संघर्ष हमारे डीएनए में है. हम देश के आदिवासियों, दलितों,अल्पसंख्यकों की आवाज को नहीं छोड़ सकते. युवाओं की उम्मीद के साथ हम खिलवाड़ नहीं कर सकते. सुप्रियो भट्टाचार्य ने झारखंड हाईकोर्ट के साथ-साथ तमाम लोगों का आभार जताया.

# पश्चिमी सिंहभूम में माओवादी समर्थकों पर एनआईए की छापेमारी

## पलामू में नक्सलियों ने मचाया उत्पात

**रांची (ईएमएस):** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के संदिग्धों और समर्थकों के परिसरों पर छापेमारी की। एनआईए की ओर से कहा गया कि छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, दस्तावेज और पत्र सहित कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त हुई।

एनआईए ने यह कार्रवाई तीन नक्सल समर्थकों की गिरफ्तारी के बाद की, जो भाकपा (माओवादी) के लिए संदेशवाहक के रूप में काम कर रहे थे। एनआईए के बयान में कहा गया है कि तीनों को सिंहभूम जिले के बेरा केंदुड़ा में स्थित स्कूल से पकड़ा गया था और उनके पास से एक आपत्तिजनक पत्र मिला था, इसके बाद एनआईए ने जिले के अन्य नक्सल समर्थकों और संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

उधर पलामू में सीपीआई माओवादी नक्सलियों ने एक रोड कन्स्ट्रक्शन साइट पर हमला बोलकर तीन वाहनों को आग के हवाले कर दिया। नक्सलियों ने सड़क निर्माण करा रही कन्स्ट्रक्शन कंपनी से लेवी (रंगदारी) की मांग की थी। माना जा रहा है कि मुंह मांगी रकम न मिलने पर इस वारदात को अंजाम दिया गया। बताया गया है कि डंडिला से सड़ेया गांव तक सड़क निर्माण चल रहा है। सीपीआई माओवादियों का एक हथियारबंद दस्ता डंडिला पहुंचा और एक जेसीबी एवं दो ट्रैक्टरों में आग लगा दी। इस सड़क का निर्माण अभय कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी कर रही है, इसके मालिक हुसैनाबाद के विधायक कमलेश सिंह के भाई विनय कुमार सिंह हैं। पुलिस सूत्रों ने वारदात के पीछे १५ लाख इनामी माओवादी कमांडर नितेश यादव के दस्ते का हाथ बताया है।

# विक्रम मिस्री होंगे विदेश सचिव

**नई दिल्ली (ईएमएस):** देश के डिप्टी एनएसए विक्रम मिस्री अगले विदेश सचिव होंगे। सरकार ने नियुक्ति आदेश जारी किया है। वे विनय मोहन क्वात्रा की जगह लेंगे।

मिस्री इससे पहले ३ प्रधानमंत्रियों के निजी सचिव भी रह चुके हैं। उन्होंने १९९७ में इंद्र कुमार गुजराल, २०१२ में मनमोहन सिंह और २०१४ में नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में काम किया है। मिस्री का जन्म १९६४ में श्रीनगर में हुआ था। उनकी शुरुआती पढ़ाई ग्वालियर में हुई। वे १९८९ बैच के आईएफएस अधिकारी हैं।

# राजभवन जाने से डर रहीं महिला विधायक:ममता

**कोलकाता (ईएमएस):** पश्चिम बंगाल में एक बार फिर राजभवन, टीएमसी के निशाने पर आ गया है। यहां दो विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में टीएमसी ने जीत दर्ज की है। जीते हुए विधायकों में बारानगर सीट से सायंतिका बनर्जी तो भगवानगोला सीट से रेयात हुसैन सरकार शामिल हैं।तृणमूल कांग्रेस के दोनों नवनिर्वाचित विधायक अपनी इस मांग पर अड़े हुए हैं कि विधानसभा में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाए, इसे लेकर उन्होंने राज्यपाल सीवी आनंद बोस से आग्रह भी किया है, जबकि राज्यपाल ने दोनों को राजभवन में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया था। अपनी मांग को लेकर सायंतिका बनर्जी और रेयात हुसैन सरकार ने विधानसभा परिसर के अंदर बीआर अंबेडकर की प्रतिमा के सामने धरना-प्रदर्शन किया। अब राज्य की सीएम ममता बनर्जी ने यह कहकर सनसनी फैला दी कि महिला विधायक को राजभवन में जाने से डर लगता है।

विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। वहीं, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्यपाल पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें इस प्रक्रिया में बाधा डालने का कोई अधिकार नहीं है। बनर्जी ने कहा कि कोई भी राजभवन नहीं जाना चाहता क्योंकि वहां कुछ ऐसी गतिविधियां चल रही हैं।

महिलाएं राजभवन में प्रवेश करने से डरती हैं। उनका इशारा लोकसभा चुनाव के दौरान राज्यपाल पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली एक महिला कर्मचारी की शिकायत की ओर था। दूसरी ओर राज्यपाल बुधवार दोपहर दिल्ली रवाना हो गए जिससे मामला और उलझ गया है।

# राजस्थान यूनिवर्सिटी के स्विमिंग पूल में डूबकर युवक की मौत

**जयपुर (ईएमएस):** राजस्थान यूनिवर्सिटी के कुलपति के आवास के बाहर सैकड़ों छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। दरअसल एक छात्र की कथित तौर पर यूनिवर्सिटी के स्विमिंग पूल में डूबने से मौत के बाद छात्र आक्रोशित होकर कुलपति के आवास के बाहर प्रदर्शन किया।

इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रों को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने बताया कि २१ वर्षीय छात्र विकास यादव स्विमिंग पूल में तैराकी की क्लास ले रहा था, तभी वह डूब गया। शाम की तैराकी कक्षाओं के दौरान विकास के कुछ दोस्तों ने विकास को बचाने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हुए। इसके बाद छात्रों ने यूनिवर्सिटी के कुलपति के आवास का घेराव कर आरोप लगाया कि लाइफ गार्ड ने समय पर कोई प्रतिक्रिया नहीं की और घटना के समय कोई कोच मौजूद नहीं था, जिसके कारण विकास पूल में डूब गया। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर लापरवाही और कुप्रबंधन का आरोप लगाया।

# अभिनेत्री हिना खान ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित, फैंस हुए निराश

**नई दिल्ली (ईएमएस):** बॉलीवुड अभिनेत्री हिना खान के सोशल मीडिया पर एक पोस्ट से उनके फैंस काफी निराश हो गए हैं। हिना ने पोस्ट में बताया कि उन्हें ब्रेस्ट कैंसर है। हिना ने अपने पोस्ट में लिखा है, सभी को नमस्कार! कई ऐसी अफवाहें आई थीं जिसपर मैं बात करना चाहती हूं।

मैं उन सभी लोगों के साथ एक जरूरी बात शेयर करना चाहती हूं जो मुझे प्यार करते हैं और मेरी परवाह करते हैं। मुझे स्टेज थ्री ब्रेस्ट कैंसर का पता चला है। हिना ने आगे लिखा है-वह इस गंभीर बीमारी का इलाज करा रही हैं और वह अब ठीक हैं। उन्होंने लिखा-मैं इस बीमारी पर काबू पाने के लिए मजबूत, दृढ़ और पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं।

मेरा इलाज पहले ही शुरू हो चुका है और मैं इससे और भी मजबूत होकर उभरने के लिए तैयार हूं। हिना ने अपने फैंस से इस बात को गोपनीयता रखने की अपील की हैं। इसके साथ ही उन्होंने कैंसर की भयानक लड़ाई में फैंस से सपोर्ट मांगा है और कहा कि वे दुआ करें कि वे जल्दी ठीक हो जाएं।

# शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाले सुमित को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**रांची (ससे):** रांची सिविल कोर्ट ने शादी का झांसा देकर ७ साल तक यौन शौषण करने के दोषी सुनील मुंडा उर्फ सुमित कुमार पाहन को दस वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. कोर्ट ने सुमित को २१ जून को दोषी करार दिया था. शुरुआत को सजा की बिंदु पर सुनवाई हुई. रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने सुनील को दोषी करार दिया है.

पीड़िता ने सुनील के खिलाफ बरियातू थाना में कांड संख्या ९३/२०१७ दर्ज कराई थी. पीड़िता नर्स का काम करती थी. सुनील मरीज का इलाज के बहाने पीड़िता के घर आता जाता था. इसी क्रम में आरोपी ने पीड़िता से नजदीकियां बढ़ाई, जिसके बाद दोनों के बीच दोस्ती हुई और बाद में यह दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल गई. एक दिन आरोपी ने शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाया.

पीड़िता जब शादी करने कहती तो आरोपी बहाना बनाकर टालमटोल करता रहा और सात साल तक यौन शौषण करता रहा.

पीड़िता को जब लगा कि आरोपी धोखा देकर शोषण कर रहा है, तो शादी के लिए दबाव बनाने लगी. पीड़िता के दबाव के बीच आरोपी शादी करने से मुकर गया.

# पहले गर्मी अब बारिश ने तोड़ा दिल्ली में 88 साल का रिकॉर्ड, एनसीआर पानी-पानी

**नई दिल्ली (ईएमएस):** दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार देर रात से हो रही बारिश के चलते कई जगहों पर जलभराव हो गया है जिसके कारण लोगों को जाम से जूझना पड़ रहा है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार सुबह ८.३० बजे से शुक्रवार सुबह ८.३० बजे तक दिल्ली में २२८ मिमी बारिश हुई है। यह १९३६ के बाद जून महीने में २४ घंटे में हुई सबसे ज्यादा बारिश है। उस साल २८ जून को २३५.५ मिमी बारिश हुई थी। दिल्ली में जून के पूरे महीने में औसतन ८०.६ मिमी बारिश होती है। पिछले २४ घंटे में ही उससे लगभग तीन गुना बारिश होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। सुबह ऑफिस और काम पर जाने वालों को जाम और जलजमाव से जूझना पड़ा थी।

हालांकि लोगों को दो महीने से जारी भीषण गर्मी से जरूर राहत मिली है। शुक्रवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान २४.७ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से ३.२ डिग्री कम है। राष्ट्रीय राजधानी में पिछले १५ साल में कभी पूरे जून महीने में भी कुल २०० मिमी बारिश नहीं हुई है। मानसून की पहली बारिश ने ही दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय के दावों की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा था कि इस बार दिल्ली वाले मानसून को पूरी तरीके से एंजॉय करेंगे। ड्रेनेज की सफाई का काम पूरा हो चुका है, लेकिन मानसून की पहली बारिश में ही जगह-जगह हुए जलभराव से उनके दावों की पोल खुल गई है। आईटीओ पर करीब दो-तीन फीट पानी भर गया है जिससे वहां जाम लग गया। मंडी हाउस जाने वाले हनुमान मंदिर चौराहे पर तीन फीट पानी भरा हुआ है जिसके बाद सड़क बंद कर दी गई है। इससे अशोक रोड, फिरोजशाह रोड और कनॉट प्लेस जाने वाले लोगों को दिक्कत हो रही है। कुछ ऐसा ही हाल दिल्ली के मूलचंद और अन्य इलाकों का भी है। बीते १८ जून को शैली ओबेरॉय ने कहा था कि मानसून आने से पहले अपनी तैयारी को पूरा करने में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और उसके अधिकारी जुटे हुए हैं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी०,(बोकारो)

### शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या:- **NREP/BOKARO/ 03/2024-25** दिनांक–22.06.2024 जो समाचार पत्रों में पी0आर0 नं0–327387 NREP(24-25)#D के द्वारा प्रकाशित निविदा के कमांक सं0 (4) में निविदा खोलने की तिथिः– 09.07.2024 के स्थान पर तिथि :– 10.07.2024 पढ़ा जाय एवं अन्य शेष शर्त्तें यथावत रहेंगें।

कार्यपालक अभियंता,
एन0आर0ई0पी0, बोकारो।

PR.NO.328101 NREP(24-25):D

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो

राष्ट्रीय लोक अदालत
दिनांकः 13 जुलाई 2024 (शनिवार)
समय : 10:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 अपराह्न तक
स्थानः– न्याय सदन, व्यवहार न्यायालय, बोकारो एवं व्यवहार न्यायालय परिसर, तेनुघाट, बोकारो

### सर्वसाधारण को सूचना

विदित हो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), राँची के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो के द्वारा दिनांकः 13/07/2024, दिन शनिवार, समय 10:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 अपराह्न तक, न्याय सदन, व्यवहार न्यायालय, बोकारो एवं व्यवहार न्यायालय परिसर, तेनुघाट, बोकारो में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नलिखित मामलों का निष्पादन किया जाएगा :–

| | |
|---|---|
| सभी प्रकार के दीवानी मामलें | वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले |
| सुलहनीय आपराधिक मामलें | बिजली बिल, पानी बिल एवं अन्य बिल से संबंधित मामले (अशमनीय मामलों को छोड़कर) |
| बैंक सर्टिफिकेट केस | उत्पाद व वन विभाग से संबंधित मामले |
| भरण–पोषण एवं पारिवारिक/वैवाहिक मामले (विवाह विच्छेद को छोड़कर) | माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| श्रम विवाद एवं रोजगार संबंधित मामले | चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| भूमि अधिग्रहण संबंधित मामले | वाद पूर्व निस्तारण योग्य मामलें |
| राजस्व संबंधित मामले | धन वसूली वाद |
| वेतन, भते, सेवानिवृति आदि से संबंधित सेवा मामले | अन्य सुलहनीय मामले |

अतः सामान्य जनता से अनुरोध है कि वे अपने उपरोक्त वर्णित मामलों से संबंधित वादों को उक्त लोक अदालत में निष्पादित कर लाभान्वित हों।

पुज्य प्रकाश
पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो

जाधव विजया नारायण राव
उपायुक्त –सह– उपाध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो

अनिल कुमार मिश्रा नं0. 2
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश –सह– अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो

नोटः– इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस पर 10:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक न्याय सदन, व्यवहार न्यायालय, बोकारो एवं अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, व्यवहार न्यायालय परिसर, तेनुघाट के कार्यालय/ हेल्पलाइन नम्बर– 06542–221003, या सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो (मो0– 9431350936, EMAIL ID: dlsabokaro@gmail.com) एवं सचिव, अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति, बेरमो स्थित तेनुघाट (मो0– 9798167396, EMAIL ID:- sdlsctenughat@gmail.com) से संपर्क कर सकते हैं।

निवेदकः
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, बोकारो

PR 328070 Law(24-25).D

## Government of Jharkhand
## Urban Development & Housing Department
## Chas Municipal Corporation, Chas

### e- Procurement
### Short Notice Inviting Tender

Reference No. - UDD/CMC/02/2024-25

| Group No. | Name of work | Tender Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | INSTALLATION OF 2 NOS. OF HIGH MAST LIGHT OF 16 MTR. AT BHOJPUR COLONY (NEAR HANUMAN MANDIR, WARD 12) AND AT TELIDIH MORE (NEAR HIGHWAY, WARD NO - 30) RESPECTIVELY UNDER CHAS MUNICIPAL CORPORATION, CHAS (BOKARO) | 1346032.96 | 27000.00 | 5000.00 | 01Months |
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 04/07/2024 | | | |
| 2 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 15/07/2024 up to 02:00 PM | | | |
| 3 | बिड खोलने की तिथि एवं समय | 16/07/2024 at 03:00 P M | | | |
| 4 | निविदा आमंत्रित करनें वाले पदाधिकारी | Additional Municipal Commissioner Chas Municipal Corporation, Chas. | | | |
| 5 | निविदा आमंत्रित करन ` वाले पदाधिकारी का टेलीफोन नं0/ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का सं0 | 6206457301 | | | |

NOTE :
- Only e-Tenders will be accepted.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in
- e-Procurement में Tender Fee एवं EMD की राशि ऑनलाईन सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, राँची का आदेश ज्ञापांक 120, दिनांक 03.10.2023 एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड राँची का पत्रांक 05/विविध (e-Tender) –12/2023/न0वि– 4847 (अनु.) दिनांक 11.10.2023 के तहत् ली जायेगी।

प्रशासक–सह–अपर नगर आयुक्त
चास नगर निगम।

PR 328074 (Urban Development) 24-25 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो

### ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/BOKARO/10/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो जिला के बेरमो प्रखण्ड अंतर्गत राजेन्द्र उच्च विद्यालय, जारंगडीह में चाहरदीवारी एवं गैलेरी का निर्माण तथा मैदान का समलीकरण कार्य। | 4266500.00 | 85500.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 2 | बोकारो जिल के जरीडीह प्रखण्ड अंतर्गत उच्च विद्यालय, बाँधडीह में चाहरदीवारी का रंग–रोगन, शौचालय एवं गैलेरी का निर्माण। | 3182100.00 | 64000.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 3 | बोकारो जिला के बेरमो प्रखण्ड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, कुरपनिया में चाहरदीवारी का निर्माण। | 2096000.00 | 42000.00 | 5000.00 | 6 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 05.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 05.07.2024 से दिनांक 12.07.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, बोकारो।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 15.07.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, बोकारो।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06542 291060 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,बोकारो

PR 328097 Rural Development(24-25).D

## झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार
बोकारो प्रक्षेत्र, बियाडा भवन, बालीडीह, बी0एस0सिटी0–14
दूरभाष संख्या–6542253731, Email.mdbiadabokaro@gmail.com

### प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वश्री ओम ट्रेडस, प्रक्रम – III, प्लॉट नं0 – III/A 6(P), रकवा 0.50 एकड़, बोकारो औद्योगिक क्षेत्र, बालीडीह, बोकारो के साझेदार श्री अनिल कुमार सिंह, द्वारा प्राप्त पत्र के आलोक में अपने अस्वस्थ रहने के कारण इकाई को सुचारू रूप से चलाने हेतु श्री सोनू कूमार सिंह एवं श्रीमती आरती वर्मा साझेदार के नाम से साझेदारी परिवर्तन करना चाहते है। इकाई के साझेदार श्री अनिल कुमार सिंह को इकाई से मुक्त करने एवं इकाई का स्वातित्व परिवर्तन श्री सोनू कुमार सिंह एवं श्रीमती आरती वर्मा साझेदार के नाम से परिवर्तन किया जाना है।

अतः उपर्युक्त प्रस्ताव पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के अन्दर अपना लिखित आपत्ति दर्ज करें अन्यथा निर्धारित समय अवधि समाप्ति के उपरांत प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी ।

ह0/–
क्षेत्रीय निदेशक
जियाडा, बोकारो प्रक्षेत्र।

PR 328079 (Industries) 24-25 (D)

# संपादकीय

## कनाडा में आतंक का महिमामंडन...

वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र की बात और अपने देश में प्रकारांतर से आतंकवाद का समर्थन और महिमामंडन मानो कनाडा की फितरत होती जा रही है। पिछले कुछ समय से यह लगातार देखा जा रहा है कि एक ओर कनाडा भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग का संबंध मजबूत करने की दुहाई देता है और दूसरी ओर वह भारत के खिलाफ आतंकी तत्त्वों को संरक्षण देता है, उनके लिए सहानुभूति का सार्वजनिक प्रदर्शन करता है। हालांकि कनाडा के इस चेहरे को समझना अब मुश्किल नहीं रह गया है और एक तरह से यह भारत के लिए सजग रहने का वक्त है। यही वजह है कि आतंकवादियों के प्रश्रय देने के कनाडा के रुख के मद्देनजर अब भारत ने भी स्पष्ट प्रतिक्रिया देना शुरू कर दिया है। वर्ष 1985 के कनिष्क बम विस्फोट की उनतालीसवीं बरसी पर कनाडा में आतंकवाद का महिमामंडन करने वाली गतिविधियों को निंदनीय करार देते हुए भारत ने साफ शब्दों में कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी कार्रवाइयों को वहां इजाजत दी जाती है, जबकि शांतिप्रिय देशों और लोगों की ओर से आतंकवादी गतिविधियों की निंदा की जानी चाहिए।

गौरतलब है कि कनिष्क बम विस्फोट की घटना में एअर इंडिया के विमान में सवार तीन सौ उनतीस लोगों की जान चली गई थी। मरने वालों में ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई थे। माना जाता है कि उस समय के खालिस्तान समर्थक आतंकवादी तत्त्व कनिष्क बम विस्फोट की घटना के लिए जिम्मेदार थे। इसके बावजूद कनाडा पर खालिस्तान समर्थकों को संरक्षण देने के आरोप लगते रहे हैं। आमतौर पर कनाडा इन आरोपों से इनकार करता रहा है, मगर वह इस



सवाल का जवाब नहीं दे पाता कि अगर वह आतंकवाद में विश्वास रखने वालों को प्रश्रय नहीं देता है तो वहां की संसद तक में किसी खालिस्तानी तत्त्व की याद में गतिविधियां क्यों आयोजित होती हैं। हाल ही में खालिस्तानी चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की याद में कनाडा की संसद में 'एक मिनट का मौन' रखा गया था, जिसकी भारत ने तीखी आलोचना की थी।

विचित्र यह है कि कनाडा की ओर से भारत के साथ कई मुद्दों पर साथ होने और आर्थिक-राष्ट्रीय सुरक्षा पर चर्चा करने की दुहाई दी जाती है और साथ ही वहां की संसद में खालिस्तान समर्थकों की हिमायत में 'एक मिनट का मौन' रखा जाता है। सवाल है कि दूसरे देशों में लोकतंत्र की लड़ाई का पक्ष लेने के दावे के समांतर कनाडा किस तर्क पर अपने देश में अलगाववादी तत्त्वों को संरक्षण देता है, उनके प्रति सहानुभूति का रुख रखता है। क्या वह इस तथ्य से अनजान है कि इस मसले पर भारत के सामने कैसी चुनौतियां खड़ी हैं? क्या यह परोक्ष रूप से भारत जैसे देश की संप्रभुता में दखल नहीं है?

यह रवैया रखते हुए कनाडा भारत के साथ किस तरह के सहयोग की अपेक्षा करता है? यह ध्यान रखने की जरूरत है कि आतंकवाद किसी तरह की सीमा, राष्ट्रीयता या नस्ल का खयाल नहीं करता और यह एक ऐसी चुनौती है, जिससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय को मिल कर निपटने की जरूरत है। विश्व में ऐसे भी उदाहरण रहे हैं कि अगर किसी देश ने अपने सीमा-क्षेत्र में आतंकवाद को पलने-बढ़ने का मौका दिया, उसे प्रश्रय दिया, तो बाद में खुद उसे ही आतंकवाद का पीड़ित और भुक्तभोगी होना पड़ा। कनाडा आतंक का महिमामंडन करके न केवल भारत के सामने जटिल हालात पैदा करने की कोशिश करता है, बल्कि वह अपने भविष्य के लिए भी मुश्किलों की पृष्ठभूमि तैयार कर रहा है।

## मोबाइल की लत बच्चों के लिए जी का जंजाल

आज के दौर में आधुनिकता का एक पैमाना यह भी प्रचारित किया गया है कि कोई व्यक्ति नई तकनीकी का कितना इस्तेमाल करता है। इस धारणा की जद में वे तमाम लोग हैं, जो जरूरत होने पर या फिर गैरजरूरी तरीके से तकनीक पर निर्भर हो चुके हैं। विडंबना यह है कि इस धारणा का आकर्षण बच्चों को भी अपने दायरे में ले चुका है और उनके कोमल मन-मस्तिष्क को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। अरुणाचल प्रदेश के एक स्कूल में जब एक पंद्रह वर्षीय किशोर को मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने की वजह से स्कूल छोड़ने को कहा गया, तो उसके बाद किशोर के आत्महत्या कर लेने की खबर आई। सवाल उठता है कि आए दिन स्मार्टफोन की लत की वजह से बच्चों के भीतर अप्रत्याशित प्रतिक्रिया होने की खबरें आने के बावजूद स्कूल प्रबंधन ने संवेदनशील तरीके से इस मसले का हल निकालना जरूरी क्यों नहीं समझा? स्कूल में मोबाइल का उपयोग प्रतिबंधित होने के बाद भी अगर वह किशोर ऐसा कर रहा था तो यह उसकी मानसिक परिस्थितियों या लत का नतीजा हो सकता है। इस स्थिति में उसे हिदायत देने के क्रम में मनोवैज्ञानिक पहलुओं का ध्यान रखा जाना चाहिए था। सच यह है कि आज बच्चों और किशोरों के भीतर अगर स्मार्टफोन देखने को लेकर अतिरेक की हद तक व्यस्तता देखी जा रही है तो इसका कारण मनोविज्ञान ही है। सिमटे परिवार और कामकाजी व्यस्तता के दौर में बच्चों के साथ घुलने-मिलने और खेलने के लिए अभिभावकों के पास समय नहीं है और बच्चों के हाथ में स्मार्टफोन देकर अभिभावक सोचते हैं कि उनका बच्चा आधुनिक और अद्यतन हो रहा है। मगर उसे जरूरत या फिर गैरजरूरी होने पर भी लगातार देखते रहने पर बच्चे का कोमल मन-मस्तिष्क एक तरह के सम्मोहन का शिकार हो जाता है और उसी से उसकी मानसिक परिस्थितियां संचालित होने लगती हैं। वह मोबाइल के स्क्रीन के प्रभाव में इस हद तक आ जाता है कि उसे छोड़ने पर उसका विवेक काम करना बंद कर सकता है और ऐसी स्थिति में कई बार वह खुद को नुकसान पहुंचा लेता है। इसलिए अगर कोई बच्चा इस परेशानी का शिकार हो तो उसके प्रति सख्ती के बजाय संवेदनशील और मनोवैज्ञानिक तौर-तरीकों का सहारा लेना चाहिए।



## आज का कार्टून

ओवैसी ने संसद में शपथ ग्रहण के बाद जय फिलिस्तीन का भी नारा लगाया...




वर्तमान परिस्थितियों में तो संसद को साल में कम से कम 200 दिन काम करना चाहिए। पर उम्मीद कम ही है। सत्रहवीं लोकसभा का पहला सत्र चालीस दिन चला था और अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सिर्फ नौ दिन चलेगा। इसमें तीन दिन शपथ में निकल जाएंगे और दो दिन छुट्टी रहेगी। क्या प्रतिपक्ष के अधिक ताकतवर होने को इसके पीछे समझा जाए? अंशकालिक काम करके जनप्रतिनिधि पूर्णकालिक वेतन और भत्ते ले रहे हैं। यह नैतिक भ्रष्टाचार ही है। दस साल में संसद और उसके कामकाज पर लगभग पंद्रह हजार करोड़ रूपए खर्च हुए हैं। हमारे जनप्रतिनिधि इतनी विराट धनराशि खर्च करके देश को क्या रिटर्न गिफ्ट दे रहे हैं? भारत के सामने मुंह बाए खड़ी दिक्कतों पर हमने संसद को गंभीर चर्चाएं और उनका समाधान करते देखा है। मौजूदा दौर में यह सिलसिला थम चुका है। संसद का पुस्तकालय समसामयिक संदर्भों का अनमोल खजाना है।

## संसद में चर्चा का घटता वक्त चिंता का विषय...

राजेश बादल



अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र शुरू हो चुका है। जब इस देश की आबादी करीब पैंतीस-छत्तीस करोड़ थी तो पहली लोकसभा की शक्ल सुपोषित थी और सर्वाधिक 677 सार्थक बैठकों ने इसे ऐतिहासिक शिखर पर बैठा दिया था। राज्यसभा ने भी 565 बैठकों के माध्यम से कीर्तिमान बनाया था। उस लोकसभा ने 3784 घंटे काम किया था। इसके बाद प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में 1971 से 1977 तक कुल 613 बैठकें हुईं और रिकॉर्ड 4071 घंटे काम किया गया। उस समय देश की आबादी इकतालीस करोड़ तक जा पहुंची थी। लेकिन सत्रहवीं लोकसभा ने केवल 274 बैठकें कीं, जबकि मुल्क की जनसंख्या डेढ़ सौ करोड़ पर जा पहुंची है। संसदीय इतिहास में यह न्यूनतम आंकड़ा है। इससे पहले सोलहवीं लोकसभा भी कोई बहुत बेहतर नहीं थी। उन पांच वर्षों में लोकसभा की सिर्फ 331 और राज्यसभा की 329 बैठकें हुईं। जाहिर है कि संसदीय लोकतंत्र की यह अच्छी तस्वीर प्रस्तुत नहीं करता।

जब 1952 में पहले आम चुनाव के बाद निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने देश की बागडोर संभाली तो पक्ष और प्रतिपक्ष की संयुक्त चिंता यह थी कि भारत के विराट आकार को देखते हुए संसद साल भर में कितने दिन काम करे। संसद की सामान्य कामकाज समिति ने अगले ही बरस यानी 1953 में इस मसले पर विचार शुरू किया और 1955 में उसने सिफारिशें संसद पटल पर रख दीं। इनमें सुझाव दिया गया था कि साल में संसद के कम से कम तीन सत्र हों। इन सत्रों में लोकसभा की न्यूनतम 120 और राज्यसभा की 100 बैठकें होनी चाहिए। समिति की अनुशंसाओं को पक्ष और प्रतिपक्ष ने शिरोधार्य किया। परिणाम चमत्कारिक रहे और संसद के इतिहास में कीर्तिमान बना गए. प्रत्येक वर्ष औसतन 135 बैठकें हुईं। प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसे लोकतंत्र को मजबूत बनाने वाला कदम बताया था।

बताने की आवश्यकता नहीं कि इकतालीस करोड़ के राष्ट्र की प्राथमिकताएं और चिंताएं डेढ़ सौ करोड़ की आबादी वाले हिंदुस्तान की चिंताओं से कम नहीं थीं। दूसरी ओर यह भी मानना होगा कि आज राष्ट्रीय समस्याएं भी तेजी से बढ़ी हैं। बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार से निपटने के कारगर उपाय यह देश नहीं खोज पा रहा है। इस चुनौती भरे कार्य में प्रतिपक्ष भी सक्रिय भूमिका नहीं निभा पा रहा है। संसद में उसकी भूमिका न के बराबर रह गई है। इसी तरह अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत के लिए समस्याओं का बड़ा गुच्छा उलझा हुआ है। विदेश नीति सवालों के घेरे में है, औसत भारतीय के जीने की स्थितियां विकट हो रही हैं और हमारी संसद में उन पर विचार के लिए समय सिकुड़ता जा रहा है।

वर्तमान परिस्थितियों में तो संसद को साल में कम से कम 200 दिन काम करना चाहिए। पर उम्मीद कम ही है। सत्रहवीं लोकसभा का पहला सत्र चालीस दिन चला था और अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सिर्फ नौ दिन चलेगा। इसमें तीन दिन शपथ में निकल जाएंगे और दो दिन छुट्टी रहेगी। क्या प्रतिपक्ष के अधिक ताकतवर होने को इसके पीछे समझा जाए?

अंशकालिक काम करके जनप्रतिनिधि पूर्णकालिक वेतन और भत्ते ले रहे हैं। यह नैतिक भ्रष्टाचार ही है। दस साल में संसद और उसके कामकाज पर लगभग पंद्रह हजार करोड़ रूपए खर्च हुए हैं। हमारे जनप्रतिनिधि इतनी विराट धनराशि खर्च करके देश को क्या रिटर्न गिफ्ट दे रहे हैं?

भारत के सामने मुंह बाए खड़ी दिक्कतों पर हमने संसद को गंभीर चर्चाएं और उनका समाधान करते देखा है। मौजूदा दौर में यह सिलसिला थम चुका है। संसद का पुस्तकालय समसामयिक संदर्भों का अनमोल खजाना है। दो-ढाई दशक पहले तक हमने इस पुस्तकालय में सांसदों को दिन भर अध्ययन करते और नोट्स लेते देखा है। आज साक्षरता का प्रतिशत अस्सी पार का दावा किया जा रहा है और संसद पुस्तकालय सूना रहता है। एक सांसद हिंदी में एक पंक्ति तक शुद्ध नहीं लिख पाता तो पढ़ने की किस संस्कृति की बात करें? संविधान सभा की चर्चाओं में मसला उठा था कि संसद और विधानसभाओं में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का स्नातक होना अनिवार्य कर दिया जाए। तब तर्क दिया गया कि भारत की केवल 18 फीसदी आबादी साक्षर है।

ऐसे में स्नातक होने की आड़ लेकर कोई गलत व्यक्ति चुन कर आ सकता है। भविष्य में जब देश पढ़-लिख जाएगा तो बौद्धिक रूप से संपन्न जनप्रतिनिधि चुनकर आने लगेंगे। उस समय स्नातक पर जोर दिया जाए। उसके बाद किसी ने ध्यान नहीं दिया और राजनीति में नव सामंतवाद हावी हो गया। अब बाहुबल और धनबल से समृद्ध कारोबारी ही चुनाव लड़ने में सक्षम हैं। कमजोर आर्थिक स्थिति वाले ईमानदार प्रतिभाशाली नौजवान लोकतांत्रिक अनुष्ठान में आहुति नहीं दे पाते। यह चिंता कौन कर रहा है?

बात यहीं खत्म नहीं होती। बहुदलीय लोकतंत्र में छोटे राजनीतिक दलों का भी समान महत्व है। उनकी उपेक्षा सामूहिक नेतृत्व की मूल भावना के खिलाफ है। सत्रहवीं लोकसभा में पहली बार संविधान के अनुच्छेद 93 का पालन नहीं हुआ। इसमें प्रावधान है कि लोकसभा शीघ्र अति शीघ्र अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव करेगी।

पांच वर्षों में कोई उपाध्यक्ष नहीं चुना गया। आमतौर पर यह पद प्रतिपक्ष के पास रहा है। मगर, पूरे पांच बरस लोकसभा को उपाध्यक्ष नहीं मिला। सोलहवीं लोकसभा में भी इस परंपरा का पालन नहीं हुआ। सत्तारूढ़ दल ने अपने गठबंधन के एक दल को यह पद दिया था। इस बार विपक्ष का आकार सत्रहवीं लोकसभा से बहुत बड़ा है। इसलिए उम्मीद करें कि प्रतिपक्ष को लोकसभा उपाध्यक्ष मिलेगा। इस बार नेता प्रतिपक्ष तो तय है। उसकी संख्या हाशिये पर नहीं रखी जा सकती।

## बढ़ती सुविधाएं सिकुड़ता बचपन...

घर में परिवार के बीच या माता-पिता के विवाद से उत्पन्न स्थिति में बच्चों की चंचलता, उल्लास, बाल सुलभ गतिविधियां नेपथ्य नभ में विचरण करने लगते हैं। चूंकि घर-आंगन बच्चों की प्राथमिक पाठशाला है, जहां वे अच्छी-बुरी आदतों को ग्रहण करते हैं, इसलिए ज्यादातर बच्चे अपने अभिभावक की गलत हरकतों से समाज के अन्य अपनाने योग्य अच्छी आदतों से वंचित भी हो जाते हैं। स्नेह, वात्सल्य और समुचित देखभाल की प्राकृतिक जिम्मेवारी से मुक्त होने के कारण बहुत सारे बच्चे वर्तमान समय में मोबाइल में अपना भविष्य तलाशने लगते हैं। उनकी नींद के साथ-साथ पढ़ाई और भूख भी किसी न किसी रूप में प्रभावित होती है।

अशोक कुमार

सामाजिक परिवेश के अनेक आयामों में पारिवारिक परिधि सबसे लघु इकाई मानी जाती है, जिसके ताने-बाने की डोर परिवार के समस्त सदस्यों को किसी न किसी रूप में बांधे रखती है। कभी घर-आंगन के सभी सदस्यगण अपनी अपनी जिम्मेवारी के बंधन को बखूबी निभाते थे और वे एक स्वतःस्फूर्त अनुशासन के आभामंडल से जुड़े रहते थे। संयुक्त परिवार के सभी सदस्य एक दूसरे से हिल-मिल कर सामंजस्य बिठाते हुए आत्मीय तरंग बिखेरते थे, जिसके कारण परिवार में अमन-चैन कायम रहता था। दादा-दादी, मां-पिता, चाचा-चाची, भाई-बहन, पति-पत्नी आदि संबंधों में परस्पर सद्भाव और समझदारी की गंगा बहती थी। बचपन में सुबह-सुबह पाठशाला न जाने के बहाने बनाने पर मां-चाची बहला-फुसला कर स्कूल जाने को विवश कर देते थे। बदलते समय ने आज बहुत कुछ हालात को भाग-दौड़ की गति से आबद्ध कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भले औसत रूप में मानवीय दिनचर्या सामान्य है, लेकिन नगरीय रहन-सहन में विशेषकर एकल परिवार को बहुत-सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। परिवार में सीमित संसाधनों की उपलब्धता और भौतिक आवश्यकताओं की ओर मन की व्यग्र इच्छा ने



पारिवारिक आंगन में वैचारिक कोलाहल मचा रखा है। सहनशीलता की घोर कमी ने भी परिवार में छोटी-मोटी बातों पर तनाव और मनमुटाव की झड़ी लगा रखी है।

ऐसी स्थिति आमतौर पर अब लगभग हर घर में देखी जा रही है, जहां विशेषकर किशोर अपने माता-पिता के बीच गुस्से में हुई बहस या लड़ाई झगड़े के समय सन्नाटे में जाकर चुपचाप बैठ जाते हैं। उस समय उनके मानसिक आवेग बड़े ही संवेदनशील होकर उनके चिंतन तंत्र को कुप्रभावित करते हैं। इस हालात में उन्हें भावनात्मक और संज्ञानात्मक रूप से कमजोरी के दौर से गुजरने की बाध्यता होती है और यह स्थिति उनके मस्तिष्क पर दीर्घकालिक असर छोड़ती है। उनके अंदर बाल मन की गतिशीलता की नैसर्गिक प्रतिभा विचलन की ओर जाती दिखती है। टकराव या गुस्से में माता-पिता की चिल्लाहट की गूंज बच्चों के कान में कम, बल्कि उनके दिमाग पर अधिक असर डालती है। उनके मन में एक भय की रेखा खींच जाती है और वे कल्पना करने लगते हैं कि कहीं मां-पिता उन्हें छोड़कर अन्यत्र न चले जाएं। ऐसी कुछ घटनाएं होती भी हैं। बाल मन का अध्ययन करने वाले मनोवैज्ञानिकों का कथन है कि इस स्थिति में बच्चे नकारात्मकता के शिकार हो जाते हैं और उनकी पढ़ाई-लिखाई प्रभावित होती है। बच्चों के सामने मां-पिता की अस्वस्थ बहस उनकी सुरक्षा की भावना को खतरे में डालती है, जिसके कारण व्यवहार-कौशल को प्राकृतिक आचरण नहीं मिलने से बच्चे का विकास भी अवरुद्ध हो जाता है।

आपस में लड़ाई में व्यस्त माता-पिता को यह ज्ञात नहीं हो पाता कि उनके इस आचरण से बच्चों में अपराध बोध में वृद्धि और आत्मविश्वास की कमी होने लगती है। उक्त हालात में बच्चे मां-पिता की उग्रता को भी सीखते हैं जो धीरे-धीरे उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करते हुए उसे तुनकमिजाज बना देता है। इस हालत से अक्सर गुजरने के कारण जब बच्चे अपनी वर्तमान वास्तविकता से असहज और असामान्य होते हैं तो वे दयनीय अवस्था धारण कर आत्महीनता और अंतर्मुखी बन जाने के शिकार होते हैं। सबसे खराब प्रभाव यह पड़ता है कि बच्चे भय के कारण अपने मां-पिता से खुलकर बात करने की मनोदशा से मुक्त होकर झूठ बोलने के सहारे से बंध जाते हैं और उनका कोमल बचपन कहीं खो जाता है। बड़े होकर यही बच्चे घर के प्रतिकूल माहौल के चलते अपने साथियों की शरण में जाकर विभिन्न किस्म की कुप्रवृत्तियों के संवाहक बनते हैं।

घर में परिवार के बीच या माता-पिता के विवाद से उत्पन्न स्थिति में बच्चों की चंचलता, उल्लास, बाल सुलभ गतिविधियां नेपथ्य नभ में विचरण करने लगते हैं। चूंकि घर-आंगन बच्चों की प्राथमिक पाठशाला है, जहां वे अच्छी-बुरी आदतों को ग्रहण करते हैं, इसलिए ज्यादातर बच्चे अपने अभिभावक की गलत हरकतों से समाज के अन्य अपनाने योग्य अच्छी आदतों से वंचित भी हो जाते हैं। स्नेह, वात्सल्य और समुचित देखभाल की प्राकृतिक जिम्मेवारी से मुक्त होने के कारण बहुत सारे बच्चे वर्तमान समय में मोबाइल में अपना भविष्य तलाशने लगते हैं। उनकी नींद के साथ-साथ पढ़ाई और भूख भी किसी न किसी रूप में प्रभावित होती है। सवाल है कि इस प्रतिकूल दिशा और दशा की ओर प्रस्थान करते किशोर के भविष्य को कैसे संभाला जाए। इसके लिए मुख्य उत्तरदायित्व बच्चों के मां-पिता का ही है। दुर्गति की ओर जाती नव-संतति को अगर उनके माता-पिता अपने अहम और क्रोध को नियंत्रित कर सामान्य दांपत्य जीवन नहीं जिएंगे, तब तक दुनिया की कोई ताकत इस पीढ़ी को बचाने में असमर्थ होगी।

परिवार की बिखरती पाठशाला के दुष्परिणाम जीवन के हर क्षेत्र में देखा जा रहा है, जिसकी रक्षा में मुख्य रूप से माता-पिता को सामने आकर आपसी मतभेद और कटुता का विसर्जन करने की जरूरत है। उन्हें यह खयाल रखना चाहिए कि उनके आचरण उनके घर-आंगन की वाटिका के बच्चों के भविष्य को अंधकार में धकेल रहे हैं।

# दो साल में रोहित-द्रविड़ ने ऐसी पलटी बाजी

गयाना (एजेंसी)। भारत ने गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ 68 रनों से सेमीफाइनल मुकाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। इसी के साथ टीम इंडिया ने अपनी पिछली हार का बदला भी ले लिया। अब भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका से शनिवार को होगा। रोहित शर्मा की सेना इस मुकाबले में ऐतिहासिक जीत के साथ खिताब खिताब के सूखे को खत्म करना चाहेगी।

भारत ने लिया इंग्लैंड से बदला

बारिश से प्रभावित दूसरे सेमीफाइनल में गत चैम्पियन इंग्लैंड को 68 रन से हराकर टी20 क्रिकेट विश्व कप 2024 के फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में टीम इंडिया का सामना शनिवार को दक्षिण अफ्रीका से होगा। टूर्नामेंट के 2007 के शुरूआती चरण की चैम्पियन भारतीय टीम इस तरह तीसरे टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंची। भारत ने इस जीत से 2022 में इस टूर्नामेंट में इंग्लैंड से सेमीफाइनल में मिली 10 विकेट की हार का बदला भी चुकता किया।

**रोहित शर्मा की कप्तानी** – भारतीय टीम के फाइनल में पहुंचने का सबसे बड़ा श्रेय रोहित शर्मा की कप्तानी को जाता है। उनके सभी फैसले कारगर साबित हुए हैं। टीम इंडिया के खिलाड़ियों को बैक करना और उन्हें अगले मैच के लिए प्रोत्साहित करना कप्तान का सबसे सराहनीय कार्य रहा है। दिलचस्प बात यह है कि रोहित की कप्तानी में भारत ने सभी आईसीसी प्रतियोगिताओं का फाइनल खेला है। इनमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023, वनडे विश्व कप 2023 और टी20 विश्व कप 2024 शामिल है।

**बड़े मुकाबलों से पहले रोहित शर्मा का आक्रामक प्रदर्शन** – मौजूदा टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में रोहित शर्मा भारत को अच्छी शुरुआत नहीं दिला पाए थे। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर-8 मैच में उन्होंने विराट कोहली के आउट होने के बाद मोर्चा संभाला और 92 रनों की विस्फोटक पारी खेली। उनके दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत सेमीफाइनल में पहुंचा। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ भी रोहित का बल्ला जमकर गरजा और उन्होंने 39 गेंदों में 57 रनों की तूफानी पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 146.15 के स्ट्राइक रेट से छह चौके और दो छक्के लगाए। रोहित का यह प्रयास भारत के लिए मास्टरकार्ड साबित हुआ।

**रोहित-द्रविड़ की जोड़ी साबित हुई कारगर** – रोहित शर्मा की कप्तानी और राहुल द्रविड़ की कोचिंग में भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप 2022 में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। एडिलेड में खेले गए इस मुकाबले में भारत को करारी 10 विकेट से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद भारतीय टीम को आईसीसी के कई टूर्नामेंट्स में भाग लेते देखा गया। रोहित-द्रविड़ के नेतृत्व में टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन किया और फाइनल तक का सफर तय किया है। उम्मीद है कि इस बार दोनों भारत को खिताब दिलाने में कामयाब होंगे।

**भारतीय टीम का एकजुट होकर खेलना** – मौजूदा टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों का एकजुट होकर खेलना टीम इंडिया के लिए सबसे बड़ा गेम चेंजर साबित हुआ है। प्लेइंग 11 का हर खिलाड़ी महत्वपूर्ण योगदान देता नजर आ रहा है फिर चाहें टॉप ऑर्डर हो या मिडिल ऑर्डर। वहीं, निचले क्रम के खिलाड़ी भी भारत को जीत दिलाने में अहम योगदान दे रहे हैं।

## टीम इंडिया की इंग्लैंड पर बड़ी जीत के 10 कारण



### हार्दिक पांड्या का ऑलराउंड प्रदर्शन

भारतीय टीम को फाइनल में पहुंचाने में हार्दिक पांड्या का अहम योगदान रहा है। उन्होंने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण का वह सबसे अहम हिस्सा रहे हैं। इस टूर्नामेंट में उन्होंने कुल 22 ओवर गेंदबाजी की और आठ विकेट हासिल किए। वहीं, उनका इकोनॉमी रेट 7.77 का रहा। इसके अलावा बल्ले से भी उन्होंने धमाल मचाया। सात मैचों में पांड्या ने एक अर्धशतक की मदद से 139 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में पांड्या ने 13 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 23 रनों की आक्रामक पारी खेली।

- **पंत की दमदार वापसी** – टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने इसी साल आईपीएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की। पहले उन्होंने आईपीएल में अपने बल्ले से धमाल मचाया और अब वह टी20 विश्व कप 2024 में विस्फोटक बल्लेबाजी करते नजर आ रहे हैं। मौजूदा टूर्नामेंट में उन्होंने अब तक 171 रन बनाए हैं। स्टार खिलाड़ी भारत के लिए इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले चौथे बल्लेबाज हैं। उम्मीद है कि आगामी मैच में भी पंत का बल्ला जमकर गरजेगा। इसके अलावा उनकी विकेटकीपिंग ने सभी को प्रभावित किया है। इंग्लैंड के खिलाफ मैच में पंत ने बटलर और मोईन अली को अपनी घातक विकेटकीपिंग के दम पर आउट किया।
- **सूर्यकुमार यादव का विस्फोटक प्रदर्शन** – भारतीय टीम के फाइनल में पहुंचने का एक कारण मिडिल ऑर्डर का प्रदर्शन भी है। सूर्यकुमार यादव की मौजूदगी ने टीम इंडिया को खासा मजबूती दी है। उनका आक्रामक रवैया विरोधी गेंदबाजों के लिए मुसीबत और भारत के लिए वरदान साबित हुआ है। मौजूदा टूर्नामेंट में उन्होंने सात मैचों में 137.06 के स्ट्राइक रेट से 196 रन बनाए हैं।

### कुलदीप और अक्षर की घातक गेंदबाजी

भारत को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में स्पिनर्स का अहम योगदान रहा। कुलदीप यादव और अक्षर पटेल ने वेस्टइंडीज की पिचों पर खासा प्रभाव छोड़ा। इंग्लैंड के खिलाफ दोनों गेंदबाजों ने तीन-तीन विकेट हासिल किए और भारत को उसकी पिछली हार का बदला लेने में मदद की। कप्तान रोहित शर्मा ने मैच के बाद दोनों की तारीफ करते हुए उन्हें गन स्पिनर्स (जिनके खिलाफ कोई भी रन बनाने से बचता है) करार दिया।

### बुमराह की अगुवाई में तेज गेंदबाजी आक्रमण का घातक प्रदर्शन

पिछले टी20 विश्व कप में भारत को जसप्रीत बुमराह की कमी खली थी। वह पीठ में चोट की वजह से टीम इंडिया का हिस्सा नहीं बन पाए थे। हालांकि, मौजूदा टूर्नामेंट में उनकी मौजूदगी में भारत ने शानदार प्रदर्शन किया है। बुमराह की अगुवाई में तेज गेंदबाजी आक्रमण विरोधियों पर कहर बरपाने में कामयाब हुई है। टी20 विश्व कप 2024 में अर्शदीप सिंह ने भारत के लिए सर्वाधिक 15 विकेट हासिल किए हैं। वहीं, बुमराह को 13 सफलताएं मिली हैं।

### इन चार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी

पिछले सेमीफाइनल मैच के मुकाबले भारत की प्लेइंग 11 काफी बदली नजर आई। चार खिलाड़ी इस बार टीम इंडिया का हिस्सा नहीं हैं। इनमें केएल राहुल, रविचंद्रन अश्विन, भुवनेश्वर कुमार और मोहम्मद शमी शामिल हैं। चारों ही खिलाड़ी टी20 विश्व कप 2022 में भारत की इंग्लैंड के खिलाफ हार का सबसे बड़ा कारण रहे थे।

---

## संक्षिप्त समाचार

### अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को पदक दिलाना लक्ष्य : मीराबाई



नई दिल्ली (एजेंसी)। तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को एक और पदक दिलाने का लक्ष्य रखा है। मीराबाई पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने वाली भारत की इकलौती भारोत्तोलक है। 49 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली यह खिलाड़ी पदक के सपने को पूरा करने के लिए चोट से बचने पर ध्यान दे रही है। तीसरी बार ओलंपिक खेलों में भाग लेने की तैयारी कर रही मीराबाई ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण), आईओसी (भारतीय ओलंपिक संघ) और भारतीय भारोत्तोलक महासंघ (आईडब्ल्यूएलएफ) के सौजन्य से आयोजित ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में पटियाला से कहा, 'पेरिस को लेकर रोमांचित हूं लेकिन थोड़ी घबराहट और तनाव भी है। पिछले तीन साल (तोक्यो ओलंपिक के बाद) में मेरे काफी प्रतिद्वंद्वी बदल गये हैं। भारत के लिए पदक जीतने का दबाव है लेकिन अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही तो देश के लिए पदक जीत सकती हूं। मीराबाई चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का है। वह चोटों से जूझती रही हैं और पीठ की समस्या तो हमेशा ही रहती है। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की चोट से परेशान थीं जिससे वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं। अपने अमेरिकी फिजियो डॉ. आरोन हॉर्शिग और कोच विजय शर्मा के साथ चोटों से उबरना उनकी बड़ी चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि वह धीरे-धीरे वजन उठाने की क्षमता को बढ़ा रही है। मीराबाई ने कहा, 'मैं धीरे-धीरे वजन उठाने की अपनी क्षमता को बढ़ा रही हूं। अभी मैंने 80-85 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली है और अभ्यास के दौरान स्नैच में 70 से 80 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 100 से 110 किग्रा का भार उठा रही हूं। हम इसे धीरे-धीरे बढ़ाएंगे।% उन्होंने अपने भार उठाने के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'इस बारे में कुछ कहना मुश्किल है लेकिन मेरी कोशिश स्नैच में 90 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में पहले से बेहतर करने की होगी।

---

सुपरबेट चैस क्लासिक शतरंज

### गुकेश नें जीत से खोला खाता



बुखारेस्ट, रोमानिया (एजेंसी)। ग्रांड चैस टूर के दूसरे पड़ाव सुपरबेट चैस क्लासिक के पहले राउंड में भारत के डी गुकेश नें शानदार जीत के साथ अपना खाता खोल लिया है, गुकेश नें सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए रोमानिया के बोगदान डेनियल को मात दी। फीडे कैंडिडैट के विजेता बनने के बाद गुकेश का यह पहला क्लासिकल मुक़ाबला था। वहीं एक और जीत मिली यूएसए के फबियानों करूआना को उन्होने फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा को मात देते जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में भारत के आर प्रज्ञानन्दा नें उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से, रूस के यान नेपोमनिशी नें फ्रांस के मकसीम वारचेर लागरेव से और यूएसए के वेसली सो नें नीदरलैंड के अनीश गिरि से ड्रॉ खेला। अगले राउंड में गुकेश का मुक़ाबला नेपोमनिशी से और प्रज्ञानन्दा का सामना मकसीम वारचेर लागरेव से होगा। 26 जून से 5 जुलाई तक खेले जाने वाले इस 9 राउंड के राउंड रॉबिन क्लासिकल टूर्नामेंट की पुरुस्कार राशि कुल 350000 डॉलर है।

---

टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल 2024

## आज करिश्माई भारत के सामने दमदार दक्षिण अफ्रीका की चुनौती

ब्रिजटाउन (बारबाडोस) (एजेंसी)। रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम शनिवार को जब टी20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसके सामने पिछले 10 साल से अधिक के वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करने की चुनौती होगी। अपने फाइनल तक के अभियान में दोनों टीमें अजेय रही हैं लेकिन बड़े टूर्नामेंटों के कई फाइनल मैचों को खेलने के अनुभव के कारण भारत का पलड़ा भारी होगा।

दक्षिण अफ्रीका 1998 के बाद पहली बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। टूर्नामेंट में भारत का अभियान पिछले साल घरेलू वनडे विश्व कप के समान ही रहा है, जहां वे फाइनल में पहुंचे थे लेकिन खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने उनसे बेहतर प्रदर्शन किया था। भारत यहां भी अब तक सर्वश्रेष्ठ टीम रहा है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार उनके सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती नहीं है।

दक्षिण अफ्रीका की आईसीसी स्पर्धाओं में एकमात्र जीत 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी (उस समय इसका नाम आईसीसी नॉक-आउट ट्रॉफी था) में हुई थी। टीम 'चोकर्स' के अपने तमगे को पीछे छोड़कर फाइनल में पहुंची है और वे खिताबी मुकाबले में भी इस तमगे को धत्ता बताने की कोशिश करेंगे। आईपीएल खिताब को अपनी अब तक सबसे बड़ी उपलब्धि बताने वाले उनके कुछ खिलाड़ियों के लिए विश्व कप ट्रॉफी सबसे बड़ा पुरस्कार होगा।

गयाना में सेमीफाइनल में भारत की इंग्लैंड पर जीत के बाद बाद प्रशंसकों और विशेषज्ञों की भावनाओं को देखा जाए तो रोहित शर्मा की टीम खिताब की प्रबल दावेदार होगी। भारत की टीम का संयोजन कैरेबियाई देशों की पिचों के मुताबिक है। टीम इस मैच में पिछले साल 19 नवंबर को अहमदाबाद में एक लाख दर्शकों के सामने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली एकदिवसीय विश्व कप फाइनल की निराशा को पीछे छोड़ने के लिए बेकरार है। विश्व कप खिताब जीत चुके एक कप्तान ने गयाना से बारबडोस की उड़ान के दौरान विमान में कहा, 'मैं जानता हूं कि आईसीसी फाइनल में भारत के साथ लंबे समय से समस्याएं रही हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि दक्षिण अफ्रीका कोई चुनौती पेश कर पाएगा।



### फाइनल में पहुंचकर कप्तान रोहित शर्मा की टीम को खास सलाह

कप्तान रोहित शर्मा ने दबाव में टीम इंडिया के शांत रहने की सराहना की है क्योंकि उन्होंने इंग्लैंड को हराकर टी20 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया है और अपनी टीम से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खिताबी मुकाबले में भी यही मानसिकता बनाए रखने का आग्रह किया है। भारत ने गुरुवार को इंग्लैंड पर 68 रन की जीत के साथ टी20 विश्व कप के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत का लक्ष्य आईसीसी टूर्नामेंटों में अपने हाल के सूखे को खत्म करना और 2007 में दक्षिण अफ्रीका में जीती गई टी20 विश्व कप ट्रॉफी के अलावा दूसरा टी20 विश्व कप जीतना है। रोहित ने कहा, हम एक टीम के रूप में बहुत शांत रहे हैं। मुझे पता है कि हम इस अवसर को समझते हैं। यह एक बड़ा अवसर है। लेकिन हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम शांत रहें क्योंकि मुझे लगता है कि शांत और संयमित रहने से आपको अच्छे निर्णय लेने में मदद मिलती है। और यही वह चीज है जिसकी हमें आवश्यकता होगी।

### संभावित प्लेइंग 11

**भारत** – रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह

**दक्षिण अफ्रीका** – क्विंटन डी कॉक (विकेट कीपर), रीजा हेंड्रिक्स, एडेन मार्कराम (कप्तान), हेनरिक क्लासेन, डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा, एनरिक नॉर्टजे, तबरेज शम्सी

**समय** – मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे होगा।

---

## सेमीफाइनल में भारत से हार पर बोले बटलर, इस प्लेयर को शामिल न करने का पछतावा



प्रोविडेंस (गुयाना) (एजेंसी)। टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ अपनी टीम की 68 रनों की हार के बाद इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा कि गुयाना में मेन इन ब्लू ने उन्हें मात दी। मैच के बाद बटलर ने कहा कि भारत सेमीफाइनल मैच में थ्री लायंस पर जीत का हकदार था। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत ने हमें मात दी। वे जीत के पूरी तरह हकदार थे। इसलिए, हां मुझे लगा कि उनका स्कोर औसत से बेहतर था। मैं उन्हें उस पिच पर संभवतः 145 - 150 तक सीमित रखने की उम्मीद कर रहा था। वहां से पीछा करना हमेशा कठिन होने वाला था। उन्होंने कहा कि पहली पारी के पावरप्ले में गेंदबाजी करते समय अंग्रेज किस्मत के साथ नहीं खेले। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमने पावर प्ले में थोड़ी किस्मत के बिना गेंदबाजी की, कुछ करीबी कॉल आए। लेकिन, हां मुझे लगता है कि पीछे देखने और सोचने का लाभ, मैं निश्चित रूप से मैच में मोइन (अली) को शामिल कर सकता था। इसलिए, हां यहां-वहां कुछ-कुछ हुआ। मैच की बात करें तो आखिरकार टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम ने क्रिकेट इतिहास की अपनी दो बड़ी हार का बदला ले ही लिया। वनडे विश्व कप 2023 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया तो 2022 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से मिली हार को भारतीय दर्शक भूले नहीं थे।

---

## सब कुछ भारत के टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंचने के लिए तैयार था : इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन

ग्याना (एजेंसी)। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ इंग्लैंड के हारने के बाद पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि जोस बटलर की अगुआई वाली टीम एक ऐसी टीम से हारी जिसने इस टूर्नामेंट में सभी आधार कवर किए थे। ग्रुप स्टेज अभियान में उतार-चढ़ाव के बाद जोस बटलर की टीम ने यूएसए को हराकर शानदार तरीके से अगले दौर में जगह बनाई। हालांकि वे भारत को मात नहीं दे सके। भारत अब शनिवार 29 जून को फाइनल में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा।

हुसैन ने अपने कॉलम में लिखा, गुरुवार को सब कुछ भारत के टी20 विश्व कप फाइनल में पहुंचने के लिए तैयार था - सतह, स्थल, सब कुछ उनके पक्ष में लग रहा था। लेकिन अगर आप चीजों को और विस्तार से देखें, तो वे इंग्लैंड के



खिलाफ इस सेमीफाइनल में सेंट लूसिया में उछाल वाली, अच्छी पिच पर 50 ओवरों के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराने के बाद आए थे और फिर कम, धीमी पिच पर वापस आकर आराम से जीत गए।

उन्होंने कहा, जिस तरह से उन्होंने खेला, उसके लिए उन्हें बधाई और यह सही लगता है कि टूर्नामेंट में दो अजेय टीमें भारत और दक्षिण अफ्रीका शनिवार को बारबाडोस में आमने-सामने होंगी।

हुसैन ने अपने कॉलम में लिखा, गेंद को नीचे रखने वाले तेज गेंदबाजों और बिना उछाल के उसे घुमाने वाले स्पिनरों के संयोजन ने 171/7 के स्कोर को बचाव के लिए काफी अच्छा स्कोर बना दिया और रोहित शर्मा ने अपने पसंदीदा शॉट - पुल - को समीकरण से बाहर करके एक और अर्धशतक बनाकर अपनी क्लास दिखाई।

---

## इंग्लैंड दौरे के लिए विंडीज टीम घोषित, केमार रोच की जगह नए गेंदबाज की एंट्री

सेंट जॉन्स (एजेंसी)। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने इंग्लैंड में 10 जुलाई, 2024 से लॉर्ड्स में शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैचों की रिचर्ड्स बॉथम श्रृंखला के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में एक महत्वपूर्ण बदलाव हुआ है। इंग्लैंड में काउंटी चैंपियनशिप के दौरान घुटने की चोट से रोच के पुनर्वास के कारण केमर रोच की जगह सेंट किट्स एंड नेविस के तेज गेंदबाज जेरेमिया लुइस को लिया गया है। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा कि अंग्रेजी परिस्थितियों में केमर के कौशल और अनुभव को याद किया जाएगा। हालांकि जेरेमिया लुइस लंबे समय से यह अवसर लेना चाह रहे थे। उनके पास निश्चित रूप से इंग्लैंड में प्रभाव डालने का कौशल और अनुभव है। रिचर्ड्स बॉथम श्रृंखला, जिसका नाम वेस्टइंडीज के दिग्गज सर विवियन रिचर्ड्स और इंग्लैंड के महान लॉर्ड इयान बॉथम के नाम पर रखा गया है, 1928 से चली आ रही एक ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता है, जब वेस्टइंडीज ने पहली बार इंग्लैंड का दौरा किया था।

टीम टोनब्रिज स्कूल में एक प्रशिक्षण शिविर में है और 4 जुलाई से बेकेनहैम में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 3 दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। 19 वर्षीय तेज गेंदबाज इसाई थॉर्न टीम में शामिल होंगे।

---

## इंग्लैंड को सेमीफाइनल में हराकर रोने लगे रोहित शर्मा, विराट कोहली ने संभाला

ग्याना (एजेंसी)। भारत ने इंग्लैंड को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में प्रवेश किया और इसी के साथ ही टीम इंडिया का एडिलेड में 10 विकेट से हार का बदला भी चुकता हो गया। इस जीत के बाद रोहित शर्मा रोते हुए नजर आए जिसके बाद विराट कोहली ने उन्हें सांत्वना दी।

भारत ने एकतरफा मुकाबले में इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर सात महीने में अपने दूसरे विश्व कप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। रोहित ने धैर्य बनाए रखा। भारत ने 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड को 103 रनों पर ढेर कर दिया और हाथ मिलाने और एक-दूसरे से बातचीत करने के बाद रोहित चुपचाप ड्रेसिंग रूम की बालकनी में बैठ गए और अपने विचारों में खो गए। रोहित के साथी विराट कोहली ने अपने कप्तान के चहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश की। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। रोहित उस कुर्सी पर बैठ गए, उनका ध्यान पहले से ही शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले फाइनल पर था।



पूर्व भारतीय मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कमेंट्री में भारतीय कप्तान के मूड को पूरी तरह से व्यक्त करते हुए कहा, आप रोहित शर्मा के चेहरे पर राहत देख सकते हैं। उस कुर्सी पर बैठे हुए। वह क्या सोच रहे होंगे? मैं आपको बताता हूं... वह पहले से ही ब्रिजटाउन की ओर देख रहे हैं। शनिवार को क्या होने वाला है... फाइनल?

पिछले साल रोहित ने भारत को तीन आईसीसी इवेंट के फाइनल में पहुंचाया है - जून 2023 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, नवंबर में 50 ओवरों का विश्व कप और अब यह। हां, सभी ने सात महीने पहले कहा था कि यह भारत के लिए विश्व कप जीतने का सबसे अच्छा मौका है, लेकिन अब से 36 घंटे बाद जो होने वाला है, उससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। यह उचित ही है कि टूर्नामेंट में दो अजेय टीमें टी20 विश्व कप फाइनल खेलें। लेकिन भारत के लिए, एक दशक लंबे इंतजार को खत्म करने का इससे बेहतर मौका और नहीं हो सकता।

आईटी व अन्य प्रोफेशनल कोर्सों की धूम के बावजूद कई ऐसे क्षेत्र हैं जिनकी रौनक कभी कम नहीं हुई है। स्टैटिस्टिक भी इन्हीं में से एक है।

# आंकड़ों की दुनिया स्टैटिस्टिक्स





आईटी व अन्य प्रोफेशनल कोर्सों की धूम के बावजूद कई ऐसे क्षेत्र हैं जिनकी रौनक कभी कम नहीं हुई है। इन क्षेत्रों में छात्रों की बढ़ती भीड़ यह साबित करने के लिए पर्याप्त है कि आज भी इसके प्रति छात्रों का आकर्षण बरकरार है। स्टैटिस्टिक्स (सांख्यिकी) भी उन्हीं प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। प्रोफेशनल्स व ऑफबीट कोर्सों के बीच यह भी परंपरागत कोर्स के रूप में अपनी चमक बिखेर रहा है। रोजगार देने के मामले में भी यह अन्य की तुलना में पीछे नहीं है। यही कारण है कि 2013 को 'इंटरनेशनल ईयर ऑफ स्टैटिस्टिक्स' की संज्ञा दी गई है। अभी हाल ही में इससे संबंधित आयोजित विश्वस्तरीय कार्यक्रम में करीब 2000 स्टैटिस्टिकल सोसाइटी, स्कूल-कॉलेज व अन्य संस्थाओं ने शिरकत की थी। इसमें यह बात प्रमुखता से उभर कर सामने आई कि स्टैटिस्टिक्स लोगों के जीवन पर तेजी से प्रभाव डालता है तथा लोगों तक आसानी से पहुंचता है।

स्टैटिस्टिक्स गणित की ही एक शाखा है जिसके अंतर्गत किसी भी गणितीय गणना का विश्लेषण करने, उन्हें एकत्र करने से लेकर प्रयोग में लाने तक की प्रक्रिया शामिल होती है। इससे जुड़े प्रोफेशनल्स चुनावी गणना व रिपोर्ट तैयार करने, प्रश्नावली बनाने, सर्वे टेस्ट रिपोर्ट बनाने सरीखा कार्य भी करते हैं। सही मायने में देखा जाए तो यह लोगों की दैनिक गतिविधियों से जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि इसे अनिश्चितताओं का विज्ञान कहा जाता है। यह एक ऐसी कला है जिसमें आंकड़ों की कहानी बयां की जाती है।

## कब जा सकते हैं इस क्षेत्र में

स्टैटिस्टिक्स से संबंधित जो भी कोर्स हैं वे स्नातक, परास्नातक अथवा उससे ऊपर के हैं। अत- इस क्षेत्र में वही छात्र प्रवेश कर सकते हैं जिन्होंने बारहवीं में स्टैटिस्टिक्स को एक विषय के रूप में पढ़ा हो। इसके पश्चात बीए व बीएससी में प्रवेश मिल सकता है। यदि छात्र मास्टर कोर्स (एमए व एमएससी) में दाखिला लेना चाहता है तो उसे संबंधित विषय के साथ बीए अथवा बीएससी होना जरूरी है। मास्टर कोर्स में सफल होने के बाद छात्र अपनी सुविधानुसार एमफिल अथवा पीएचडी में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## प्रवेश परीक्षा बनेगा आधार

इसके बैचलर व मास्टर कोर्स में दाखिले के लिए छात्रों को प्रवेश प्रक्रिया से होकर गुजरना पड़ता है। हालांकि कई संस्थान मेरिट के आधार पर भी दाखिला दे देते हैं। मास्टर कोर्स में सफलता के बाद एमफिल व पीएचडी के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें इंडियन स्टैटिस्टिकल सर्विस (आईएसएस) के नाम से यूपीएससी भी एक परीक्षा करवाती है जिसके पश्चात प्रमुख सरकारी विभागों में सांख्यिकी से जुड़े लोगों की नियुक्ति की जाती है। यह परीक्षा हर साल आयोजित की जाती है।

## आवश्यक स्किल्स

इस क्षेत्र में जमे रहने के लिए छात्रों को अपने अंदर कई तरह के गुणों का समावेश करना पड़ता है। काम के दौरान उसे स्टैटिस्टिकल टूल्स की जानकारी के अलावा कम्प्यूटर और गणित की जानकारी होनी आवश्यक है। इसके साथ ही उसके पास तार्किक दिमाग, जटिल आंकड़ों को सुलझाने, धैर्य, चुनौती का सामना करने व जिम्मेदारी उठाने सरीखा गुण का होना भी जरूरी है। यह पूरा कार्य टीम अथवा उससे तालमेल के रूप में होता है। इसलिए प्रोफेशनल्स के अंदर लीडरशिप की क्वालिटी होनी जरूरी है।

## रोजगार की संभावनाएं

यदि छात्र ने ईमानदारी पूर्वक बैचलर अथवा मास्टर कोर्स किया है तो उसे रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। कई सरकारी तथा प्राइवेट विभाग अपने यहां स्टैटिस्टिक्स का कोर्स करने वाले लोगों को रोजगार देते हैं। लगभग सभी देश अपने यहां स्टैटिस्टिकल एजेंसी अथवा ब्यूरो स्थापित किए हैं जिसमें योग्य लोगों को आसानी से काम मिल सकता है। टेलीविजन नेटवर्क फर्म, इंश्योरेंस कंपनी, फार्मास्यूटिकल एजेंसी, केमिकल इंडस्ट्रियल यूनिट आदि जगहों पर डिजाइन, एनालिसिस, सर्वे आदि काम के लिए स्टैटिस्टिक्स का ज्ञान रखने वाले प्रोफेशनल्स की जरूरत पड़ती है। मार्केट रिसर्च, फाइनेंशियल एनालिसिस, कैपिटल मार्केट्स, एक्चुरियल सर्विस में भी संभावनाएं हैं। देश के प्रमुख शैक्षिक संस्थानों में टीचिंग व रिसर्च के रूप में विकल्प सामने आता है। कुछ लोग विदेश (अमेरिका, यूके व चीन आदि) जाकर अपनी सेवा देते हैं तो कुछ अपना खुद का कंसल्टेंसी ऑफिस खोलकर विभिन्न फर्मों को अपनी सेवा दे रहे हैं।

## इस रूप में मिलेगा काम

- मार्केट रिसर्चर - डाटा एनालिस्ट
- कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजर
- रिस्क एनालिस्ट - रिसर्चर
- प्रोजेक्ट मैनेजर - इनवेस्टिगेटर
- इनवॉयरमेंटल साइंटिस्ट
- क्वालिटी एनालिस्ट - इकोनॉमिस्ट
- फार्मास्यूटिकल एजेंट/इंजीनियर

## मिलने वाली सेलरी

इसमें शुरुआती दौर में प्रोफेशनल्स को 20-25 हजार रुपए प्रतिमाह की सेलरी मिलती है। जैसे-जैसे अनुभव बढ़ता है, सेलरी में भी इजाफा हो जाता है। आज कई ऐसे प्रोफेशनल्स हैं जो इस क्षेत्र में चार-पांच साल का अनुभव हासिल करने के पश्चात 80-90 हजार रुपए प्रतिमाह कमा रहे हैं। यदि टीचिंग के प्रोफेशन में हैं तो भी उन्हें हर माह 60-70 हजार रुपए आसानी से मिल रहे हैं। अपना खुद का सेटअप लगाने, विदेशों में काम करने के दौरान अथवा रिसर्चर की भूमिका में सेलरी की कोई निश्चित सीमा नहीं होती। कई बार इन्हें प्रोजेक्ट के रूप में काम मिलता है तो उस स्थिति में उन्हें एक तयशुदा राशि प्रदान की जाती है।

# जेइइ में सफलता के लिए बनाएं संतुलन

**जेइइ मेन्स में सफलता जानकारी और परीक्षा में लिखने की रफ्तार के बीच सही संतुलन बनाने से मिलती है. विद्यार्थियों के पास अभी करीब चार महीने का वक्त है. इसमें समय का सदुपयोग करते हुए आगे की रणनीति बनाएं.**



वर्ष 2013 से ऑल इंडिया इंजीनियरिंग एंट्रेंस एग्जामिनेशन (एआइइइइ) को समाप्त कर जेइइ की शुरुआत की गयी थी. इससे पहले जेइइ सिर्फ आइआइटी में प्रवेश के लिए आयोजित होता था. पिछले वर्ष से इंजीनियरिंग एंट्रेंस एग्जामिनेशन के पैटर्न में बदलाव किये गये. अब यह जेइइ मेन्स और एडवांस्ड दो स्तरों पर आयोजित होता है. जेइइ एडवांस्ड तक पहुंचने का रास्ता मेन्स से होकर जाता है. जेइइ मेन्स के माध्यम से सरकारी, प्राइवेट, सेल्फ फाइनेंस्ड इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश मिलता है. वहीं जेइइ एडवांस्ड में सफलता हासिल कर आइआइटी, आइएसएम में दाखिला मिलता है.

## तैयारी के लिए कुछ खास बिंदु

जेइइ मेन्स और एडवांस्ड की तैयारी के लिए सबसे अहम सुझाव है कि विद्यार्थी रिफरेंस बुक्स से बचें. तैयारी की शुरुआत एनसीइआरटी की 12वीं कक्षा की टेक्स्ट बुक्स से करनी चाहिए. इसके अलावा शिक्षकों की मदद से बनाये गये नोट्स की सहायता लें. परीक्षा में आनेवाले टॉपिक्स की अंकों के आधार पर सूची बनाएं. इसमें 12वीं कक्षा और जेइइ मेन्स के पाठ्यक्रम से टॉपिकों का चयन करें. शुरुआत इन टॉपिक्स के बेसिक से करें. उन्हें अच्छे से समझें, फिर आगे बढ़ें. बेसिक क्लियर होगा और कांसेप्ट समझ जायेंगे, तो प्रश्न का उत्तर निकालने में दिक्कत नहीं होगी. पूरे पाठ्यक्रम से तैयारी करें. रिवीजन पर जोर दें. जो भी टॉपिक पढ़ें, उसके पिछले वर्षों के पेपर भी हल करें. इससे अपनी कमजोरी का अंदाजा लगेगा. ध्यान रखें कि जेइइ मेन्स में आपकी समझने की क्षमता का आकलन किया जाता है.

तैयारी के दौरान अगर किसी प्रश्न का हल नहीं आ रहा है, तो समय बर्बाद न करें. आंसर बुकलेट से उत्तर देख कर समझने की कोशिश करें. मॉक टेस्ट से समय सीमा के अंदर पेपर हल करने का अभ्यास निरंतर करते रहें. तैयारी के समय लगातार मॉक टेस्ट में 60 से 70 फीसदी अंक आने पर फाइनल परीक्षा में सफलता प्राप्त करने की संभावना बढ़ती है.



# छोटे-छोटे प्रयासों की बड़ी जरूरत



**भौतिकी की परीक्षा के लिए कुछ बुनियादी बातें होती हैं, जिन्हें इक्वेशंस हल करते समय ध्यान रखना चाहिए। इस परीक्षा में थ्योरी मजबूत करने की जितनी जरूरत होती है, उतनी ही प्रैक्टिकल्स की भी। जानिए यहां**

भौतिक विज्ञान प्रकृति का अध्ययन है। इसमें हम प्रकृति में निहित रहस्यों का अध्ययन करते हैं। फिजिक्स को पढ़ते समय छात्रों को इमेजिनेशन, ऑब्जरवेशन व कन्क्लूजन के प्रति जागरूक एवं जिज्ञासु बनना चाहिए। इसके लिए उन्हें अपने आसपास होने वाली दैनिक घटनाओं का बारीकी से निरीक्षण कर उनसे निष्कर्ष निकालने के लिए प्रेरित होना चाहिए। भौतिकी के ज्यादातर नियम जिन्हें छात्र रटते हैं, उन्हें महज छोटे व घर पर किए जाने वाले योग्य प्रयोगों से समझा जा सकता है। ऐसा करने से भौतिकी विज्ञान का अध्ययन सरल हो जाता है।

## ऐसे करें तैयारी

छात्रों को प्रयास करना चाहिए कि जो विषय वस्तु स्कूल में पढ़ाई गई है, उसे घर जाकर दोहराएं। अपने नोट्स तैयार करें तथा पाठ के अंत में संबंधित फॉर्मूलों की लिस्ट बनाना न भूलें। प्रश्नावली में स्थित न्यूमेरिकल्स को हल करने की कोशिश करें। यह क्रम पाठ्यक्रम समाप्त होने तक निरंतर चलता रहना चाहिए। यदि आप कर सकें तो नोट्स के अतिरिक्त निम्न फाइल भी बना लें और उसे स्टडी टेबल पर रखें। भौतिक विज्ञान के नियम, फॉर्मूले, डेफेनिशन, विभिन्न डिवाइसेज के लेबल्ड डायग्राम, वर्किंग प्रिंसिपल तथा वर्किंग का लिख कर अभ्यास करें।

## चैप्टर्स की तैयारी

रे ऑप्टिक्स के डायग्राम को ध्यान देकर बनाएं। एक तो चित्र स्पष्ट बनाएं, दूसरे उसे एरो चित्र द्वारा रेखांकित अवश्य करें। एस्ट्रोनॉमिकल और कंपाउंड सूक्ष्मदर्शी का चित्र बनाना हो तो उसमें इमेज का स्थान प्रश्न के अनुकूल हो।

चुंबकत्व के चैप्टर का अच्छे से समझें। परिभाषाएं याद रखें। ध्यान रहे कि जब भी वैक्टर मात्रक लिखें, उसकी दिशा अवश्य समझाएं। इसी प्रकार सर्किट दिखाते समय भी विद्युत धारा की दिशा अवश्य इंगित करें। कम्युनिकेशन के अध्याय में जहां एक ओर परिभाषा महत्वपूर्ण है, वहीं उसके चित्रों पर भी विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। डेरीवेटिव्ज को कई बार लिख कर देखें। डेरिवेशन वाले प्रश्नों को पेंसिल द्वारा व सही डायग्राम बना कर शुरू करें। रे डायग्राम व सर्किट डायग्राम में एरो मार्क जरूर करें।

## विशेष ध्यान दें

- इलेक्ट्रोस्टेटिक्स, करंट इलेक्ट्रिसिटी, इलेक्ट्रो मैग्नेटिक इंडकशन व एसी तथा इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज आदि यूनिट पर विशेष ध्यान दें। इनमें डिवाइसेज के प्रिंसिपल एवं वर्किंग को अच्छी तरह समझ लें तथा इनकी कंस्ट्रक्शन के लिए नामांकित डायग्राम का खूब अभ्यास करें।
- सर्किट डायग्राम बनाते समय करंट की डायरेक्शन तथा बैटरी की पॉलेरिटी मार्क करते समय सावधानी बरतें।
- मैग्नेटिक डिफेक्ट्स ऑफ करंट तथा मैग्नेटिज्म वॉल यूनिट में मैग्नेटिक लाइन्स ऑफ फोर्स की दिशा संबंधित नियमों तथा अन्य डेरिवेशन का खूब अभ्यास करें। मैग्नेटिक फील्ड की दिशा इन्वर्ड (क्रॉस ) व आउटवर्ड डॉटकॉम का ध्यान रखें।
- पीसी मॉडर्न फिजिक्स तथा ईएमवेव्स में सूचनात्मक प्रश्नों को ठीक से याद करें।

## खास बातें

सभी फिजिक्स क्वांटिटीज एक ही सिस्टम ऑफ यूनिट्स में हो। न्यूमेरिकल हल करते समय सबसे पहले डेटा लिखें, फिर फॉर्मूला, उसके बाद हल करें। प्रैक्टिकल एग्जाम में प्रत्येक प्रयोग में होने वाले एपरेट्स के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त करें क्योंकि आपका वाइवा प्राय- इन्हीं पर आधारित होता है। प्रश्न-पत्र पढ़कर जो पूछा है पहले उसे समझें, फिर उसका उत्तर दें। एक ही प्रश्न के दो पार्ट्स को एक ही जगह हल करें।

## नौकरी की जरूरी शर्तें

करियर के शुरुआती दिनों में खासकर जब आप अपनी पहली नौकरी ढूंढ़ रहे हों तो यह सवाल अक्सर सामने आता है कि किस कंपनी को वरीयता दी जानी चाहिए। इसका जवाब तीन बिंदुओं के जरिये दिया जा सकता है, ये हैं 1. कंपनी, 2. कन्टेंट (या जॉब डिस्क्रिप्शन) और 3. कम्पनसेशन।

एक अच्छा करियर बनाने में ब्रांड काफी मददगार साबित होते हैं और आपकी पहली नौकरी किसी बड़े ब्रांड के साथ है तो आगे नौकरी बदलना और अच्छे पैकेज के लिए मांग रखना, काफी आसान हो जाता है। उदाहरण के लिए बरेली या बाराबंकी जैसे अपेक्षाकृत छोटे शहरों के अच्छे होटलों में काम का अनुभव रखने के बावजूद किसी पंचसितारा होटल में नौकरी तलाशना बेहद चुनौतीपूर्ण होगा, पर इसके विपरीत किसी बड़े होटल से छोटे में जाने पर ज्यादा बड़ा पद और पैसे की उम्मीद की जा सकती है।

दूसरा और बेहद जरूरी पहलू आपका काम होता है। याद रखिये पदनाम (या पोस्ट) से ज्यादा महत्वपूर्ण होता है आपका काम। सो यहां ये देखना जरूरी है कि क्या आपको वो सब जिम्मेदारियां मिलेंगी, जो आपकी शख्सियत के अनुसार हैं या जो आप निभाना चाहते हैं, क्योंकि यदि ऐसा न हुआ तो आप रुचि कम लेंगे और सीखेंगे भी कम। इससे आपके भविष्य पर फर्क पड़ सकता है।

तीसरा है कम्पनसेशन यानी तनख्वाह। यदि यह आपकी सोच या योग्यता के अनुसार नहीं है तो आप काम तो करेंगे, पर मन मार कर और ऐसी स्थिति में आपकी नौकरी तो चल सकती है, पर आपका करियर नहीं बना सकती।

यहां इतना याद रहे कि तीनों का एक साथ एक जगह पर मिलना असंभव नहीं, पर बेहद मुश्किल जरूर है। इसलिए आपको अपनी प्राथमिकता पहले से तय करनी होगी। लाइफ स्किल का ज्ञान आपको अपनी परिस्थितियों और जरूरत के अनुसार सही चुनाव करने की समझ देगा।

# महत्वपूर्ण टॉपिक्स

परीक्षा में फिजिक्स केमिस्ट्री और मैथ्स, तीनों पर बराबर महत्व दिया जाता है.

**मैथ्स** - सेट्स, रिलेशंस और फंक्शंस. लिमिट्स, कॉन्टिन्यूटी एंड डिफरेंशिएबिलिटी. अप्लीकेशन ऑफ डेरेवेटिव्स. इनडेफिनेट इंटीग्रल्स एंड एरिया अंडर द कर्व. कार्टेशियन कोऑर्डिनेट्स एंड स्ट्रेट लाइन. सर्कल्स. कोनिक्स. क्वाड्रेटिक इक्वेशन, इनइक्वेलिटीज, प्रोग्रेशंस. कॉम्प्लैक्स नंबर्स. बिनॉमिअल थ्योरम, एक्सपोनेंशियल एंड लॉगैरिथमिक सीरीज. परम्यूटेशन एंड कॉम्बिनेशन. प्रॉबेबिलिटी. वेक्टर्स. 3-डी कोऑर्डिनेट जिओमेट्री. डिफरेंशियल इक्वेशंस एंड प्रॉपर्टीज ऑफ ट्रायएंगल्स. ट्रिगनोमेट्रिक रेशंस, इक्वेशंस एंड इनवर्स सरकुलर फंक्शन. हाइट्स एंड डिस्टेंसेस. मैट्रिसेस एंड डिटर्मिनेंट्स. मैथमेटिकल लॉजिक. स्टैटिक्स एंड डायनेमिक्स. स्टेटिस्टिक्स.

**फिजिक्स** - यूनिट्स, डायमेंशंस, एर्स, एक्सपेरिमेंट्स. काइनेटिक्स. न्यूटंस लॉज एंड फ्रिक्शंस. वर्क, पावर एंड एनर्जी. सिस्टम ऑफ पार्टिकल्स. ग्रेविटेशन, रोटेशनल मेकेनिक्स. प्रॉपर्टीज ऑफ मैटर. एसएचएम, ऑसिलेशंस. मेकेनिकल वेव्स एंड साउंड. रे ऑप्टिक्स, वेव ऑप्टिक्स. हीट एंड थर्मोडायनेमिक्स. इलेक्ट्रोस्टेटिक्स. करेंट इलेक्ट्रिसिटी. मैग्नेटिज्म, मैग्नेटिक इफेक्ट्स ऑफ करेंट. इएमआइ, एसी एंड इएम वेव्स. मॉडर्न फिजिक्स.

**केमिस्ट्री** - एटॉमिक स्ट्रर एंड क्लासिफिकेशन. केमिकल बॉन्डिंग. स्टियोचिओमेट्री. स्टेट्स ऑफ मैटर. केमिकल एंड आइनिक इक्विलिब्रियम. केमिकल काइनेटिक्स एंड न्यूक्लियर केमिस्ट्री. केमिकल थर्मोडायनेमिक्स. सॉल्यूशंस. इलेक्ट्रोकेमिस्ट्री. जनरल ऑर्गेनिक केमिस्ट्री + फंक्शनल ग्रुप 1. ऑर्गेनिक केमिस्ट्री- फंक्शनल ग्रुप 2. ऑर्गेनिक केमिस्ट्री- ग्रुप 3. केमिस्ट्री ऑफ रिप्रेसेंटेटिव इलीमेंट्स. ट्रांसिशन इलीमेंट्स. कोऑर्डिनेशन कंपाउंड्स एंड ऑर्गेनोमेटेलिक्स. सर्फेस केमिस्ट्री. बायोमॉलिक्यूल्स.

## संक्षिप्त समाचार

### भूकंप के तेज झटकों से दहला पेरू, रिक्टर स्केल पर मापी गई 6.9 तीव्रता; सुनामी की चेतावनी भी जारी

**लीमा एजेंसी।** पेरू में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (त्सर्ज्ञं) ने बताया कि शुक्रवार को पेरू के तट के पास 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। एजेंसी ने बताया कि भूकंप 10 किलोमीटर (6.21 मील) की गहराई पर था।

**सुनामी आने का भी खतरा:** त्सर्ज्ञं ने पहले भूकंप की तीव्रता 6.4 बताई थी। यू.एस. नेशनल सुनामी वार्निंग सेंटर ने आंकड़ों के आधार पर कहा कि भूकंप से सुनामी का खतरा है, जबकि पहले उसने कहा था कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है।

### पाकिस्तान के फैसलाबाद में 'गुरुद्वारा' बनाने की इजाजत पर भड़का मुस्लिम समुदाय

**फैसलाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार ने और पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने फैसलाबाद में गुरुद्वारा बनाने की इजाजत दी है। इस फैसले के बाद पूरे फैसलाबाद के मुस्लिम भड़क गए हैं। पाकिस्तान के फैसलाबाद से प्रांतीय असेंबली का सदस्य (विधायक) ने इसका कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि सिख लोग मुसलमानों के हत्यारे और बलात्कारी हैं, इन्होंने भूतकाल में मुसलमानों का कत्लेआम किया है। आगे कहा कि हम किसी भी कीमत पर फैसलाबाद में गुरुद्वारा नहीं बनने देंगे। यह पाकिस्तान हमारे अल्लाह की जमीन है, यहां सिर्फ मस्जिद बनेगी और अगर पाकिस्तान सरकार ने गुरुद्वारा बनने दिया तो हम बहुत तगड़ा विरोध करेंगे।

### कैसीनो में 34 करोड़ जीतते ही शख्स की हार्ट अटैक से हुई मौत

**सिंगापुर, एजेंसी।** कई बार इंसान उम्मीद से ज्यादा खुशी भी सह नहीं पाता है। सिंगापुर के एक कैसीनो में एक व्यक्ति ने 40 लाख डॉलर (34 करोड़ रुपये) जीते। लेकिन, यह खुशी सह नहीं पाया और हार्ट अटैक से मौके पर ही मौत हो गई। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में घटना की तारीख स्पष्ट नहीं है, लेकिन संक्षिप्त वीडियो में उस व्यक्ति को चारों ओर से घेरे हुए लोग दिखाई दे रहे हैं, जिनमें से कुछ घबराए हुए हैं।

### अरुंधति रॉय 'निर्भीक लेखन के लिए ब्रिटेन के पेन पिंटर पुरस्कार से सम्मानित



**लंदन, एजेंसी।** बुकर पुरस्कार से सम्मानित अरुंधति रॉय को निर्भीक और मुखर लेखन के लिए बृहस्पतिवार को ब्रिटेन के प्रतिष्ठित पेन पिंटर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रॉय 14 साल पहले कश्मीर के बारे में दिए गए अपने बयानों के लिए फिलहाल मुकदमे के खतरे का सामना कर रही हैं। साल 2009 में इंग्लिश पेन नामक चैरिटी द्वारा स्थापित यह पुरस्कार नोबेल पुरस्कार विजेता नाटककार हेरोल्ड पिंटर की स्मृति में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए दिया जाता है। रॉय (62) ने इस वर्ष की विजेता घोषित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा, मुझे पेन पिंटर पुरस्कार स्वीकार करते हुए बहुत खुशी हो रही है। काश हेरोल्ड पिंटर आज हमारे बीच होते और दुनिया में हो रहे समझ से परे घटनाक्रमों के बारे में लिखते। चूंकि वह नहीं हैं, इसलिए हममें से कुछ लोगों को उनका स्थान लेने की कोशिश करनी चाहिए। इस साल के निर्णायक मंडल ने पुरस्कार के लिए रॉय के नाम का चयन किया, जिसमें इंग्लिश पेन के अध्यक्ष रुथ बोर्थविक, अभिनेता व कार्यकर्ता खालिद अब्दुल्ला और लेखक व संगीतकार रोजर रॉबिन्सन शामिल हैं। ब्रिटिश लाइब्रेरी की सह-मेजबानी में आयोजित समारोह में 10 अक्टूबर को रॉय को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा, जहां वह भाषण भी देंगी। बोर्थविक ने कहा, रॉय बौद्धिक और सुंदर तरीके से अन्याय की महत्वपूर्ण कहानियां बयां करती हैं।

# ब्रिटेन का सबसे खतरनाक सीरियल किलर स्टील के 17 दरवाजों में कैद

## जुर्म ऐसे कि मरने तक काटेगा जेल

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन का सबसे खतरनाक सीरियल किलर करार दिया गया एक व्यक्ति, जिसने एकान्त कारावास में सबसे अधिक दिन बिताने का विश्व रिकॉर्ड बनाया, वह मरने तक एक भूमिगत कोठरी में बंद रहेगा। रॉबर्ट मौडस्ले 1974 से जेल में हैं। वहीं, जब लोगों को उनके गुनाहों के बारे में पता चलता है, तो हर कोई हैरान हो जाता है, ये नहीं तय कर पाते कि ये शख्स असल में अपराधी है, या फिर कोई 'मसीहा' है! रॉबर्ट मौडस्ले 50 सालों से जेल में बंद है। उसे 17 स्टील के दरवाजों के पीछे कैद किया गया है।



### 16 साल की उम्र में घर से भाग गया था रॉबर्ट

जानकारी के अनुसार, रॉबर्ट अपने शुरुआती साल मर्सीसाइड के कैथोलिक अनाथालय नाज़रेथ हाउस में बिताए। जब ??वह आठ साल का था, तो उनके माता-पिता उन्हें और उनके भाई-बहनों को घर ले जाने आए और उन्हें कई सालों तक हिंसक दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा।

16 साल की उम्र में ही मौडस्ले घर से भाग गया, लेकिन जल्द ही वह नशीली दवाओं के सेवन के चक्रव्यूह में फंस गया और किराए के लड़के के रूप में काम करके अपनी लत को पूरा किया। दरअसल, 1974 में 21 साल की उम्र में रॉबर्ट ने जॉन फैरेल (30 वर्ष) नाम के एक अपराधी की हत्या की थी, जो बच्चों का यौन शोषण करता था।

1977 में रॉबर्ट ने एक और साथी कैदी के साथ मिलकर डेविड फ्रांसिस नाम के एक और अपराधी की हत्या की। वो भी बच्चों से यौन शोषण के अपराध में जेल में बंद था। उसने बहुत ही बेरहमी से उसका खून किया था। इसके बाद रॉबर्ट को यॉर्कशायर के वेकफील्ड जेल में डाला गया। लेकिन वहां पर भी 1 साल बाद उसने 29 जुलाई 1978 को उसने सैलनी डारवुड नाम के एक अपराधी की हत्या की, जिसने अपनी बीवी का खून किया था। रॉबर्ट यहीं नहीं रुका। उसने एक और अपराधी बिल रॉबर्ट्स को भी मौत के घाट उतारा, जो 7 साल की बच्ची से रेप के मामले में कैद था। दोनों की हत्या करने के बाद वो बड़े आराम से जेल के गार्ड्स के पास गया और उनसे बोला कि डिनर के लिए दो कैदी आज कम रहेंगे।

### 17 स्टील के दरवाजों में बंद है खूंखार

रॉबर्ट मॉडस्ले को वेकफील्ड जेल में बंद है, वो 18 फीट × 15 फीट का सेल है और उस तक पहुंचने के लिए 17 स्टील के दरवाजों से होकर गुजरना पड़ता है। ये जेल बुलेट प्रूफ भी है। एक रिपोर्ट के अनुसार इंसाइड वेकफील्ड प्रिज़न नाम की एक किताब में लेखक जॉनेथन लेवी और एमा फ्रेंच ने रॉबर्ट के सेल के बारे में ज्यादा जानकारी दी है। उसके सेल में टेबल-चेयर कार्डबोर्ड से बने हैं और टॉयलेट-सिंक भी जमीन से बोल्ट के जरिए फिक्स किया गया है। सेल के नीचे एक छोटा स्लॉट है, जिसकी मदद से उसे खाना दिया जाता है।

### ऐसा लगता है जैसे वो नरक में बंद है- खूंखार कैदी रॉबर्ट

इतनी संख्या में लोगों की हत्या करने के बाद रॉबर्ट को अन्य कैदियों के साथ रखना असुरक्षित माना गया। ऐसे में उसके लिए खास कांच का जेल बनाना शुरू किया गया और 1983 में जब वो बनकर तैयार हुआ, तो उसे उस जेल में शिफ्ट कर दिया गया। एक बार अपने जेल में बंद रहने के अनुभव को उसने बोला था कि उसे ऐसा लगता है जैसे वो नरक में बंद है। अब रॉबर्ट 71 साल का हो चुका है और उसी जेल में कैद है।

# फिर भड़का इजरायल, गाजा पर तेज किए हमले, फिलिस्तीनियों को दक्षिण की ओर जाने को कहा



**गाजा, एजेंसी।** इजरायल ने गुरुवार को गाजा शहर के एक इलाके में हमास के गुर्गों को निशाना बनाकर हमला किया। उसने फिलिस्तीनियों से दक्षिण की ओर जाने को कहा। इजरायली टैंक राफा शहर में घुस गए और जमकर बमबारी करने लगे। दोपहर के समय गोलीबारी की आवाज सुनकर गाजा शहर के शेजिया इलाके में रहने वाले लोग चौंक गए। इजरायल ने देर रात तक बमबारी की और बाद में ड्रोन से हमला भी किया।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने अपनी एक रिपोर्ट में गाजा के रहने वाले 25 साल के मोहम्मद जमाल के हवाले से कहा, ऐसा लग रहा था कि युद्ध फिर से शुरू हो रहा है। हमारे घरों के आसपास बमबारी हो रही थी। कई घरों को नष्ट कर दिया और इमारतों को हिला दिया।

फिलिस्तीनी इमरजेंसी एजेंसी का भी बयान सामने आया। उसने कहा कि इजरायली हमलों के कारण शेजिया में कम से कम सात लोग मारे गए हैं। मलबे के नीचे और भी लोगों के दबे होने की आशंका है। इस मामले पर इज़रायली सेना के प्रवक्ता ने कहा कि उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है। वहीं, हमास के सहयोगी इस्लामिक जिहाद ने बताया कि उसके सशस्त्र विंग ने एक विस्फोटक उपकरण को नष्ट कर दिया है।

इज़रायल का कहना है कि वह विस्थापित लोगों को विद्रोहियों के खिलाफ अपने ऑपरेशन की लाइन से दूर रहने की चेतावनी दी है। उसने हमास आतंकवादियों पर नागरिकों के बीच छिपने का आरोप है। स्थानीय लोगों और हमास मीडिया ने बताया कि इज़रायल ने दक्षिण की ओर सड़क को अवरुद्ध कर दिया था।

**दमिश्क में भी हमला:** सीरिया की राजधानी दमिश्क के दक्षिणी इलाकों में बुधवार रात को विस्फोट की कई आवाजें सुनी गयीं, इजरायल की ओर से किये गये मिसाइल हमले प्रतीत होते हैं। स्थानीय मीडिया ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों और शाम एफएम रेडियो के अनुसार, हमले दमिश्क के दक्षिणी ग्रामीण इलाके में सैय्यदा ज़ैनब उपनगर के पास एक इलाके में हुए। इस बीच, सीरियन ऑब्ज़र्वेटरी फ़ॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि सीरियाई वायु रक्षा मिसाइलों के साथ-साथ दमिश्क के ग्रामीण इलाकों में विस्फोटों की आवाज सुनी गई।

# भारतीय जांच के नतीजों का है इंतजार, पन्नू हत्या की साजिश मामले में बोला अमेरिका



**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका ने कहा है कि वह खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश को लेकर भारतीय जांच के नतीजों का इंतजार कर रहा है। पिछले साल नवंबर में अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर एक भारतीय अधिकारी के कथित निर्देश पर न्यूयार्क में पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश का आरोप लगाया था।

आतंकवाद के आरोप में भारत में वांछित पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है।अमेरिका के अनुरोध पर निखिल गुप्ता को चेक गणराज्य ने गिरफ्तार कर बीते 14 जून को अमेरिका को प्रत्यर्पित कर दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैक्यू मिलर ने बुधवार को प्रेसवार्ता के दौरान संवाददाताओं द्वारा पन्नू मामले में पूछे जाने पर कहा कि भारत कह चुका है कि एक उच्च स्तरीय समिति मामले की जांच कर रही है। संवाददाताओं ने मिलर से सीनेट की विदेश मामलों की समिति की तरफ से पन्नू मामले में जांच की प्रगति को लेकर जानकारी मांगने की बाबत सवाल किया था। मिलर ने कहा, इस मामले में अमेरिकी एनएसए ने भारत यात्रा के दौरान भी बात की थी। हम भारत सरकार के सीधे संपर्क में हैं।

# स्लोवाकिया में ट्रेन और बस के बीच टक्कर, 6 लोगों की मौत और 5 घायल

## राष्ट्रपति बोले- पीड़ितों के लिए दुखी हूं

**स्लोवाकिया एजेंसी।** यूरोप के स्लोवाकिया से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। बताया जा रहा है, स्लोवाकिया में एक ट्रेन और बस के बीच भीषण टक्कर हो गई, इस हादसे में 6 लोगों की मौत हुई है और पांच अन्य घायल हैं। इस हादसे के दौरान यूरोसिटी ट्रेन में 100 से अधिक लोग सवार थे। पुलिस और स्लोवाक रेलवे कंपनी ैस्र्य ने इस बात की जानकारी दी है।

ैस्र्य ने कहा कि घटना में 6 लोगों की मौत हुई है और पांच अन्य घायल हुए है। साथ ही ैस्र्य ने इस दुर्घटना में घायल और मृतकों के परिवार और परिजनों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की है। ैस्र्य ने आगे बताया है, ट्रेन चेक राजधानी प्राग से हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट जा रही थी। तब ट्रेन दक्षिणी स्लोवाकिया में एक बस से टकरा गई इसके फंसे हुए 100 से अधिक यात्रियों को बसों की तरफ से हंगरी की सीमा पर स्टुरोवो शहर ले जाया जा रहा है। हमारे कर्मचारियों की सहायता से सभी यात्रियों को घटनास्थल से निकाल लिया गया। हमारे दिल और संवेदनाएं उनके परिवारों और प्रियजनों के साथ हैं।

स्लोवाक आपातकालीन चिकित्सा सेवा ने भी इस घटना को लेकर जानकारी दी है, आपातकालीन चिकित्सा सेवा का कहना है कि दक्षिणी स्लोवाकिया के नोवे जमकी में दुर्घटना स्थल पर आपातकालीन प्रतिक्रिया जारी है। पांच एम्बुलेंस गाड़ी और तीन एम्बुलेंस हेलीकॉप्टर घटनास्थल पर हैं।

स्लोवाक राजनेताओं ने भी इस घटना पर दुख जताया है।स्लोवाक स्वास्थ्य मंत्री ज़ुजाना डोलिनकोवा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, गहरे दुख के साथ, मुझे नोवे जमकी में देर दोपहर हुई एक दुखद दुर्घटना की जानकारी मिली।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, सभी प्रकार की आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर हैं और मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। साथ ही स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी, जो यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ एक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्रुसेल्स में थे ने भी सोशल मीडिया पर अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, मुझे सभी पीड़ितों के लिए बहुत दुख है और उनके परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं और डॉक्टरों और बचाव टीमों को उनके काम के लिए धन्यवाद देता हूं।

# अंतरिक्ष में अचानक टूटकर बिखर गया रूस का सैटलाइट, स्पेसक्राफ्ट में छिप गए आईएसएस के अंतरिक्ष यात्री

**मास्को, एजेंसी।** रूस का एक ऑब्जरेशन सैटलाइट अंतरिक्ष में अचानक टूटकर सैकड़ों टुकड़ों में बिखर गया। इसके मलबे से बचने के लिए इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के अंतरिक्षयात्रियों को स्पेसक्राफ्ट में शरण लेनी पड़ गई। अमेरिका के स्पेस कमांड का कहना है कि सैटलाइट के मलबे से फिलहाल किसी दूसरे सैटलाइट को नुकसान पहुंचने की आशंका नहीं है। बता दें कि रूस के इस त्रक्तस्त्र-क्का सैटलाइट को 2022 में ही मृत घोषित कर दिया गया था।

फिलहाल इस सैटलाइट के टूटने की वजह का पता नहीं चल पाया है। वहीं इस घटना पर रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोसमोस ने भी कोई टिप्पणी नहीं की है। अमेरिका की एक स्पेस ट्रैकिंग फर्म लियोलैब्स ने देखा था कि अंतरिक्ष में अचानक मृत सैटलाइट कम से कम 100 टुकड़ों में टूट गया। अब इसके बड़े-बड़े टुकड़े पृथ्वी की कक्षा में घूम रहे हैं। पृथ्वी की कक्षा में बढ़ते सैटलाइट और फिर उनकी वजह से बढ़ने वाला मलबा चिंता का कारण बन रहा है। साल 2021 में रूस ने अपने एक सैटलाइट को एंटी सैटलाइट मिसाइल द्वारा अंतरिक्ष में ही नष्ट कर दिया था। इसके बाद पश्चिमी देशों ने रूस की कड़ी आलोचना की थी। मिसाइल से सैटलाइट को नष्ट करने के बाद इसके हजारों बड़े-बड़े टुकड़े पृथ्वी की कक्षा में फैल गए। वहीं रिज़र्स-पी1 को लेकर अभी इस तरह की बात पता नहीं चली है।

### सैटलाइट खराब होने के बाद कहां जाता है

दरअसल जब किसी सैटलाइट का आखिरी समय आता है तो या तो वह धीरे-धीरे पृथ्वी के वातावरण में प्रवेश करने लगता है और फिर जलकर राख हो जाता है। वहीं कई सैटलाइट पृथ्वी की ग्रेवयार्ड ऑर्बिट में चले जाते हैं। यह पृथ्वी से 36 हजार किलोमीटर की ऊंचाई की कक्षा है जिसमें दूसरे सैटलाइट से टकराने का खतरा कम हो जाता है। इस कक्षा में ऐक्टिव सैटलाइट नहीं रहते हैं। रिज़र्स-पी1 2021 में ही खराब होने लगा था और इसके बाद वह धीरे-धीरे नीचे की तरफ आ रहा था। पृथ्वी की कक्षा में सैटलाट्स की बढ़ती संख्या और मलबे को देखते हुए इस ट्रैफिक के मैनेजमेंट की जरूरत आन पड़ी है। फिलहाल कक्षा में सैटलाइट्स के टकराने का भी खतरा बना रहता है।

### बोलीविया में हथकड़ी पहने बंदियों की कराई परेड

**ला पाज, एजेंसी।** बोलीविया में बढ़ती कीमतों, डॉलर और ईंधर की कमी के साथ ही 2025 के चुनावों से पहले आर्से और पूर्व राष्ट्रपति इवो मोरालेस के बीच झगड़े को लेकर एंडयिन राष्ट्र में तनाव बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को अधिकारियों ने मीडिया के सामने हथकड़ी लगाए बंदियों की परेड कराई। साथ ही असफल तख्तापलट के बाद 17 गिरफ्तारियां कीं। इससे आर्थिक संकट में फंसे बोलीविया में राजनीतिक उथल-पुथल शुरू हो गई है। सेना प्रमुख जुआन जोस जुनिगा ने राजधानी ला पाज के केंद्र में सैनिकों और टैंकों को तैनाती की और एक दिन बाद राष्ट्रपति महल के दरवाजे को तोड़ने की कोशिश की। जिसके बाद दंगा पुलिस ने सरकारी इमारतों पर कड़ी निगरानी रखनी शुरू कर दी। इस दौरान जुनिगा ने कहा कि सशस्त्र बलों का इरादा लोकतंत्र का पुनर्गठन करना है। इसके तुरंत बाद, सैनिक और टैंक ऐतिहासिक प्लाजा मुरिलो चौराहे से वापस चले गए। जिसके बाद स्थानीय टेलीविजन ने जुनिगा की गिरफ्तारी की तस्वीरें प्रसारित कीं। इस दौरान नौसेना प्रमुख जुआन अर्नेज साल्वाडोर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों की गिरफ्तारी के बाद आंतरिक मंत्री एडुआर्डो डेल कैस्टिलो ने तख्तापलट की कोशिश के सिलसिले में सक्रिय और सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों और नागरिकों सहित कुल 17 गिरफ्तारियों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अन्य संदिग्धों की अभी भी तलाश की जा रही है।

# चीन के पूर्व रक्षा मंत्री को कम्युनिस्ट पार्टी से किया निष्कासित



**बीजिंग, एजेंसी।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी ने भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर गुरुवार को पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू पर बड़ी कार्रवाई की है। उन्हें कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है और उनके खिलाफ अभियोजन की कार्यवाही शुरू कर दी गई। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के नेतृत्व ने पार्टी अनुशासन व कानून के घोर उल्लंघन के लिए 66 वर्षीय ली को बाहर का रास्ता दिखाने का फैसला किया। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के अत्यंत महत्वपूर्ण रॉकेट (मिसाइल) बल के प्रमुख रहे ली पिछले वर्ष लापता हो गए थे, जिसके बाद यह अटकलें लगाई जाने लगी थीं कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार व अनुशासनहीनता की जांच की जा रही है। शी ने खुद ली को रक्षा मंत्री नियुक्त किया था। वह पहले स्टेट काउंसलर (पार्टी में शीर्ष पद) और केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। सीएमसी शी की अध्यक्षता वाली पीएलए की एक उच्च कमान है।

साल 2012 में शी (71) के सत्ता पर आसीन होने के बाद से ली समेत पीएलए के दर्जनों जनरलों को भ्रष्टाचार के लिए या तो बर्खास्त या फिर दंडित किया गया है। सीएमसी की अनुशासनात्मक और पर्यवेक्षी एजेंसी ने 31 अगस्त, 2023 को ली के खिलाफ जांच शुरू की थी। जांच परिणामों के अनुसार, ली ने राजनीतिक और संगठनात्मक अनुशासन का घोर उल्लंघन किया। शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक ली को उम्रकैद की सजा भी हो सकती है। ली पर आरोप है कि उन्होंने पार्टी के मुख्य अभियान में गड़बड़ी की और धोखेबाजी की जिसकी वजह से सिद्धांतों से समझौता करना पड़ गया। उनपर राजनीतिक माहौल को गंदा करने का आरोप लगाया गया है। इसके अलावा रक्षा मंत्री रहते हुए उनपर राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का आरोप है। इसके अलावा उनपर आरोप है कि बड़े पद पर रहते हुए उन्होंने इसका दुरुपयोग किया और दूसरों को लाभ पहुंचाने के लिए रिश्वत ली थी।

### ली पर आरोप

चीन के पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू पर आरोप है कि उन्होंने सैन्य उपकरणों के क्षेत्र में राजनीतिक वातावरण और औद्योगिक लोकाचार को दूषित किया है। यही नहीं उन पर पार्टी के उद्देश्य, राष्ट्रीय रक्षा और सशस्त्र बलों के निर्माण को नुकसा पहुंचाने का आरोप है।

### वेई का मामला सैन्य अभियोजन में भेजा गया

उन पर रिश्वत लेने का भी आरोप लगा है। अपने पद का लाभ उठाने और दूसरों के लिए लाभा प्राप्त करने के लिए रकम लेने और अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए दूसरों को पैसे देने का संदेह भी है। वेई का मामला सैन्य अभियोजन में भेजा गया है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग जो पार्टी नेता है, और केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष के रूप में सशस्त्र बलों का नेतृत्व करते हैं। उन्होंने सत्ता संभालने से बाद से भ्रष्टाचार के खिलाफ की लड़ाई को शासन की पहचान बना लिया है।

# वैश्विक स्तर पर हिंदी को बढ़ावा देने में जुटी मोदी सरकार, संयुक्त राष्ट्र को दिए 11.69 लाख डॉलर

**न्यूयार्क, एजेंसी।** भारत सरकार संयुक्त राष्ट्र में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में सरकार ने 11,69,746 डॉलर का योगदान दिया है। संयुक्त राष्ट्र के जन सूचना विभाग के सहयोग से हिंदी ङ्च यूएन परियोजना 2018 में शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य हिदी भाषा में संयुक्त राष्ट्र की सार्वजनिक पहुंच को बढ़ाना और वैश्विक स्तर पर जागरूकता फैलाना था।



**हर हफ्ते जारी किया जाता है हिंदी में ऑडियो बुलेटिन:** भारत 2018 से संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक संचार विभाग (डीजीसी) के साथ अतिरिक्त बजटीय योगदान देकर मुख्यधारा और हिंदी भाषा में डीजीसी की समाचार और मल्टीमीडिया सामग्री को समेकित करने के लिए साझेदारी कर रहा है।

वर्ष 2018 से हिंदी में संयुक्त राष्ट्र समाचार यूएन की वेबसाइट और इंटरनेट मीडिया हैंडल पर प्रसारित किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र समाचार का हिंदी ऑडियो बुलेटिन (यूएन रेडियो) हर हफ्ते जारी किया जाता है। इसका वेबलिंक यूएन हिंदी समाचार वेबसाइट के साथ-साथ साउंडक्लाउड यूएन न्यूज-हिंदी पर भी उपलब्ध है।



# रोगमुक्त करती हैं मां शीतला

वर्ष 2024 में शीतला अष्टमी का पर्व 29 जून, शनिवार को मनाया जा रहा है। आषाढ़ कृष्ण अष्टमी के दिन मनाया जाने वाला यह पर्व माता शीतला को समर्पित है। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार चैत्र, वैशाख, जेष्ठ और आषाढ़ महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को शीतला अष्टमी पूजन करने का प्रावधान है। इन चारों महीने के चार दिन का व्रत करने से शीतला जनित बीमारियों से छुटकारा मिलता है। इस पूजन में शीतल जल और बासी भोजन का भोग लगाने का विधान है। शीतला अष्टमी के दिन श्रद्धालु व्रत रखकर माता की भक्ति करके अपने परिवार की रक्षा करने के लिए माता से प्रार्थना करते हैं।

## पूजा विधि

- शीतला अष्टमी के दिन अलसुबह जल्दी उठकर माता शीतला का ध्यान करें।
- इस दिन व्रती को प्रातः कर्मों से निवृत्त होकर स्वच्छ व शीतल जल से स्नान करना चाहिए।
- स्नान के पश्चात निम्न मंत्र से संकल्प लेना चाहिए-
  मम गेहे शीतलारोगजनितोपद्रव प्रशमन पूर्वकायुरारोग्यैश्वर्याभिवृद्धिये शीतलाष्टमी व्रतं करिष्ये
- संकल्प के पश्चात विधि-विधान तथा सुगंधयुक्त गंध व पुष्प आदि से माता शीतला का पूजन करें।
- इस दिन महिलाएं मीठे चावल, हल्दी, चने की दाल और लोटे में पानी लेकर पूजा करती हैं।
- पूजन का मंत्र- हृं श्रीं शीतलायै नमः का निरंतर उच्चारण करें।
- माता शीतला को जल अर्पित करें और उसकी कुछ बूंदे अपने ऊपर भी डालें।
- इसके पश्चात ठंडे भोजन का भोग मां शीतला को अर्पित करें।
- तत्पश्चात शीतला स्तोत्र का पाठ करें और कथा सुनें।
- रोगों को दूर करने वाली मां शीतला का वास वट वृक्ष में माना जाता है, अतः इस दिन वट पूजन भी भी करना चाहिए।
- शीतला माता की कथा पढ़ें तथा मंत्र- ऊँ ह्रीं श्रीं शीतलायै नमः का जाप करें।
- जो जल चढ़ाएं और चढ़ाने के बाद जो जल बहता है, उसमें से थोड़ा जल लोटे में डाल लें। यह जल पवित्र होता है। इसे घर के सभी सदस्य आंखों पर लगाएं।
- पूजन के पश्चात थोड़ा जल घर लाकर हर हिस्से में छिड़कने से घर की शुद्धि होती है।
- शीतला सप्तमी या अष्टमी व्रत का पालन जिस घर में किया जाता है, वहां सुख, शांति हमेशा बनी रहती है तथा रोगों से निजात भी मिलती है।



# क्यों रखा जाता है योगिनी एकादशी का व्रत

**योगिनी एकादशी व्रत आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष में रखा जाता है। इस दिन व्रत और भगवान विष्णु की पूजा करने से घर में सुख, समृद्धि और समृद्धि आती है। योगिनी एकदशी निर्जला एकदशी के बाद और देवशयनी एकदशी से पहले की जाती है।**

पूरे साल में 24 एकादशी और अधिकमास होने पर 26 एकादशी व्रत रखे जाते हैं। एकादशी व्रत और आषाढ़ का महीना दोनों भगवान विष्णु को अतिप्रिय है। इसीलिए आषाढ़ माह की एकादशी का विशेष महत्व हो जाता है। योगिनी एकादशी व्रत आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष में रखा जाता है। इस दिन व्रत और भगवान विष्णु की पूजा करने से घर में सुख, समृद्धि और समृद्धि आती है। योगिनी एकदशी निर्जला एकदशी के बाद और देवशयनी एकदशी से पहले की जाती है। तो आइए जानते हैं कि इस साल योगिनी एकादशी का व्रत किस दिन रखा जाएगा और पूजा और पारण का शुभ समय कब होगा।

## व्रत तिथि, शुभ समय और पारण समय

हिंदू पंचांग के अनुसार, आषाढ़ माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 1 जुलाई को प्रातः 10.26 बजे से आरंभ हो रही है और एकादशी तिथि 2 जुलाई को सुबह 8 बजकर 34 मिनट पर समाप्त हो रही है। उदयातिथि के अनुसार योगिनी एकादशी व्रत 2 जुलाई 2024 को रखा जाएगा। वहीं, योगिनी एकादशी व्रत का पारण 3 जुलाई को सुबह 5.28 बजे से सुबह 7.10 बजे तक किया जाएगा। द्वादशी तिथि 3 जुलाई को सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर समाप्त होगी।

## 2 शुभ योग में रखा जाएगा योगिनी एकादशी व्रत

योगिनी एकादशी का व्रत 2 शुभ योग में पड़ रहा है। योगिनी एकादशी के दिन त्रिपुष्कर योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण हो रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग 2 जुलाई को प्रातः 5.27 बजे से अगले दिन 3 जुलाई को सुबह 4.40 बजे तक रहेगा। वहीं त्रिपुष्कर योग 2 जुलाई को सुबह 8.42 से 3 जुलाई को 4.40 तक मान्य है।
ज्योतिष मान्यता के अनुसार सर्वार्थ सिद्धि योग में किया गया कोई भी कार्य सफल होता है। इसके साथ ही त्रिपुष्कर योग में पूजा-पाठ, दान, यज्ञ या कोई और शुभ कार्य करने से उसका तीन गुना फल मिलता है। त्रिपुष्कर योग में योगिनी एकादशी व्रत की पूजा करना बेहद फलदायी रहेगा।

## योगिनी एकादशी की पूजा विधि

- योगिनी एकादशी के दिन सुबह उठकर स्नान पश्चात स्वच्छ वस्त्र धारण करें।
- श्री हरि विष्णु को पीला रंग प्रिय होता है, इसीलिए इस दिन पीला रंग धारण करें।
- भगवान विष्णु की पूजा करने के लिए चौकी सजाएं और विष्णु भगवान की प्रतिमा रखें।
- इसके अतिरिक्त, भगवान विष्णु पर पीले फूलों की माला अर्पित की जाती है।
- भगवान विष्णु को तिलक लगाएं।
- पूजा सामग्री में तुलसी दल, फल, मिठाइयां और फूल आदि सम्मिलित किए जाते हैं।
- इस दिन योगिनी एकादशी की कथा सुनें और अगले दिन व्रत का पारण करें।



# आषाढ़ माह में इन वस्तुओं का करना चाहिए दान, प्राप्त होगी भगवान विष्णु की कृपा

**आषाढ़ माह भगवान विष्णु को समर्पित है। यही वह माह है, जब भगवान विष्णु चार माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं। इस दौरान कोई मांगलिक कार्य नहीं होते, लेकिन दान-पुण्य करना शुभ माना गया है।**

हिंदू धर्म में प्रत्येक माह का विशेष महत्व है। इसी कड़ी में आषाढ़ माह भी धार्मिक दृष्टिकोण से शुभ फलदायी माना गया है। यह माह भगवान विष्णु को समर्पित है। मान्यता है कि आषाढ़ माह में भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने से उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है, साथ ही आर्थिक समस्याओं से छुटकारा भी मिलता है। इसके साथ ही इस माह में दान का भी विशेष महत्व है, जिससे परिवार में सुख-समृद्धि आती है। आपको यहां बताते हैं, आषाढ़ माह में किन वस्तुओं का दान करना चाहिए।
आषाढ़ माह में वस्त्र का दान करना शुभ माना गया है। मान्यता है कि वस्त्रों के दान से पुण्य फल में वृद्धि होती है और दरिद्रता का नाश होता है। हालांकि वस्त्र दान करते समय इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि ये कहीं से कटे-फटे न हों। आषाढ़ मास में अन्न का दान करने से यश की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि अन्न दान से व्यक्ति के घर में अन्न का भंडार भरा रहता है और पैसों की भी कमी नहीं होती। साथ ही भगवान विष्णु का आशीर्वाद भी मिलता है।

## काले तिल

आषाढ़ माह में काले तिल के दान से पितरों का आशीर्वाद मिलता है। साथ ही सभी मनोकामना भी पूर्ण होती है।

# समस्त पापों का नाश करती है योगिनी एकादशी

आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को योगिनी एकादशी कहा जाता है. इस दिन भगवान विष्णु की पूजा-आराधना की जाती है. माना जाता है कि इस एकादशी का व्रत करने से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं. इस बार योगिनी एकादशी का व्रत 2 जुलाई, मंगलवार के दिन रखा जाएगा. इस व्रत को करने से किसी के दिये हुए श्राप का निवारण भी हो जाता है. योगिनी एकादशी का व्रत करने से सुंदर रुप, गुण और यश का वरदान मिलता है. जानते हैं कि यह एकादशी क्यों मनाई जाती है.

## योगिनी एकादशी का पौराणिक महत्व

योगिनी एकादशी का व्रत तीनों लोकों में प्रसिद्ध है. माना जाता है कि इस व्रत को करने से जीवन में समृद्धि और आनन्द की प्राप्ति होती है. इस एकादशी का व्रत करने से 88 हजार ब्राह्मणों को भोजन कराने के बराबर पुण्य मिलता है. इस एकादशी का व्रत करने से सभी मनोकामनाओं की पूर्ति होती है. योगिनी एकादशी को सभी एकादशियों में सबसे महत्वपूर्ण एकादशियों में से एक माना जाता है. इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है. इस व्रत को रखने से पापों का नाश होता है और ग्रहों के दोष दूर होते हैं. इस व्रत को करने से वैवाहिक जीवन में सुख-समृद्धि आती है और संतान प्राप्ति के योग बनते हैं.
योगिनी एकादशी के दिन सुबह ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान करना चाहिए. इसके बाद स्वच्छ वस्त्र धारण करें. घर में भगवान विष्णु की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें और पूरे विधि-विधानपूर्वक से उनकी पूजा करें. भगवान विष्णु को फूल,फल और मीठा भोग अर्पित करें. इस दिन निर्जला व्रत रखकर भगवान विष्णु का ध्यान करना चाहिए. दूसरे दिन सुबह ब्राह्मणों को भोजन करवाकर और दक्षिणा देकर व्रत तोड़ना चाहिए.





# ....तो शनि कभी नहीं करेंगे आपको परेशान

**शनिदेव न्याय के देवता हैं। अगर आपमें यह आदतें हैं तो मान कर चलिए कि शनिदेव आपको कभी परेशान नहीं करेंगे उल्टे आप पर उनकी कृपा दृष्टि सदैव रहने वाली है। हर संकट में वे आपके साथी बनकर राह दिखाएंगे।**

## नाखून काटते रहें

जो लोग रोज अपने नाखून काटते हैं और उन्हें साफ भी रखते हैं, शनि ऐसा करने वालों का हमेशा खयाल रखते हैं। इसलिए अचानक अगर आप अपने नाखून काटने में आलस करने लगें या आपके नाखून गंदे रहने लगे तो समझें कि आपको शनि दशा सुधारने के लिए उपाय करने चाहिए। नाखून काटने की आदत को कभी ना बदलें।

## दान करते रहें

अगर आपका दिल गरीबों, जरूरतमंदों को देखकर पसीज जाता है और हर तीज-त्योहार पर गरीब जरूरतमंद की आप मदद करते हैं तो समझें शनिदेव की आप पर विशेष कृपा है। अगर आप गरीबों को काले चने, काले तिल, उड़द दाल और कपड़े सच्चे मन से दान करते हैं, तो आश्वस्त रहिए कि शनिदेव आपका हमेशा कल्याण ही करेंगे।

## छाते की भेंट देगी शनिदेव की छत्र-छाया

धूप व बारिश से बचने के लिए छाते दान करने वालों पर शनिदेव की छत्र-छाया हमेशा बनी रहती है। अगर अब तक यह आदत नहीं थी तो इसे तुरंत अपनी अच्छी आदतों में शामिल कर लीजिए। आखिर शनिदेव की छत्र-छाया किसे नहीं चाहिए?

## कुत्तों की सेवा

कुत्तों की सेवा करने वालों से भगवान शनि हमेशा प्रसन्न होते हैं। कुत्तों को खाना देने वालों और उनको कभी ना सताने वालों के शनिदेव सभी कष्ट दूर करते हैं। इसलिए अगर आप भी कुत्तों को प्यार करते हैं तो जीवन में शनि कोप से सदा बचे रहेंगे।

## नेत्रहीन को राह दिखाएं

किसी भी नेत्रहीन व्यक्ति को राह दिखाना, उनकी मदद करना शनि को खुश करने में सहायक सिद्ध होता है। जो लोग भी नेत्रहीन लोगों की अनदेखी नहीं करते, उनकी निःस्वार्थ मदद करते हैं, शनिदेव उनसे हमेशा प्रसन्न रहते हैं और उनकी सफलता-उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

## शनिवार का उपवास

शनिवार का उपवास रखकर अपने हिस्से का भोजन गरीबों को देने की आदत है तो समझें शनि की कृपा से अन्न के भंडार आपके लिए हमेशा खुले रहेंगे। ऐसे व्यक्ति अगर जीवन भर इस नियम का पालन करते हैं तो उन्हें कभी धन-संपदा की कमी नहीं होती।

## मछलियों को आहार

जो मछली खाते नहीं है बल्कि मछलियों को खाना खिलाते हैं उनसे शनि हमेशा प्रसन्न रहते हैं। इसलिए अगर आपको भी मछलियों को दाना खिलाने की आदत है तो खुशकिस्मत हैं आप, अपनी इस आदत को छूटने ना दें।

## हर दिन स्नान, साफ स्वच्छ रहने की आदत

प्रतिदिन स्नान कर खुद को साफ रखने वालों पर शनि की कृपा होती है। पवित्र रहने वालों की शनि हमेशा मदद करते हैं।

## सफाई-कर्मियों की मदद

जो सफाई-कर्मियों का सम्मान करते हैं और उनकी आर्थिक मदद भी करते हैं, शनिदेव उनका साथ कभी नहीं छोड़ते। यह आदत कभी न बदलें, भाग्यशाली बनने की राह यही आदत खोलेगी। शनिदेव इस आदत से अत्यंत प्रसन्न रहते हैं।

## साथी हाथ बढ़ाना

जो लोग जरूरतमंद, परेशान और मेहनतकश लोगों की यथासंभव मदद करते हैं, वे शनिदेव को बेहद पसंद होते हैं। शविदेव उनके सारे कष्ट हर लेते हैं। इसलिए मदद करने की अपनी आदत को सदा बने रहने दें।

## पौधारोपण और पीपल बरगद का पूजन

पौधारोपण व पेड़ों का पूजन शनि भगवान को खुश करने के लिए बहुत जरूरी है। जो लोग पीपल और बरगद की पूजा करते हैं उनपर शनि अपनी कृपा अक्षुण्ण बनाए रखते हैं।

## ईमानदारी से आजीविका

ऐसे लोग जो बिना किसी को नुकसान पहुंचाए, सही और धर्म की राह पर चलकर धन अर्जित करते हैं उन्हें शनि अपार लक्ष्मी का वर देते हैं। जो लोग ब्याजखोरी करते हैं, उनसे शनि रुष्ट हो जाते हैं। ब्याजखोरी से बचने वालों की शनि हमेशा सहायता करते हैं।

## सम्मान करने की आदत

वृद्ध माता-पिता तथा स्त्रियों को मां समान मानकर उनका सम्मान करने वालों की शनिदेव हमेशा सहायता करते हैं।

## दिव्यांगों की मदद

दिव्यांगों की सहायता करना शनिदेव को प्रसन्न करता है। ऐसे लोगों का शनि सदैव कल्याण करते हैं। शनि स्वयं एक पैर से शनैः शनैः चलते हैं अतः यथासंभव दिव्यांगों की मदद की आदत डालें।

## शराब से दूरी

शराब का सेवन शनिदेव को नाराज करता है। जो लोग मदिरापान से दूर रहते हैं शनिदेव की कृपा उनपर बनी रहती है।

## शाकाहार की आदत

जो लोग शाकाहार का सेवन करते हैं और मांस, मछली, मीट से दूर रहते हैं उनसे शनिदेव प्रसन्न होकर उनके परिवार समेत उनका भला करते हैं।

## कुष्ठ रोगियों की मदद

कुष्ठ रोगियों की सेवा करना पुण्य का काम माना गया है। शनि भी ऐसे लोगों से प्रसन्न होते हैं जो कुष्ठ रोगियों की सेवा करते हैं। ऐसे लोगों को सारे कष्टों, परेशानियों से शनिदेव बचाते हैं।